सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:21

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20.5 न्यू | 30.6 अधि |
| धर्मशाला | 25.8 न्यू | 31.5 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76992.77 |
| निफ्टी | 23465.60 |
| सोना | 70,510 |
| चांदी | 95,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




लेखिका बनीं अभिनेत्री आलिया भट्ट

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 18 जून, 2024 | 5 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 181, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पुष्पेंद्र के बाद नालागढ़ से बाबा हरदीप को कांग्रेस टिकट -पेज 3
- लापता हुए युवक को 24 घंटे में किया परिजनों के हवाले -पेज 5
- जमटा में पकड़ी लकड़ी से भरी पिकअप -पेज 12
- अदिति क्लासिक गोल्फ में संयुक्त 17वें स्थान पर रही -पेज 13
- दिल्ली को पछाड़कर सबसे महंगा शहर बना मुंबई -पेज 14


**टी-20 विश्व कप** आज का मैच

वेस्टइंडीज vs अफगानिस्तान

स्थान: सेंट लूसिया, समय : सुबह 6:00 बजे

## न्यूज शॉर्ट्स


### रियासी आतंकी हमले की एनआईए करेगी जांच

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में रियासी में यात्री बस पर हुए आतंकी हमले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि यह फैसला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से लगातार दो बैठकों में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति और वार्षिक अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के बाद लिया गया।

### पंजाब के रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** पंजाब के कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरी चिट्ठी मिलने के बाद पंजाब के रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ाई गई है। जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले में मारे गए आतंकियों की मौत का बदला लेने के लिए आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के नाम से चिट्ठी भेजी है। चिट्ठी में पंजाब के कई रेलवे स्टेशनों का जिक्र किया गया, जिन्हें बम से उड़ाने की धमकी दी है। पंजाब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं और तमाम रेलवे स्टेशनों पर जांच की जा रही है।

### सीआईडी के समक्ष पेश हुए पूर्व सीएम येदियुरप्पा



**नई दिल्ली।** नाबालिग लड़की से यौन शोषण मामले में पूछताछ के लिए कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा सोमवार को सीआईडी के समक्ष पेश हो हुए। सीआईडी के अफसर ने उनसे पूछताछ की। येदियुरप्पा के खिलाफ 13 जून को गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट बेंगलुरु की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने जारी किया था। हालांकि, कर्नाटक हाईकोर्ट ने 14 जून को गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि येदियुरप्पा को सीआईडी के सामने पेश होना होगा।

### कुल्लू में कर्नाटक के पर्यटक की मौत

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** रीवर राफ्टिंग करने के बाद हार्ट अटैक से कर्नाटक के पर्यटक की मौत हो गई। कर्नाटक के बल्लारी जिले के लीलाकुंज अमृतेश्वर मंदिर सिरुगुपा निवासी प्रदीप कुमार चौहान (62) पुत्र दली चंद यहां अन्य पर्यटकों के साथ घूमने आया था। रविवार देर शाम को रीवर राफ्टिंग करने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई। पर्यटक को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर ने पर्यटक को मृत घोषित कर दिया। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रपति 27 को संसद सत्र को करेंगी संबोधित

**नई दिल्ली।** 24 जून से 18वीं लोकसभा का विशेष सत्र शुरू होगा। संसद का यह सत्र 3 जुलाई तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को संसद को दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) को संबोधित करेंगी।

### स्पेनिश कपल पर हमले के आरोपी बख्शे नहीं जाएंगे : सुक्खू

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** डलहौजी घूमने आए अमृतसर के एनआरआई के स्पेनिश कपल पर पार्किंग को लेकर हुए हमले के मामले में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने सुक्खू से फोन पर बात कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद सुक्खू का यह बयान सामने आया है। स्पेनिश महिला ने आरोप लगाया था कि उन्हें बुरी तरह पीटा गया था। (अनंत ज्ञान)

# ट्रेन को मालगाड़ी ने मारी टक्कर, 15 की मौत

## पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में हुआ हादसा, सियालदाह जा रही थी कंजनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन

**एजेंसी, कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में सियालदाह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस सोमवार सुबह करीब नौ बजे दार्जिलिंग में न्यू जलपाईगुड़ी के पास हादसे का शिकार हो गई। उसे एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। यह हादसा इतना भयानक था कि मालगाड़ी की टक्कर से कंजनजंगा ट्रेन की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं, जबकि कई बोगियां हवा में लहरा गईं।

इस हादसे में 15 लोगों की मौत गई, जबकि 60 घायल हुए हैं। दावा किया जा रहा है कि रानीपात्रा रेलवे स्टेशन और पश्चिम बंगाल के छत्तर हाट जंक्शन के बीच सुबह साढ़े पांच बजे से ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम खराब पड़ा था। ट्रेन नंबर 13174 (सियालदाह कंचनजंगा एक्सप्रेस) रंगापानी स्टेशन से सुबह आठ बजकर 27 मिनट पर रवाना हुई थी और सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम खराब होने के चलते रानीपतरा रेलवे स्टेशन व छत्तर हाट के बीच रुकी रही। वहीं, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हादसे की रेलवे सुरक्षा आयोग जांच करेगा।



**दावा** पहले से ही खराब था सिग्नल

**60 घायल**

**तीन बोगियां पटरी से उतरी कई हवा में लहराईं**

**रेल मंत्री बोले- रेलवे सुरक्षा आयोग करेगा जांच**

### 10 साल में सात बड़े हादसे

- **20 नवंबर, 2016** — इंदौर-पटना एक्सप्रेस — 150 लोगों की मौत, 150 से ज्यादा लोग घायल
- **23 अगस्त, 2017** — कैफियत एक्सप्रेस — 70 लोग घायल
- **18 अगस्त, 2017** — पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस — 23 लोगों की मौत, 60 घायल
- **13 जनवरी, 2022** — बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस — 23 लोगों की मौत, 60 घायल
- **2 जून 2023** — बालासोर रेल हादसा — 296 लोगों की मौत, 900 से ज्यादा घायल
- **26 मई, 2024** — गोरखधाम एक्सप्रेस — 25 लोगों की मौत, 50 से ज्यादा घायल
- **17 जून, 2024** — कंचनजंगा एक्सप्रेस — 15 लोगों की मौत, 60 घायल

### हेल्पलाइन नंबर जारी

दुर्घटना के बाद रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ये नंबर हैं- 033-23508794 और 033-23833326 (सियालदह) और 03612731621, 03612731622 और 03612731623 गुवाहाटी।

### 19 ट्रेनें रद्द, कई को डायवर्ट किया

**कंचनजंगा** रेल हादसे के बाद ट्रैक को चालू नहीं किया जा सका है। इस रूट की 19 ट्रेनों को रद्द किया है, जबकि कई ट्रेनें डायवर्ट की गई हैं। घटनास्थल पर मौजूद रेस्क्यू अधिकारी प्रभाकर लम्बा ने बताया कि आज इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही शुरू होने की संभावना नहीं है।

### बाइक से दुर्घटना स्थल पर पहुंचे रेल मंत्री

**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास रंगापानी में ट्रेन दुर्घटना स्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। सड़क बड़े वाहनों के चलने के लिहाज से संकरी होने के कारण रेल मंत्री को दुर्घटना स्थल तक पहुंचने के लिए कुछ दूरी मोटरसाइकिल के पीछे बैठकर तय करनी पड़ी। वहीं, घायलों से भी मुलाकात की।

### मृतकों के परिजनों को दस-दस और घायलों को अढ़ाई-अढ़ाई लाख देने का ऐलान

**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटना में जान गंवाने वाले लोगों को 10-10 लाख रुपए, गंभीर घायलों को अढ़ाई-अढ़ाई लाख और मामूली घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। इसके अलावा हादसे में मारे गए लोगों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए मदद का ऐलान किया गया है।

### लोको पायलट ने की सिग्नल की अनदेखी

**रेलवे** बोर्ड की अध्यक्ष और सीईओ जया वर्मा सिन्हा ने बताया कि बचाव अभियान पूरा हो गया है। ट्रेन चला रहे चालक (लोको पायलट) ने सिग्नल की अनदेखी की थी, जिसकी वजह से हादसा हुआ। हालांकि, हादसे में उसकी भी मौत हो गई। वहीं, कंचनजंगा एक्सप्रेस के गार्ड ने भी अपनी जान गंवा दी है। उन्होंने कहा कि अगरतला-सियालदह मार्ग के सभी रेलवे स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं।

### राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल हादसे पर दुख जताया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए रेल हादसे में लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है।

### राहुल ने भी जताया शोक

**राहुल** गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि पश्चिम बंगाल में कंचनजंगा एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। मैं सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

### घायलों से मिलीं ममता बनर्जी

**मुख्यमंत्री** ममता बनर्जी ने रेल हादसे में घायलों से मुलाकात की है। उन्होंने सभी घायलों से बात की है। सभी का पता पूछा। वह उनके परिवार से भी बात कर रही हैं। एक केस को छोड़कर बाकी सभी घायलों की स्थिति स्टेबल है।

# कंडाघाट में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस : सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- दो साल में पूरी होगी परियोजना, टिक्करी गांव में 45 बीघा सरकारी भूमि चिन्हित

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार सोलन जिले के कंडाघाट में दिव्यांगजनों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) स्थापित करने जा रही है।

विशिष्ट सुविधाओं से सुसज्जित इस केंद्र में 27 वर्ष की आयु तक के विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए आवासीय सुविधाएं, खेल मैदान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सहित व्यापक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। राज्य सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए परियोजना को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है। सोमवार को जारी बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस परियोजना को दो वर्ष के भीतर पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।



कंडाघाट क्षेत्र के टिक्करी गांव में 45 बीघा सरकारी भूमि को चिह्नित कर इस परियोजना को स्थापित करने के लिए भूमि का स्वामित्व सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग को दे दिया गया है। लोक निर्माण विभाग को मैपिंग करने तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस केंद्र के माध्यम से 300 दिव्यांग विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। विभाग ने इस परियोजना को तैयार करने के लिए प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए विभाग ने विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों का अध्ययन किया है और दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रमों की पहचान की है। (अनंत ज्ञान)

### श्रवण बाधित विशेषज्ञों की समिति गठित

**सुक्खू** ने कहा कि इस केंद्र की रूपरेखा तैयार करने के लिए दृष्टि एवं श्रवण बाधित विशेषज्ञों और समग्र क्षेत्रीय केंद्र सुंदरनगर के प्रतिनिधियों की समिति गठित की गई है। परियोजना को और बेहतर बनाने के लिए चेन्नई में दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण संस्थान का दौरा करने की योजना बनाई गई है। इस दौरे का उद्देश्य संस्थान के उत्कृष्ट मॉडल का अध्ययन करना है, जिससे कंडाघाट केंद्र में सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं को शामिल किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में प्रदेश सरकार ने समाज के वंचित वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए अनेक नवोन्मेषी कदम उठाए हैं। सरकार के नवीन प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश के दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं।

# राहुल ने वायनाड सीट छोड़ी प्रियंका गांधी होंगी उम्मीदवार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के शीर्ष नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर सोमवार को बैठक की। बैठक में राहुल गांधी की संसदीय सीट को लेकर फैसला किया।

खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी वायनाड सीट छोड़ेंगे और रायबरेली अपने पास रखेंगे। इसके बाद प्रियंका गांधी वाड्रा वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार होंगी। इस मीटिंग में सोनिया गांधी के साथ राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और केसी वेणुगोपाल भी शामिल हुए।





बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि मैं इस फैसले से बहुत खुश हूं। वायनाड का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात होगी। रायबरेली से मेरा पुराना रिश्ता है और मैंने रायबरेली और अमेठी के लिए काफी काम किया है।

# बांदीपोरा में मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

## तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका, सर्च ऑपरेशन जारी

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू-कश्मीर** के बांदीपोरा में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया। यहां 2 से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। उनकी तलाश की जा रही है।

अरागाम के जंगलों में रविवार को फायरिंग की आवाज सुनाई दी। इसके बाद सेना और पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। सोमवार सुबह सर्च अभियान तेज किया।



इस दौरान आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस मुठभेड़ में जवानों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया।

### कुपवाड़ा में हथियारों के साथ आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार भी बरामद हुए हैं। सुरक्षाबलों ने बताया कि आतंकवादी की पहचान कश्मीर के हंदवाड़ा तहसील के कचरी गांव के जाकिर हमीद मीर के रूप में की है। गिरफ्तार आतंकी सीमा पार अपने पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में था।

### सऊदी अरब में हीट स्ट्रोक से 14 हज यात्रियों की मौत

**काहिरा।** सऊदी अरब में चिलमिलाती गर्मी हज यात्रियों के लिए चुनौती साबित हो रही है। यहां पारा 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक पहुंच गया है। हज यात्रा के दौरान 14 जॉर्डनियों की मौत हुई है, जबकि 17 अन्य लापता हैं। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी 17 तीर्थयात्रियों की मौत की पुष्टि की है। वहीं, विदेश मामलों और प्रवासियों के मंत्रालय ने पहले माउंट अराफात पर हीट स्ट्रोक के कारण छह जॉर्डन नागरिकों की मौत की पुष्टि की थी।

# झारखंड में चार नक्सली मार गिराए, दो हत्थे चढ़े

**एजेंसी, पश्चिमी सिंहभूम**

**झारखंड** के पश्चिमी सिंहभूम जिले के कोल्हान जंगल में सुरक्षाबलों ने सोमवार सुबह मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया। इनमें एक महिला नक्सली भी है।

वहीं, भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामग्री बरामद हुई है। दो नक्सलियों को जीवित पकड़ने में भी कामयाबी मिली है। इनमें एक एरिया कमांडर और एक महिला नक्सली है। मारे गए नक्सलियों में एक जोनल कमांडर, एक एरिया कमांडर और एक सब-जोनल कमांडर के अलावा एक महिला नक्सली शामिल है। अभी तलाशी अभियान जारी है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि कुछ नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल भी रहे। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों में 10 लाख रुपए का इनामी जोनल कमांडर भी है।



**भारी मात्रा में मिले हथियार, इलाके में तलाशी अभियान जारी**

**राहत** प्रदेश के 10 इलाकों में पारा 40 डिग्री के पार, आज फिर दिखेगा हीटवेव का असर

# बारिश की फुहारों ने शांत की भीषण गर्मी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**पश्चिम** विक्षोभ के एक बार फिर सक्रिय होने से हिमाचल के लोगों को अब गर्मी से राहत मिलना शुरू हो गई है। सोमवार को मंडी और कांगड़ा जिले समेत प्रदेश के कई इलाकों में हुई बारिश ने भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाई है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, मौसम में संभावित परिवर्तन के बावजूद 17 और 18 जून को भी प्रदेश के कई क्षेत्रों में हीटवेव का असर देखने को मिलेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास रह सकता है। हालांकि, 19 से 21 जून के बीच प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश का पूर्वानुमान भी है। 22 जून को ड्राई मौसम का अनुमान है, जबकि इसके बाद फिर मानसून शुरू हो जाएगा। पिछले 24 घंटे में सिरमौर और मंडी में गंभीर हीटवेव देखने को मिली है, जबकि ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, शिमला, सोलन, कांगड़ा और कुल्लू में भी गर्मी का असर देखा गया है। इन दिनों राजधानी शिमला व मनाली में भारी संख्या में पर्यटक घूमने आए है, लेकिन वह गर्मी से बेहाल हैं। (अनंत ज्ञान)



मंडी शहर में बारिश का नजारा।

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| ऊना | 44.0° |
| धौलाकुआं | 43.3° |
| बिलासपुर | 42.9° |
| हमीरपुर | 41.9° |
| चंबा | 41.4° |
| सुंदरनगर | 41.2° |
| कांगड़ा | 41.1° |
| बरठीं | 41.0° |
| मंडी | 40.4° |
| नाहन | 40.0° |
| सोलन | 37.2° |
| धर्मशाला | 31.5° |

# दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज पर ट्रेन का सफल ट्रायल

**एजेंसी, श्रीनगर**

**जम्मू** के रामबन में संगलदान और रियासी के बीच ट्रेन का ट्रायल किया गया। ट्रेन चिनाब ब्रिज से होकर गुजरेगी, जो दुनिया का सबसे ऊंचा स्टील आर्च ब्रिज है। चिनाब ब्रिज पेरिस के एफिल टावर से भी ऊंचा है।

एफिल टॉवर की ऊंचाई 330 मीटर है, जबकि 1.3 किमी लंबे इस ब्रिज को चिनाब नदी पर 359 मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक संगलदान से रियासी रूट पर इलेक्ट्रिक इंजन के सफल परीक्षण के बाद इस रूट पर पहली ट्रेन 30 जून को ऑपरेट करेगी। अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर बताया कि ऊधमपुर श्रीनगर बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट के तहत सभी निर्माण कार्य लगभग पूरे हो गए हैं। टनल नंबर 1 का निर्माण थोड़ा बाकी है। यूएसबीआरएल प्रोजेक्ट के पूरा होते ही भारतीय रेलवे कश्मीर घाटी को देश के बाकी रेलवे नेटकर्व से जोड़ने की दिशा में एक और कदम पूरा होगा। दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज पर ट्रेन सर्विस जल्द शुरू होगी। ऊधमपुर-श्रीनगर, बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट इस साल के अंत तक पूरा हो जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर से सोने-चांदी के आभूषण चुराने वाला आरोपी काबू

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** ठियोग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र नागा टिक्कर मंदिर में हुई चोरी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफतार कर लिया है। आरोपी की पहचान 33 वर्षीय राजेंद्र उर्फ रिंकू निवासी रौनी भराना तहसील ठियोग के तौर पर हुई है। यह चोरी की वारदात 13 जून को पेश आई थी। नागा टिक्कर मंदिर समिति के अध्यक्ष हीरा सिंह ने ठियोग थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि जब वह मंदिर पहुंचे तो मंदिर का ताला टुटा हुआ पाया गया। मंदिर से सोने व चांदी के आभूषण कोई शातिर चुरा कर ले गया तभी राजेंद्र पर उन्हें शक हुआ। ऐसे में पुलिस ने जब जांच शुरू की तो पुलिस ने राजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि अभी चोरी किए गए आभूषण बरामद नहीं हुए है। पुलिस की मामले को लेकर जांच जारी है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस मामले में कोई और शातिर संलिप्त तो नहीं है। ऐसे में मामले को लेकर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही आभूषण भी बरामद किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### सीएम ने संजीवनी सहारा समिति के प्रयासों को सराहा

**दश्मी रावत, रोहड़ू।** सीएम सुक्खू ने संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू के प्रयासों की सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों की भरसक सराहना की है। उन्होंने जारी अपने संदेश में पिछले 11 सालों से हिमाचल प्रदेश में सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहने वाली संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू को आगामी जुलाई माह में आयोजित होने वाले 5वें प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करवाने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में रोहड़ू, छौहारा व टिक्कर क्षेत्र के 300 छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने-अपने स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है या वे छात्र सम्मानित होंगे जिन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया हो। (अनंत ज्ञान)

### जूडो में आर्यन पब्लिक स्कूल कांसाकोट्टी का दबदबा



**दश्मी रावत, रोहड़ू।** इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला में आयोजित राज्यस्तरीय जूडो प्रतियोगिता में 12 जिलों के लगभग 350 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें शिमला जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए आर्यन पब्लिक स्कूल कांसाकोट्टी (रोहड़ू) के 7 छात्र व 5 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें ओजस ठाकुर और ध्रुव नेगी ने स्वर्ण पदक, दुष्यंत पांचटा ने रजत व नीलक्षी चौहान और सोनम ठाकुर ने कांस्य पदक हासिल किया। आर्यन पब्लिक स्कूल कांसाकोट्टी के अब तक 6 खिलाड़ी राष्ट्रीय व खेलो इंडिया प्रतियोगिता और 70 के करीब खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके है। आगामी होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ओजस ठाकुर और ध्रुव नेगी का चयन हुआ है। आर्यन पब्लिक स्कूल कांसाकोटी के अध्यक्ष ललित ठाकुर, प्रधानाचार्य ज्योति रौंगटा व मुख्य प्रशासक श्रुति ठाकुर एवं शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने सभी मेडल विजेता व कोच अवंतिका मेहता को शुभकामनाएं दी हैं। (अनंत ज्ञान)

### आग की चपेट में आई पार्किंग में खड़ी कार

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** शहर के साथ बनाई गई पार्किंग के साथ खेतों में लगाई गई आग की चपेट में आने से एडवोकेट की कार एक साइड से जल गई है। यदि अग्निशमन विभाग की गाड़ी न आती तो सारी कार में आग लग जानी थी। यह मामला रविवार शाम का है जब एडवोकेट अनिल जस्वाल को पता चला कि पार्किंग के साथ किसी ने आग लगा दी है और इस आग में कार को भी नुकसान हुआ है। अनिल जस्वाल ने पहले फायर ब्रिगेड वालों को सूचित किया। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया और कार को बचा लिया। बताया जा रहा है कि आग से एक तरफ का पूरा पेंट, जल गया है और टायरों को भी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि इसकी एफआईआर हमीरपुर सदर थाना में दर्ज करवा दी है। (अनंत ज्ञान)

# जलस्रोतों का स्तर घटा, शहर में पानी के लिए मचा हाहाकार

## अब चौथे दिन मिलेगा पानी, प्रतिदिन 50 टैंकर की आ रही डिमांड

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



शहर में नल से पानी भरने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते लोग।

रोजना तप रहे पहाड़ों के चलते अब राजधानी शिमला में भी पानी के लिए हाहाकार मच गई है। सबसे बड़ी बात यह है कि शिमला में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के चलते जलस्त्रोतों का स्तर घट गया है। परिणामस्वरुप पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। शिमला में इन दिनों जलसंकट गहराता जा रहा है। पहले जहां तीसरे दिन लोगों को पानी की सप्लाई हो रही थी।

वहीं अब जलस्तर घटने से चौथे दिन शहरवासियों को पानी नसीब होगा। इससे लोग भी काफी परेशान हो गए हैं। पानी की किल्लत के चलते शहर के लोगों को परेशानियों से दो चार होना पड़ रहा है। इसके अलावा शहर के उपनगरों में लोग पांच दिनों से पानी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि जल प्रबंधन निगम का दावा है कि शहर में 2 दिन बाद पानी की सप्लाई आएगी। इसके लिए शिमला जल प्रबंधन निगम ने शेड्यूल भी जारी कर दिया है। राजधानी में प्रतिदिन 50 टैंकर की डिमांड आ रही है, जिसे नगर निगम पूरा करने का प्रयास कर रहा है।

महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी बढ़ने के कारण जल परियोजनाओं में पानी काफी ज्यादा कम हो गया है। शिमला में पानी की समस्या चल रही है। लोगों को तीसरे चौथे दिन पानी दिया जा रहा है।

पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भयंकर गर्मी के कारण जल परियोजनाओं में पानी का स्तर कम हो गया है। उन्होंने कहा कि अगले साल तक सतलुज से शिमला में पानी आ जाएगा तो 23 किलोमीटर की पाइप लाइन बिछनी है, जिसमें से लगभग 19 किलोमीटर की लगभग लाइन बिछ गई है। बाकी कार्य पूरा होते ही पानी की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी।

इसके आलावा शिमला के शौचालय में भी पीने का ही पानी उपयोग में लाया जाता है। इस पर भी निगम अलग से पाइप बिछाने की योजना बना रहा है, जिसमे अलग जलस्त्रोतों से पानी की सप्लाई की जाएगी। शिमला में जल भंडारण भी बढा दिया है आने वाले दिनों में अब स्टोरेज भी नगर निगम के पास बढ़ जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# समर फेस्टिवल में महालक्ष्मी अय्यर के गानों पर थिरके दर्शक

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

पर्यटक सहित स्थानीय लोग अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव का लुत्फ उठा रहे हैं। बॉलीवुड पार्श्व गायिक महालक्ष्मी अय्यर ने कभी शाम ढले तो मेरे दिल में आ जाना गाने पर समां बांधा। इस दौरान दर्शक भी जमकर थिरके।

वहीं पहाड़ी व पंजाबी कलाकारों ने भी रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसमें पर्यटकों व स्थानीय लोगों ने भरपुर आनंद उठाया। इसके अलावा फैशन शो का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना। इस संध्या पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की सभी को बधाई दी। इस अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव में रिज मैदान पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पाद भी लोगों को खूब पसंद आए है। रिज मैदान पर लगी प्रदर्शनियों में स्थानीय लोगों व सैलानियों की भीड़ लगी रही।

रिज व मालरोड पर बेहरूपियों द्वारा भी लोगों का खूब मनोरंजन किया जा रहा है। इसके अलावा रिज पर वेवी शो का आयोजन भी किया गया। आज अंतरराष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव का अंतिम दिन है, जिसमें प्रसिद्ध पंजाबी गायक दलेर मेंहदी धमाल मचाएंगे। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार।

# सब्जियों के दामों ने छुए आसमान मटर 80 तो फ्रासबीन 160 रुपए किलो

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



**सब्जियों पर पड़ी गर्मी की मार, जल स्त्रोत सूखने पर किसनों की मेहनत पर फिरा पानी**

इन दिनों भीषण गर्मी के चलते सब्जियों के दामों में भी भारी उछाल आ गया है। ऐसे में सब्जियों के दामों ने आसमान छू लिया है। कारण यह है कि खेतों में ही फसलें सूख जाने के कारण मंडी में सब्जियां कम मात्रा में पहुंच रही। अब लोगों की थालियों से सब्जियां गायब हो रही हैं। वहीं गृहिणियों के रसोई का बजट भी गड़बड़ाने लगा है। बता दें कि मटर के दाम ही 80 रुपए प्रतिकिलो पहुंच गए हैं, जबकि फ्रासबीन 160 रुपए प्रतिकिलो पहुंच गई है।

तड़के के लिए महत्वपूर्ण प्याज के दामों में भी उछाल आ गया है और इनके दाम 50 रुपए प्रतिकिलो पहुंच गए हैं। बताया जाता है कि सब्जियों की फसल सूखे के कारण खेतों में ही खराब हो गई है। मैदानी इलाकों से खेत साफ होने लगते थे और सब्जियां मंडी पहुंचती थी, जबकि हिमाचल की फसल भी आना आरंभ हो जाती थी, लेकिन इस बार गर्मी ने सारे रिकार्ड तोड़ डाले हैं और लू की मार झेल रहे लोगों के साथ किसानों की मेहनत पर भी पानी फिर गया है।

अपको बता दें कि जिन जगहों पर सिंचाई की व्यवस्था है, वहीं की सब्जियां मार्कीट में पहुंच रही है। सब्जी मंडी शिमला में चल रहे सब्जियों के दामों में शिमला मिर्च 80 रुपए, फूलगोभी 60 रुपए, घीया 60 रुपए, करेला 40 रुपए, कटहल 80 रुपए, मूली 50 रुपए, अरबी 80 रुपए, बंदगोभी 40 रुपए, तोरी 50 रुपए, गाजर 50 रुपए, बैंगनी 50 रुपए, बैंगन 40 रुपए, भिंडी 40 रुपए प्रतिकिलो की दर से बिक रही है। आलू भी अब 35 से 40 रुपए प्रतिकिलो पहुंच गया है, जबकि लाल सोना कहे जाने वाले टमाटर के दाम भी सूर्ख होकर 40 रुपए प्रतिकिलो पहुंच गए हैं।

अदरक 280 रुपए और लहसुन 240 रुपए प्रतिकिलो की दर से बिक रहा है। वहीं उपनगरों में 10 रूपए ज्यादा ही सभी सब्जियों में दाम मिल रहे है। बताया जा रहा है कि बरसात के बाद ही अब सब्जियों के दाम कम होंगे। (अनंत ज्ञान)

# मुख्य न्यायाधीश ने निहारा सोम कृष्ण का प्राकृतिक फार्म हाउस



मुख्य न्यायाधीश संजय करोल सोम कृष्ण के खेतों को निहारते हुए ।

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल ने पांगणा के प्रगतिशील और प्राकृतिक खेती में परांगत किसान सोम कृष्ण गौतम के प्राकृतिक विधि से तैयार खेतों का दौरा किया। उन्होंने खेतों के रखरखाव और खेतों की मिट्टी के स्वास्थ्य की खूब सराहना की।

इस दौरान उनके साथ आए कृषि वैज्ञानिकों ने सोम कृष्ण के खेतों की मिट्टी के स्वास्थ्य, फलों और पतों की गुणवत्ता का परीक्षण भी किया। इस परीक्षण में मिटी का स्वास्थ्य लगभग 98 फीसदी प्राकृतिक आंका गया।

बता दें की यह पहला अवसर है जब किसी किसान के खेतों की मिट्टी का स्वास्थ्य, फलों और पतों की गुणवत्ता उत्तम रही हो। क्षेत्र के प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों के लिए यह गर्व का विषय है। सोम कृष्ण की इस उपलब्धि से प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों और क्षेत्र के अन्य किसानों का हौसला बुलंद हुआ है। बता दें की मुख्य न्यायाधीश बीते कुछ दिनों से करसोग क्षेत्र के दौरे पर हैं।

# खेल जीवन का अभिन्न अंग : अरुण

**जुब्बल।** जुब्बल के सनबीम इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय स्तरीय वार्षिक खेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के प्राचार्य अरुण ठाकुर मौजूद रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है जिससे मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। छात्र व छात्राओं ने मार्च पास्ट, ट्रैक इवेंट्स, योगा डिमॉन्सट्रेशन, मार्शल आर्ट्स डिमॉन्सट्रेशन, एरोबिक डांस ड्रिल, वॉलीबॉल, क्रिकेट आदि खेल आयोजनों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र रस्सा कस्सी प्रतियोगिता रही।

इस दौरान विजेताओं को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के खेल शिक्षक कुलदीप सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# लोग पेयजल के लिए कर रहे त्राहि-त्राहि विभाग व मंत्री बने मूकदर्शक : देश राज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला में बढ़ी गर्मी के कारण लोगों में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है तथा सरकार व जिला से एक मात्र मंत्री मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे हैं। सरकार की उदासीनता से लोगों में भारी रोष व्याप्त हो गया है।

किसान मोर्चा घुमारवीं के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने कहा है कि जिला में 127 पेयजल योजनाएं बुरी तरह प्रभावित हो गई है, जिससे न केवल शहरी क्षेत्र बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को दूसरे व तीसरे दिन पानी की आपूर्ति हो रही है। पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी जिला में अभी तक सरकार व जिला प्रशासन ने पेयजल आपूर्ति करने के लिए टैंकर तक लगाने की जहमत नहीं उठाई है। उन्होंने कहा है कि घुमारवीं विस क्षेत्र में पानी के लिए लोगों में हा-हाकार मची हुई है।

उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि घुमारवीं के विधायक एवं मंत्री ने लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कोई उचित कदम उठाना गंवारा नहीं समझा और न ही जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से जिला में पेयजल की व्यवस्था को लेकर कोई मंत्रणा तक ही की है। जिससे स्पष्ट होता है कि मंत्री को लोगों की कितनी परवाह है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को पानी की व्यवस्था करने के लिए भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। लोगों का सारा दिन पानी की व्यवस्था करने में ही नकल जाता है जिससे उनकी पूरी दिनचर्या प्रभावित होकर रह गई है।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल शक्ति विभाग व मंत्री ने पानी की व्यवस्था करने के लिए शीघ्र उचित कदम नहीं उठाए तो किसान मोर्चा मंत्री का घेराव करने पर विवश होगा। जिसकी सारी जिम्मेवारी संबंधित विभाग व मंत्री की होगी। (अनंत ज्ञान)

# 16वें वित्त आयोग की बैठक में भाग लेंगे नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष

**शशि सोनल, नादौन**



नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य शम्मी सोनी शिमला में 24 जून और 25 जून को होने वाली 16वें वित्त आयोग की बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों व नगर पंचायतों के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। हिमाचल सरकार ने इस बारे अधिसूचना जारी कर दी है।

इस बारे जानकारी देते हुए नगर पंचायत नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि आगामी 24 और 25 जून को शिमला के पीटर हाफ में इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक के लिए दिल्ली से वित्त आयोग के अधिकारियों की टीम शिमला आ रही है। शम्मी सोनी इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने का अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

# धूमधाम से मनाया ईद-उल-अजह का त्योहार, अमन चैन की मांगी दुआ

**शुभम राही, बिलासपुर**



बिलासपुर में नमाज अता करते मुस्लिम समुदाय के लोग

बिलासपुर में ईद-उल-अजह का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया। सोमवार को जामा मस्जिद रौड़ा बिलासपुर में सुबह साढ़े आठ बजे मौलवी मुफ्ती असरान के नेतृत्व में नमाज अता की और विश्व अमन चैन की दुआ मांगी। मौलवी मुफ्ती असरान मुजाहिरी ने बताया कि साढ़े चार हजार साल पहले सऊदी अरब के मक्का में अल्लाह ने अपने प्रिय इब्राहिम की परीक्षा लेनी चाही और उसने अपनी सबसे प्यारी चीज कुर्बान करने के हुक्म दिया। जिन्हें बखूबी निभाते हुए वह अपने बेटे इस्माइल की कुर्बानी करने को राजी हो गए थे। पवित्र मक्का में मीना नामक स्थल पर प्रथम पैगंबर इब्राहिम द्वारा की जा रही बेटे इस्माइल की कुर्बानी के समय घटित हुए चमत्कार से बेटे के स्थान पर जन्नत से उतरे दुम्बा बकरा की कुर्बानी हुई और इस्माइल सकुशल किनारे कर दिए गए थे। इब्राहिम की कुर्बानी के इस जज्बा से अल्लाह खुश हुए थे तथा ईब्राहिम भी लिए जा रहे इम्तिहान में खरा उतरे थे। उन्होंने बताया कि अल्लाह के हुकुम की तामील करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोग इस पवित्र त्योहार को उत्सव की तरह मनाते हैं। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग अपने घरों में नेक इरादों से बकरों की कुर्बानियां ईद पर करते हैं।

उन्होंने बताया कि इस्लाम के रमजान के बाद आता है और दो महीने दस दिन बाद आता है। इस दिन खुशियों को बांटते हैं, गले मिलकर भीतर की रंजिश को दूर करते हैं। कुर्बानी अल्लाह के हुकुम का तामील है, जिसे मुस्लिम समुदाय करते है। उन्होंने कहा कि किसी को दुख पहुंचाना मकसद नहीं है। यदि कोई ऐसा करता है किसी का दिल दुखाता है तो यह अमल कुर्बानी वाला नहीं है।

वहीं नमाज अता होने के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगाया और ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर जामा मस्जिद कमेटी प्रधान हारूण मोहम्मद, रफी मोहम्मद, मोहम्मद आमीन, जमील खान, मनीश खान, वीर दीन, रोशन दीन, डा. शाहिद, डा. साजिद, हमीद खान, साजिद, जफर खान आदि मौजूद रहे। वहीं घुमारवीं, बरठीं, शाह तलाई, बरमाणा, नम्होल, चकली, स्वारघाट आदि स्थानों पर ईद उल जुआ का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया। (अनंत ज्ञान)

# इतिहास की सबसे निकम्मी व असफल सिद्ध हुई सुक्खू सरकार : रणधीर शर्मा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



रणधीर शर्मा पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

हमीरपुर विस उपचुनाव के प्रभारी और पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार प्रदेश के इतिहास की सबसे निकम्मी सरकार है। अब तक के कार्यकाल में इस कांग्रेस सरकार ने न तो कोई प्रदेश हित की या जनहित की कोई योजना चलाई न कोई विकास कार्य किया। यहां तक की प्रदेश की जनता को मूलभूत सुविधाएं भी उचित और सुचारू रूप से उपलब्ध करवाने में यह सरकार असफल सिद्ध हुई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पढ़ रही भीषण गर्मी के दौरान प्रदेश के अनेकों स्थानों पर पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है लोगों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है चाहे वह बात सोलन जिला की हो शिमला जिले की हो हमीरपुर जिले की हो बिलासपुर जिला की हो प्रदेश के लगभग सभी जिलों में आज यह अव्यवस्था फैली हुई है।

रणधीर ने कहा कि मंगलवार को भाजपा के प्रत्याशी आशीष शर्मा अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल नेता प्रतिपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस नामांकन के पश्चात विधानसभा के हर घर में दस्तक देने के लिए फील्ड में उतर जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंकुश दत्त शर्मा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत सहित अनिल शामा, जग सिंह ठाकुर, अभिषेक मनु व सौरभ उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक में विधायक ने कार्यकर्ताओं के जाने अनुभव

**शुभम राही, बिलासपुर**



लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक में भाग लेते भाजपा नेता।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जमवाल ने कहा कि बिलासपुर जिला में पार्टी संगठन काफी मजबूत है। इस जिला में चार में से तीन विधायक भाजपा के हैं।

लोकसभा चुनाव में हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को बिलासपुर जिला से 43 हजार से अधिक वोटों की बढ़त मिली है। इसके लिए पार्टी पदाधिकारी और कर्मठ कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। भाजपा का अगला लक्ष्य अगले विधानसभा चुनाव में इस जिला की चारों सीटें जीतना है। कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा यह लक्ष्य अवश्य हासिल करेगी। लोकसभा चुनाव की समीक्षा के लिए सोमवार को भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासुपर के सभागार में आयोजित जिला भाजपा की बैठक में भाग लेने पहुंचे राकेश जमवाल ने चुनाव में कार्यकर्ताओं के अनुभव जाने।

बैठक में प्रस्ताव पारित करके नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में चुनाव में पार्टी के शानदार प्रदर्शन और उनके केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बनने तथा हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को लगातार 5वीं जीत हासिल करने पर बधाई दी गई। इस मौके पर नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल, सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, पूर्व सांसद सुरेश चंदेल, जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, महामंत्री प्यारेलाल चैधरी व बृजलाल ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बृजलाल ठाकुर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर तथा चारों मंडलों, मोर्चों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

**राजनीति** महिलाओं के चयन को लेकर पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने सुक्खू सरकार पर साधा निशाना

# 18 से 60 साल की प्रत्येक महिला को मिले सम्मान निधि

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधी योजना को लेकर प्रदेश की सुक्खू सरकार पर निशाना साधा है।

गर्ग ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश की 18 से 60 साल आयु की प्रत्येक महिला को प्रति माह 1500-1500 रुपए देने की गारंटी दी थी। लेकिन, अब प्रदेश की कांग्रेस सरकार यह निधी देने के लिए महिलाओं की छंटनी कर रही है। जोकि तर्क संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह निधी प्रदेश की 18 से 60 साल आयु की प्रत्येक महिला को मिलनी चाहिए। उन्होंने तंज कसा है कि चुनावों के दौरान कांग्रेस के नेता जो 'एक होइला तो 1500, दुई होइल तो तीन हजार और तीन होइला तो 4500 रुपए' की बात करते थे अब वो कहां गई। अब तो सुक्खू सरकार परिवारों से भी महिलाओं की छंटनी करके उन्हें बांट रही है।


राजेंद्र गर्ग सोमवार को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की घंडालवीं पंचायत के बाड़ी चौक में नवनिर्मित सिद्ध गोदडिया मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मंत्री ने बाबा सिद्ध गोदडिया मंदिर में शीश नवाया तथा लोक कल्याण की कामना की। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को बिलासपुर जिला में घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक मतों की बढ़त देने के लिए जनता का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस पार्टी ने झूठी गारंटियों से भोले-भाले लोगों से छल किया है। एक लाख युवाओं को रोजगार देने के नाम पर बेरोजगार युवाओं के साथ भद्दा मजाक किया है। 300 यूनिट बिजली फ्री की बात करने वाली कांग्रेस सरकार के राज में आज गर्मी के मौसम में लोग बिजली कटों से हताश व परेशान हैं। पानी के लिए लोगों में त्राहि-त्राहि मची हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधी योजना के नाम पर लोकसभा चुनावों के दौरान महिलाओं को छलने का प्रयास किया, लेकिन, उनका यह प्रयास विफल रहा तथा भाजपा ने लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की चारों सीटों पर परचम लहराया। जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार डेढ़ साल में ही अपना जनाधार पूरी तरह से खो चुकी है।

उन्होंने प्रदेश के सीएम सम्मान निधी के नाम पर भोली-भाली महिलाओं के साथ छल करना बंद करें और कांग्रेस अपनी गारंटी के मुताबिक 18 से 60 साल आयु की प्रत्येक महिला को यह सम्मान निधी प्रदान करे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार ने बिगाड़ी कानून व्यवस्था : सेजल



**सोलन।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ राजीव सेजल ने कहा की हिमाचल प्रदेश की मित्रों की सरकार में शांतिप्रिय प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगाड़ दी है। हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ने से प्रदेश जी जनता में भय का वातावरण साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला के भटोलीकला में यूनिकेम चौक के पास खेत में एक प्रवासी युवक का शव खून से सना मिला। कांग्रेस की सरकार में आए दिन बड़ी संख्या में हत्याओं के मामले सामने आ रहे हैं यह हिमाचल प्रदेश की कानून व्यवस्था पर प्रहार है। इस घटना में युवक का शव मिलने की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई, भय का वातावरण खड़ा हो गया।

### कांग्रेस सरकार केवल मित्रों की : सत्ती



**ऊना।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती ने कहा की यह कांग्रेस सरकार केवल मित्रों की, मित्रों के लिए और मित्रों द्वारा वाली सुक्खू सरकार है। इस सरकार में अगर सबसे बड़ी एडजस्टमेंट किसी की हुई है तो वह केवल सरकार और सीएम के मित्रों की ही हुई है। कांग्रेस सरकार में कुप्रबंधन चरम सीमा पर है, जनता त्रस्त है और सरकार मित्रों को एडजस्ट करने में मस्त है। हाल ही में बिजली उपमंडल नादौन के तहत धनेटा स्थित बिजली बोर्ड के कार्यालय में एक कनिष्ठ अभियंता ने शराब के नशे में धुत होकर लोगों व अपने सीनियर अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया, जिस पर कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोचने की बात तो यह है की इस सरकार में यह नौबत बार बार क्यों आती है। इस प्रकार का गैर-जिम्मेदार व्यवहार माफी के काबिल नहीं है और प्रदेश के शर्मसार करता है।

### गश्त के दौरान व्यक्ति से चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना के पुलिस कर्मचारियों ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति से 1.75 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस की टीम ने तसलीम हुसैन निवासी गांव कसीरी डाकखाना भिड़ा तहसील बड़सर को गिरफतार करके व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है। एसपी भगत सिंह ने बताया कि जिला में नशे को जड़ से मिटाने के लिए पुलिस बचनबद्ध है। नशे के कारोबारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। व्यक्ति के खिलाफ पुलिस थाना हमीरपुर में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### मजबूत होगा पर्यटन का आधारभूत ढांचा : अनुराधा



विधायक अनुराधा राणा का स्वागत करते स्थानीय लोग।

**कमलेश वर्मा, काजा।** स्पीति दौरे पर पहुंची लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि स्पीति में पर्यटन के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। ग्रामीण पर्यटक को बढ़ावा दिया जाएगा। सर्दियों में स्पीति आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। सोमवार को लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने स्पीति दौरान ताबों, कुरिथ, मने, शिचलिंग, ढंखर, शुशनम, तंगति व कुंगरी गांव का दौरा किया। उन्होंने जीत के लिए ग्रामीणों का आभार जताया और उनकी समस्याएं भी सुनी। अनुराधा राणा ने लरी गांव में रुककर लाहौल-स्पीति राजनीति के भीष्मपिता पूर्व मंत्री फुंचोग राय का जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर आभार जताया और उनसे आशीर्वाद लिया। विधायक अनुराधा का जगह-जगह ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। अनुराधा राणा ने ग्रमीणों को उनकी उम्मीद पर खरा उतरने का आश्वासन दिया। राणा ने जन संपर्क कार्यकम में ताबो व तंगति बौद्ध मठ में माथा टेककर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कुरीत, नदांग, पौह में जनमानस के पानी स्टोरेज टेंक और अन्य समस्याओं का संज्ञान लिया कुछ का मौके पर निपटारा किया। उन्होंने पौह में क्रिकेट टूर्नामेंट में शिरकत की। (अनंत ज्ञान)

### वन अधिकार अधिनियम का सख्ती से हो पालन : नेगी



कार्यक्रम के दौरान राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी।

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने जनजातीय क्षेत्रों के अधिकारियों को वन अधिकार अधिनियम को सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए है। रनेगी ने पहले ही जनजातीय क्षेत्रों में एफआरए को लागू करने के लिए शिमला में जनजतीय क्षेत्रों के उपायुक्त, एसडीएम, एफआर कमेटी व संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर चुके है। नेगी ने सभी एफआरए से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि एफआरए को लागू करने में कोई कोताही न बरते। नेगी ने कहा कि सभी एफआरए कमेटी व अधिकारियों से कहा कि एफआरए के लिए आए आवेदन को एक माह भीतर निपटारा कर जिला स्तर कमेटी में भेजा जाए ताकि समय पर पात्र लोगों को भूमि उपलब्ध किया जा सके। नेगी ने कहा कि एफआरए के तहत कई राज्यों के लोगों को इस का लाभ मिला है। नेगी ने कहा कि प्रदेश में भी इस बार वन अधिकार अधिनियम को लागू कर पात्र लोगों को भूमि उपलब्ध किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# हमीरपुर के हर गांव को सोलर एनर्जी के दायरे में लाने की तमन्ना : पुष्पेंद्र

**हमीरपुर** विधानसभा उपचुनाव के लिए अब चुनावी बिसात बिछने लगी है। कांग्रेस ने पिछले विधानसभा चुनाव में रहे पार्टी प्रत्याशी पुष्पेंद्र वर्मा को ही इस बार फिर चुनावी जंग में उतारा है। हालांकि पिछले 5 दिनों से कांग्रेस पार्टी के भीतर जिस तरह का माहौल था उसे लेकर असमंजस तो बनी हुई थी, मगर यह बात साफ दिख रही थी कि डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा का टिकट पार्टी काटेगी कैसे? पिछली बार तो मुकाबला तिकोना था, इस बार टक्कर आमने-सामने होगी इसीलिए मुख्यमंत्री के गृह जिले में हो रहे इस उपचुनाव में मुद्दे क्या होंगे? मुकाबले को कांग्रेस किस अंदाज में देखती है। उसको लेकर हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** ने डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा से कई मुद्दों पर बातचीत की। पेश हैं मुख्यांश-



अनंत ज्ञान
एक्सक्लूसिव इंटरव्यू

**सवाल। कैसा हमीरपुर जिला देखना चाहते हैं आप?**

**जवाब।** हमीरपुर जिले के हर गांव को सोलर एनर्जी के दायरे में लाने की तमन्ना है। सबसे पहले एक पंचायत को मॉडल के रूप में तत्काल लूंगा, उसके बाद जितना बदलाव होगा, उसी पर काम करूंगा। ग्रीन हिमाचल सरकार का जो लक्ष्य है, इस विजन को ध्यान में रखूंगा।

**सवाल। आशीष के साथ आप इस बार मुकाबले को किस तरह ले रहे?**

**जवाब।** जिस व्यक्ति ने 14 महीनों में पांच बार पाला बदल हो, दल-बदले हों और जिस जनता ने भारी बहुमत से 5 साल के लिए चुनकर विधानसभा के लिए भेजा हो। अब वह जनता से क्या मांगने आया है। उसके सारे क्रियाकलापों का भंडाफोड़ हो चुका है। हमीरपुर की जनता सब कुछ जान चुकी है। अब न ही धन-बल के सहारे किसी को बहकाया जा सकेगा और न ही जनता गुमराह होगी।

**सवाल। पांच बार कैसे पाला बदला आशीष शर्मा ने?**

**जवाब।** पाला ही नहीं, पहले दल भी बदले, शुरू में वे बीजेपी से टिकट चाहते थे। नहीं मिला तो कांग्रेस के टिकट के लिए पार्टी ज्वाइन कर ली। उसके बाद निर्दलीय के रूप में बाद में चुनाव लड़ने का ऐलान किया। इस बीच कांग्रेस पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल कर दिया और अंततः फिर निर्दलीय चुनाव लड़ा और अब भाजपा के पाले में जाकर उसके प्रत्याशी बन गए।

**सवाल। हमीरपुर विस क्षेत्र को लेकर आपका विजन क्या है?**

**जवाब।** हमीरपुर शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में तैयार किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं परिस्थितियों के मुताबिक हों, इस पर पूरा काम करूंगा। मोबाइल क्लीनिक जिस भी इलाके में हो, वह परमानेंट होगी। धार के नीचे यानी नाल्टी क्षेत्र की तकरीबन 10 पंचायतों के समूह में बड़ी इंडस्ट्री लगाने की सोच है, क्योंकि चीड़ की पत्तियां यहां पर हैं। कॉटन पर आधारित उद्योग लगाया जाएगा। क्लाइमेट भी सुधरेगा, हीट वेव से भी निपटारा होगा।

**सवाल। क्या हमीरपुर शहर डस्ट फ्री जोन नहीं हो सकता?**

**जवाब।** बिलकुल हो सकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस शहर में सुविधाएं जुटाने के लिए पहले ही घोषणा की हुई है। पैसा भी आवंटित किया हुआ है। उन्होंने यह फिर कहा है कि इस शहर के विकास के लिए जितना भी धन चाहिए, उसकी कमी नहीं आएगी। 'स्मार्ट सिटी' तो इसे बनाएंगे ही, यह शहर और सुंदर दिखे, यहां के लोगों को वह सारी सुविधाएं मिलें, जिनकी वे लंबे समय से उम्मीद लगाए बैठे हैं। इसी पर काम होगा।

**सवाल। इस बार का चुनाव सुक्खू बनाम बिकाऊ होगा या अन्य मुद्दे?**

**जवाब।** जिस व्यक्ति ने अपने ही जिला के मुख्यमंत्री के खिलाफ बिगुल बजाया हो। सरकार तोड़ने के षड्यंत्र में असफल प्रयास किया हो। जनता के साथ धोखा किया हो। उसे हमीरपुर का वोटर किसी भी सूरत में माफ नहीं करेगा। मुख्यमंत्री सुक्खू की मौजूदगी इस बार निश्चित रूप में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के लिए आधार बनाएगी। हमीरपुर के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने अरबों रुपए के काम शुरू किए हैं। जनता को सब कुछ दिख रहा है।

**सवाल। आप नौकरी छोड़कर राजनीति में क्यों आए, क्या डॉक्टर के पेशे में सेवाभाव की कोई कमी आ गई है?**

**जवाब।** समाज की जो सेवा राजनीति में आकर की जा सकती है, उसका अनुमान लगाना आसान नहीं है। डॉक्टरी पेशे में तो एक ही चीज रहती है। यहां तो सभी तरह के काम जनता के किए जा सकते हैं। जब तक मैं सरकारी सेवा में था, लोगों की भरपूर स्वास्थ्य सेवा की है। फिर सोचा, क्यों न राजनीति में आकर इस क्रम को आगे बढ़ाऊं और हर क्षेत्र में उन्हें सहूलियतें मुहैया करवाऊं। इसी वजह से राजनीति के क्षेत्र को अब लक्ष्य बना लिया।

**सवाल। पिछली बार के चुनाव में मिली हार को आप कैसे लेते हैं?**

**जवाब।** पिछले चुनाव में तो टिकट समय पर नहीं मिला था। पार्टी वर्कर्स में तब असमंजस थी, जिस दिन नामांकन की आखिरी तारीख थी, तब आखिरी पलों में फाइनल हुआ था। इस बार समय मिला है। पिछले 14 महीनों में मैंने हर पंचायत और गांव का दौरा किया है। लोगों की हर तकलीफ को समझा है। उसे हल करने का प्रयास भी करवाया है। बूथ स्तर पर संगठन को भी मजबूत करने की दिशा में हर संभव प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि यहां पर 25 से 35 फीसदी तक पार्टी कैडर के वोट में बढ़ोतरी हुई होगी।

**सवाल। पिछले कुछ दिनों से पार्टी प्रत्याशी को लेकर जो घटनाक्रम हुए उससे आपको चिंता नहीं हुई?**

**जवाब।** बिलकुल नहीं, पार्टी को सब मालूम था कि मैं जनता के साथ कितने करीब से जुड़ा हुआ हूं और पिछली बार मेरे साथ टिकट देने में जो देरी हुई उस स्थिति का भी ज्ञान था। इसीलिए इस बार फिर से मुझे ही हमीरपुर से चुनाव लड़ने की जिम्मेदारी मिली है। जीत कर क्षमता को साबित करूंगा।

# कांग्रेस ने हरदीप बावा पर जताया भरोसा तो भाजपा ने आजाद प्रत्याशी केएल ठाकुर पर

## लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने भाजपा की 25 हजार की लीड तोड़ी ये चिंता का विषय

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

विधानसभा क्षेत्र नालागढ़ में मात्र डेढ़ वर्ष बाद फिर होने जा रहे उपचुनावों में भाजपा व कांग्रेस ने अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। पूर्व में हुए विधानसभा चुनावों में एक-दूसरे को टक्कर देने वाले प्रत्याशी इस बार फिर से आमने-सामने होंगे। कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से अपने प्रत्याशी के तौर पर हरदीप सिंह बावा पर विश्वास जताते हुए सोमवार को प्रत्याशी के तौर पर ऐलान किया। जबकि पूर्व में हुए विधानसभा चुनावों में आजाद चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी इस बार भाजपा से प्रत्याशी बनाए गए हैं। मुकाबला दोनों प्रत्याशियों के कड़ा होने जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर के लिए जीतना आसान नहीं होगा, क्योंकि इस बार प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की लहर साफ-साफ नजर आ रही है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों के साथ हुए छह विधानसभा सीटों पर चुनावों में चार पर कांग्रेस के प्रत्याशी जीते हैं, ऐसे में हरदीप बावा के लिए जीतने की राह थोड़ी आसान हो सकती है।





नालागढ़ विधानसभा से लोकसभा चुनावों में हर बार भारी भरकम लीड भाजपा प्रत्याशी को जाती रही है। मोदी लहर के बावजूद इस बार 25 हजार तक की लीड कम होना भाजपा के लिए चिंता बन चुका है। इस लीड के कम होने से विधानसभा में कांग्रेस की ओर लोगों के झुकाव के आसार लगाए जा रहे हैं। वहीं इस लीड को कम करने का श्रेय सीधा कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा को जाता है जिन्होंने अकेले भाजपा को टक्कर दी।

### 19 को बावा तो केएल 20 को भरेंगे नामांकन

कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा 19 जून को अपना नामांकन भरेंगे। उनके नामांकन से पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का रोड़ शो हो सकता है। वहीं भाजपा से केएल ठाकुर 20 जून को अपना नामांकन भरेंग, उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर होंगे।

### दोनों प्रत्याशी अपनी-अपनी टैगलाइन के साथ मैदान में

**कांग्रेस** से प्रत्याशी हरदीप सिंह बावा क्षेत्र वासियों से बस एक मौका मांग रहे हैं, तो वहीं केएल ठाकुर इस्तीफा देने के बाद फिर मैदान में उतरने का कारण कांग्रेस पर विकास न करने का आरोप लगाकर यह कदम जरूरी था कहकर चुनाव प्रचार कर रहे है।

### बावा पर दूसरी बार जताया भरोसा

**कांग्रेस** ने नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा को दूसरी बार टिकट देकर भरोसा जताया है। वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव में हरदीप बावा को 20,163 वोट मिले थे जबकि केएल ठाकुर को आजाद चुनाव लड़ने के बावजूद भी 33,427 वोट मिले थे।

# पुष्पेंद्र के बाद नालागढ़ से बावा हरदीप सिंह को कांग्रेस टिकट

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



हिमाचल में उपचुनाव के लिए कांग्रेस हाईकमान ने दो उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। हिमाचल की हमीरपुर सीट के लिए कांग्रेस ने पुष्पेंद्र वर्मा को टिकट दिया है तो वहीं नालागढ़ के लिए हरदीप सिंह बावा को प्रत्याशी बनाया है। वहीं देहरा विधानसभा के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है।

यहां पर अभी पेंच फसा हुआ है। पेंच इसलिए फंसा है कि इस सीट से मुख्यमंत्री सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर, नरदेव कंवर, सुनील कश्यप का नाम भी टिकट दावेदारों की रेस में गिना जा रहा है। हालांकि पहले डॉ. राजेश शर्मा का टिकट तय माना जा रहा था, लेकिन अब इस सीट से टिकट की घोषणा नहीं की है। वहीं हमीरपुर और नालागढ़ में दोनों प्रत्याशी वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। गौर रहे कि हमीरपुर में डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा 2022 के आम चुनाव में निर्दलीय आशीष शर्मा से 12,899 मतों के अंतर से चुनाव हारे थे। तब आशीष शर्मा को 25,916 वोट, पुष्पेंद्र को 13,017 वोट और भाजपा के नरेंद्र ठाकुर को 12,794 वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस ने नालागढ़ से बावा हरदीप सिंह को दूसरी बार टिकट दिया है। बावा हरदीप सिंह पिछला चुनाव 13,264 मतों के अंतर से केएल ठाकुर से हारे थे।

तब निर्दलीय केएल ठाकुर को 33,427 वोट, बावा हरदीप को 20,163 और भाजपा के लखविंदर राणा को 17, 273 वोट मिले थे। इससे पहले 2017 में भी बावा हरदीप सिंह को कांग्रेस का टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ चुके है। (अनंत ज्ञान)

# सुक्खू सरकार की स्टार्टअप योजना का क्या हुआ : जयराम ठाकुर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार की स्टार्टअप योजना का क्या हुआ? इस योजना का लाभ कब से प्रदेश के युवाओं को मिलना शुरू होगा। चुनाव के समय कांग्रेस ने गारंटी दी थी कि सरकार बनने पर हर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए 10 करोड़ के हिसाब से 680 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड का प्रबंध करेगी, जिससे युवा अपने लिए रोजगार के साधन जुटाए और अन्य लोगों को रोजगार भी देंगे।

कांग्रेस के कई नेताओं ने इसके लिए चुनाव से पूर्व ही युवाओं से फॉर्म भी भरवा लिए थे। चुनाव के एक साल तक सरकार इस फंड के नाम पर खामोश रही। गत नवंबर में सरकार ने इस योजना के प्रथम चरण की शुरुआत की विधिवत घोषणा की अखबारों में बड़े-बड़े इश्तेहार छपे, सड़कों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे। सरकार ने इस योजना के तहत उत्पादन इकाई लगाने के बजाय, इलेक्ट्रिक व्हीकल की खरीद में सब्सिडी देने की बात की। हजारों की संख्या में प्रदेश के युवाओं ने आवेदन भी किया, लेकिन योजना की घोषणा हुए आठ महीनें का समय बीत गया लेकिन अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिला। (अनंत ज्ञान)

# नड्डा ने हिमाचल भाजपा को खोखला कर दिया : कृपाल परमार

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर**

राज्यसभा के पूर्व सांसद कृपाल परमार ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंदरीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा पर जोरदार जुबानी हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पिछले चार-पांच सालों में हिमाचल भाजपा को मुकम्मल तौर पर खोखला कर दिया गया है, अब इसे जागृत करने में समय लगेगा।

परमार ने जेपी नड्डा द्वारा आरएसएस पर दिए गए बयान पर भी खूब बखिया उधेड़ी है। उन्होंने कहा कि मैं नड्डा को तब से जानता हूं जब वे परिपक्व नहीं थे। मेरा और नड्डा का पिछले चालीस सालों का साथ रहा है। परमार सोमवार को



यहां मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष द्वारा दिया गया ब्यान भाजपा के लिए आत्मघाती साबित हुआ है।

चुनावों के बीचों-बीच उनका ब्यान देना कुछ समझ नहीं आ रहा है। आज अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार और चंद्रबाबु नायडु की बैसाखियों पर खडे हैं, तो उसका एक प्रमुख कारण नड्डा का वो बयान है, उसके बाद भी उन्हें केंद्रीय मंत्री क्यों बनाया गया, यह किसी के गले नहीं उतर रहा है। परमार ने कहा कि आरएसएस को वैचारिक पावर हाउस कहते थे। उसी वैचारिक पावर हाउस के ऊपर नड्डा ने अटैक किया है।

अगर यह गलत है तो भाजपा को मीडिया के समक्ष स्पष्टीकरण देना चाहिए। पिछले चार साल में उनके नेतृत्व में प्रदेश भाजपा बैक फुट पर चली गई है। छोटे कद के लोगों को ऊंचे पदों पर बैठाया गया, जिससे पार्टी को आज यह दिन देखने पड़ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# आगजनी की घटनाओं की सीएम को कोई चिंता नहीं : बिंदल

**एसपी जैरथ, नाहन।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के जंगलों में आग की घटनाएं सामने आ रही है, लेकिन मुख्यमंत्री को कोई चिंता नहीं है।

उन्होंने प्रदेश में बढ़ती पेयजल समस्या को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा है। जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित भाजपा की समीक्षा बैठक के बाद डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश में बढ़ रही गर्मी के बीच लोग भयंकर पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं, लेकिन सुक्खू सरकार पेयजल समस्या को लेकर भी गंभीरता नहीं देखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# शिव मंदिर में पाकिस्तान का 100 रुपए का नोट मिलने से मचा हड़कंप

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद पठानकोट में भी रेड अलर्ट जारी है। इस दौरान आज सुबह पठानकोट के मशहूर बाबा बर्फानी मंदिर में शिवलिंग से पाकिस्तान का 100 रुपए का नोट मिलने से शहर भर में हड़कंप मच गया।

यह मंदिर जालंधर नेशनल हाइवे पर स्थित है, तथा जहां लोकल लोगों के अलावा टूरिस्ट लोगों का भी आना जाना लगा रहता है। आज सुबह जब लोग मंदिर में पाठ-पूजा करने गए तो वह शिवलिंग पर चढ़ाए पाकिस्तान के 100 रुपए के नोट को देखकर हक्के-बक्के रह गए।



सीसीटीवी फुटेज में घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।





मंदिर में मिला पाकिस्तान का 100 रुपए का नोट।

इस संबंधी स्थानीय युवक राकेश सिंह ने बताया कि वह हर रोज की तरह आज भी सुबह पूजा-अर्चना के लिए मंदिर गया था। जब वह शिवलिंग पर जल ढालने लगा तो शिवलिंग के समीप 100 रुपए का पाकिस्तानी नोट देखकर हैरान हो गए। उसने इस संबंधी पुलिस को सुचित किया। इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।

जब इस संबंधी पुलिस अधिकारी से बात की तो उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर वह जहां पहुंचे हैं। 100 रुपए का नोट मिला है, जो पाकिस्तान का है। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**चिंताजनक** | बढ़ती गर्मी के बीच प्रदेश के वनों में आग की घटनाओं में भी हुई जबर्दस्त वृद्धि

# हिमाचल के वनों में आग की 1934 घटनाएं

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल में बढ़ती गर्मी के बीच वनों में आग की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। इस चिलमिलाती गर्मी के बीच प्रदेश के जंगलों में आग लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश में अब तक आग लगने के 1,934 मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें 20,833 हेक्टेयर जमीन को नुकसान पहुंचने के साथ करीब 7 करोड़ 37 लाख रुपए के नुकसान का मूल्यांकन वन विभाग की टीम द्वारा लगाया गया है।



प्रदेश में धर्मशाला सर्कल में सबसे ज्यादा 466 आग लगने के मामले सामने आए हैं, जिसमें 1 करोड़ 34 लाख रुपए का नुकसान देखने को मिला है जबकि कुल्लू में सबसे कम 4 मामले ही देखने को मिले हैं। हिमाचल प्रदेश के वन सुरक्षा एवं अग्नि नियंत्रण विभाग के मुख्य अरण्यपाल मुनीश परवारी ने बताया कि पिछले आंकड़ों की बात की जाए तो साल 2023-24 में फायर सीजन के दौरान आग लगने के कुल 680 मामले सामने आए थे और इस बार 1,934 मामले सामने आए हैं। इससे पहले साल 2022-23 में प्रदेश में फायर सीजन के दौरान आग लगने के 2,938 मामले सामने आए थे। साल 2018-19 में भी फायर सीजन के दौरान आग लगने के 2,544 मामले सामने आए थे, जिसमें करीब 3 करोड़ 26 लाख रुपए का नुकसान देखने को मिला था।

उन्होंने कहा कि जिन इलाकों के जंगलों में चील के पेड़ ज्यादा हैं, वहां तापमान के बढ़ने और बारिश न होने पर सूखे के चलते चील के पत्तों में आग लगने के साथ ही तेजी से आग फैलने पर यह घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। प्रदेश के जिस भी इलाके व जंगल में आग लगने की सूचना मिल रही है वहां वन विभाग और अग्निशमन विभाग की टीम आपसी सहयोग से आग पर काबू पाने के पूरे प्रयास कर रही है, लेकिन कई जगहों पर स्थानीय लोगों का भी पूर्ण सहयोग न मिल पाने के कारण जंगलों में आग लगने से ज्यादा नुकसान देखने को मिल रहा है।

मुनीश परवारी ने प्रदेश की जनता से अपील की है कि वह ऐसी कोई भी लापरवाही न करें, जिससे जंगलों में आग लग सके। साथ ही उन्हें आस-पास कहीं भी आग लगने की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना पहले वन विभाग की टीम को जरूर दें और आग बुझाने में वन विभाग की टीम का पूर्ण सहयोग करें ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके और आग लगने से होने वाले नुकसान को भी कम किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

लोकेऽस्मिन्द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ ज्ञानयोगेन सांख्यानां कर्मयोगेन योगिनाम्।।

**भावार्थः** श्री भगवान ने कहा हे निष्पाप अर्जुन! इस संसार में ज्ञान प्राप्ति के दो मार्ग (निष्ठाएं ) हैं। दो प्रकार की निष्ठा है- पहला ज्ञानियों और चिंतनशील प्राणियों के लिए ज्ञानयोग और दूसरा मार्ग है कर्मयोग का। कर्मयोग ऐसे प्राणियों के लिए है जिन्हें कर्म में रुचि है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 18 जून 2024

# निर्जला एकादशी व्रत से मिलता है वर्ष के सभी एकादशी व्रतों का पुण्य

**निर्जला एकादशी विशेष**

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी निर्जला एकादशी या भीमसेनी एकादशी के नाम से विख्यात है। शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 17 जून सुबह 4:43 पर शुरू हो रही है। इसका समापन 18 जून सुबह 06:24 पर होगा। उदया तिथि के अनुसार 18 जून 2024 को निर्जला एकादशी व्रत रखा जाएगा।

वैसे तो भारतीय जनमानस में आध्यात्मिक स्तर पर एकादशी व्रत सर्वाधिक लोकप्रिय व्रत है, परंतु कुछ एकादशियां अतिविशिष्ट स्थान रखती हैं और उन्होंने आस्था पर्व का स्वरूप ग्रहण कर लिया है। उदाहरण के लिए देवशयनी एकादशी, देवोत्थान एकादशी, मोक्षदा एकादशी तथा निर्जला एकादशी कुछ विशेष महत्व की समझी जाती हैं। ये व्रत के साथ-साथ पंचांग के काल निर्धारण के लिए भी उपयोगी मानी जाती हैं। श्री हरि भगवान विष्णु के निमित्त किया गया एकादशी व्रत न सिर्फ कलयुग में कामधेनु सदृश्य है, अपितु द्वापर युग में भी एकादशी व्रत द्वारा मनोरथ सिद्ध होने के प्रमाण मिलते हैं। मान्यता अनुसार इस व्रत में साधक के लिए जल का सेवन जरूर निषेध रहता है, किंतु इस दिन मीठे जल का वितरण करना सर्वाधिक पुण्यकारी भी रहता है। इसलिए इस दिन खासकर ठंडा और मीठे चल का वितरण जरूर करना चाहिए। यह व्रत सभी पापों का नाश करने वाला और मन में जल संरक्षण की भावना को उजागर करने वाला है।



## इसे भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं

पांडव पुत्र भीम के लिए कोई भी व्रत करना कठिन था, क्योंकि उनकी उदराग्नि कुछ ज्यादा प्रज्वलित थी और भूखे रहना उनके लिए संभव न था। भीमसेन ने वेद व्यास जी से कहा कि उनके सभी भाई और माता कुंती एकादशी व्रत रखने को कहते हैं। वह दान पुण्य और पूजा पाठ तो कर सकते हैं, लेकिन समस्या यह है कि वह बिना भोजन के नहीं रह सकते हैं। इस पर व्यास जी ने कहा कि तुम स्वर्ग को अच्छा और नरक को बुरा समझते हो तो तुमको हर माह के दोनों पक्षों के एकादशी व्रत को करना चाहिए। उस दिन अन्न नहीं खाना चाहिए। इस पर भीमसेन ने कहा कि वह पहले ही बता चूके हैं कि उनसे भूख बर्दाश्त नहीं होती है। उनके पेट में वृक नामक आग है, जो बार-बार भोजन करने के बाद ही खत्म होती है। बिना भोजन किए वह नहीं रह सकते हैं। भूख के कारण वे उपवास नहीं रख सकते हैं। भीमसेन ने व्यास जी से कहा कि आप कोई ऐसे व्रत के बारे में बताएं, जो पूरे साल में केवल एक बार ही रखना होता हो। उसके पुण्य प्रभाव से पाप मिट जाए और स्वर्ग की प्राप्ति हो जाए। इस पर व्यास जी ने कहा कि हर माह में दो एकादशी व्रत होते हैं। एक शुक्ल पक्ष में और दूसरा कृष्ण पक्ष में। सभी एकादशी व्रतों को करन से व्यक्ति को जीवन-मरण के चक्र से मुक्ति मिल जाती है, वह मोक्ष प्राप्त करता है। भीमसेन भूख के कारण व्रत नहीं कर सकते थे। वह यह सोचकर परेशान हो गए कि क्या उनको पाप से मुक्ति नहीं मिल पाएगी? उन्होंने व्यास जी से कहा कि उनको मोक्ष कैसे मिलेगा? वह सभी एकादशी व्रत तो नहीं कर सकते हैं, लेकिन कोई एक ऐसे व्रत के बारे में बताएं, जो वर्ष में एक बार हो और उसके फल से मोक्ष मिल सके। इस पर व्यास जी ने भीमसेन से कहा कि ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी तिथि को निर्जला एकादशी व्रत होता है। इसमें अन्न और जल ग्रहण नहीं करते हैं। इस व्रत के पुण्य से वर्ष के पूरे एकादशी व्रतों का पुण्य मिलता है. पाप मिटते हैं और मोक्ष मिल जाता है। व्यास जी के बताए अनुसार, भीमसेन ने निर्जला एकादशी का व्रत रखा। भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की। इस व्रत के प्रभाव से उनके पाप मिट गए और जीवन के अंत में उनको मुक्ति मिल गई। इसी कारण इस एकादशी का नाम भीमसेनी एकादशी और कुछ अंचलों में पांडव एकादशी पड़ा।

## इस दिन क्या करना चाहिए?

अगर आप श्री हरि की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, तो निर्जला एकादशी पर पीले वस्त्र का दान करें, क्योंकि भगवान विष्णु को पीला रंग प्रिय है। इससे कुंडली में गुरु मजबूत होता है। इसके अलावा अन्न का दान करने का भी अधिक महत्व है। इस दिन श्रद्धा अनुसार जरूरतमंद लोगों को दाल और आटा का दान करना चाहिए। खरबूज, तरबूज, आम समेत आदि फलों का दान करना भी शुभ माना जाता है। निर्जला एकादशी पर गरीब लोगों को धन का दान करें। इससे श्री हरि और मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही धन से तिजोरी सदैव भरी रहती है। निर्जला एकादशी के दिन व्रत रखने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि निर्जला एकादशी का व्रत वर्ष की सभी एकादशी व्रतों के बराबर पुण्य देता है।

## निर्जला एकादशी व्रत की पूजा विधि

निर्जला एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठें और दिन की शुरुआत श्री हरि के ध्यान से करें। इसके बाद स्नान कर पीले वस्त्र धारण करें। अब मंदिर की सफाई कर गंगाजल का छिड़काव कर शुद्ध करें। चौकी पर साफ कपड़ा बिछाकर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की प्रतिमा विराजमान करें। अब उन्हें पीले रंग के फूल और गोपी चंदन अर्पित करें। मां लक्ष्मी को श्रृंगार की चीजें चढ़ाएं। देशी घी का दीपक जलाकर आरती करें। इस समय विष्णु चालीसा का पाठ करें। साथ ही विष्णु स्तोत्र का पाठ और मंत्र का जाप करें। अंत में प्रभु को केला और मिठाई समेत आदि चीजों का भोग लगाएं। अगले दिन पूजा-पाठ कर व्रत खोलें।

## नारद जी को मिला था निश्छल भक्ति का वरदान


शास्त्रों के अनुसार श्री श्वेतवाराह कल्प के प्रारंभ में देवर्षि नारद की विष्णु भक्ति देखकर ब्रह्मा जी बहुत प्रसन्न हुए। नारद जी ने अपने पिता व सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी से कहा कि हे परमपिता! मुझे कोई ऐसा उपाय बताएं जिससे मैं जगत के पालनकर्ता श्रीविष्णु भगवान के चरण कमलों में स्थान पा सकूं। पुत्र नारद का नारायण प्रेम देखकर ब्रह्मा जी ने श्रीविष्णु की प्रिय निर्जला एकादशी व्रत करने का सुझाव दिया। नारद जी ने प्रसन्नचित्त होकर पूर्ण निष्ठा से एक हजार वर्ष तक निर्जल रहकर यह कठोर व्रत किया। हजार वर्ष तक निर्जल व्रत करने पर उन्हें चारों तरफ नारायण ही नारायण दिखाई देने लगे। परमेश्वर श्रीनारायण की इस माया से वे भ्रमित हो गए,उन्हें लगा कि कहीं यही तो विष्णु लोक नहीं। तभी उनको भगवान विष्णु के साक्षात दर्शन हुए,मुनि नारद की भक्ति से प्रसन्न होकर विष्णुजी ने उन्हें अपनी निश्छल भक्ति का वरदान देते हुए अपने श्रेष्ठ भक्तों में स्थान दिया और तभी से निर्जल व्रत की शुरुआत हुई।

## बन रहा त्रिपुष्कर और त्रिग्रही योग

निर्जला एकादशी के दिन त्रिपुष्कर योग, त्रिग्रही योग, शिव योग, सिद्ध योग और स्वाति नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा है, जिससे कल के दिन का महत्व बढ़ गया है। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, निर्जला एकादशी व्रत के दिन बन रहे शुभ योग का फायदा 5 राशियों मिथुन, कन्या, वृश्चिक, धनु और मीन को मिलने वाला है। इन राशियों को धन प्राप्ति के नए स्त्रोत आपके जीवन में आएंगे और परिवार में किसी नए सदस्य के आने से प्रसन्नता बढ़ेगी। राशियों के साथ कुछ ज्योतिष उपाय भी करने होंगे, इन उपायों के करने से कुंडली में मंगल ग्रह की स्थिति मजबूत होगी और हनुमानजी की कृपा भी उपरोक्त 5 राशियों पर रहेगी, जिससे इन राशियों को शत्रुओं और परेशानियों से निजात मिलेगी। तात्पर्य यह है कि निर्जला एकादशी के दिन अगर उपरोक्त पांच राशियों वाले व्यक्ति विधि-विधान से व्रत रखते है तो उन्हें भगवान हनुमानजी की अनुकंपा प्राप्त होगी।

प्रस्तुतिः अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

# विवाह, वैवाहिक जीवन और तलाक



विवाह, वैवाहिक जीवन और विवाह विच्छेद, जिसे हम तलाक या साथ रहते हुए भी पति-पत्नी द्वारा वैवाहिक सुख प्राप्त न हो पाना, इन सभी बातों के लिए वैसे तो बहुत से बिंदु काम करते हैं, लेकिन सबसे जरूरी और महत्वपूर्ण लग्न कुंडली में सप्तम भाव की स्थिति है जिस पर निर्भर करेगा कि हमारा विवाह कैसा होगा, किस तरह व्यक्ति से होगा और विवाह बाद वैवाहिक सुख प्राप्त होगा कि नहीं।

सप्तम भाव को सबसे संवेदनशील कहा गया है, इसकी स्थिति जरा सी बिगड़ी की आपका वैवाहिक जीवन डामा डोल होना शुरू शनि, राहु, केतु, का पाप प्रभाव हो या। सूर्य ,मंगल की गर्मी चंद्र प्रभाव अधिक भावनात्मकता लेकिन मन में अशांत करता है। कहते है लग्नेश की अच्छी स्थिति आपको जीवन में बहुत ऊंचे आयाम तक ले जाएगी, लेकिन अगर जीवन साथी ठीक न मिला तो बड़े बड़े मुकाम आप हासिल कर के भी जीवन में सुख की कमी महसूस करेंगे और जीवन नीरस सा लगने लगता है तो कुंडली विश्लेषण खासकर विवाह और वैवाहिक सुख का विश्लेषण बड़ी ही सावधानी से करने कि आवश्यकता है। इनके सटीक और मनवांचित परिणाम प्राप्त करने हेतु किए गए उपायों को भी बड़ा ही सावधानी से किया जाए, जिसके परिणामस्वरूप जीवन में वैवाहिक सुख प्राप्त किया जा सके। वैवाहिक सुख, जीवन साथी का साथ आपके संपूर्ण जीवन में सबसे लंबी अवधि का होता है। इसलिए इसका ठीक होना जीवन की पूर्णता के लिए बहुत ही जरूरी है।

प्रस्तुतिः डॉ. अमन शर्मा ज्योतिषाचार्य करसोग

# बड़ा मंगल के दिन बजरंगबली को लगाएं बेसन के लड्डू का भोग

सनातन धर्म में सप्ताह के सभी दिन का विशेष महत्व है। हर दिन किसी न किसी देवी-देवताओं को समर्पित है। ठीक इसी प्रकार मंगलवार के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के परम भक्त हनुमान की पूजा करने का विधान है। साथ ही जीवन के संकटों को दूर करने के लिए व्रत किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार, ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को भगवान श्री राम और हनुमान जी की मुलाकात हुई थी।



इसलिए ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले सभी मंगलवार को अधिक महत्वपूर्ण माना गया है। इस माह के मंगलवार को बड़ा मंगल और बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है। इस बार ज्येष्ठ माह का अंतिम बड़ा मंगल 18 जून को पड़ रहा है। हनुमान जी को बेसन के लड्डू प्रिय है। बड़ा मंगल के दिन बजरंगबली को बेसन के लड्डू का भोग लगाएं। इससे जातक की सभी मनचाही मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दिन सुबह उठकर स्नान करें। सूर्य देव को जल अर्पित करें। चौकी पर पर हनुमान जी की मूर्ति विराजमान करें। उन्हें सिंदूर और फूलों की माला अर्पित करें। इसके बाद लड्डू, फल और मिठाई समेत आदि चीजों का भोग लगाएं। सच्चे मन से सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करें।

# भगवान श्रीकृष्ण को प्रिय हैं पांच चीजें

सनातन धर्म में भगवान श्री कृष्ण की पूजा का बेहद खास महत्व है। इनकी महिमा अपरंपार है। रोजाना सुबह स्नान करने के बाद भगवान श्रीकृष्ण की विधिपूर्वक पूजा कर माखन मिश्री समेत आदि चीजों का भोग लगाना चाहिए। धार्मिक मान्यता है कि सच्चे मन से उपासना करने से प्रभु की कृपा प्राप्त होती है और जातक को मृत्यु लोक में सभी प्रकार के सांसारिक सुख मिलते हैं। भगवान श्रीकृष्ण को कुछ चीजें बेहद प्रिय हैं, जिनको घर लाने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। ऐसे में आइए जानते हैं आखिर कौन सी चीजें कान्हा जी को प्रिय हैं।



### बांसुरी

कान्हा जी को बांसुरी प्रिय है। प्रभु की पूजा के दौरान उन्हें बांसुरी जरूर अर्पित करें। इससे भगवान श्रीकृष्ण प्रसन्न होंगे।

### गाय

भगवान श्रीकृष्ण को गाय भी प्रिय है। सनातन धर्म में गाय का दान करना बेहद फलदायी माना गया है। कान्हा जी के साथ हमेशा गायों को देखा गया है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में गाय को लाने जीवन में कभी भी धन की कमी का सामना नहीं करना पड़ता है।

### मोरपंख

भगवान श्रीकृष्ण का शृंगार मोरपंख के बिना अधूरा माना जाता है। मोरपंख धारण करने से कालसर्प दोष से छुटकारा मिलता है। इसलिए कान्हा जी ने मोरपंख धारण किया था। इसे घर में रखना अधिक शुभ माना जाता है।

### कमल

कमल का फूल कीचड़ में उगता है और पूजा-पाठ में इसका अधिक प्रयोग किया जाता है। यह फूल पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इसकी महक इंसान का मन मोहने वाली होती है।

### माखन-मिश्री

कान्हा जी को माखन-मिश्री बेहद प्रिय है। रोजाना पूजा के दौरान उन्हें इन चीजों का भोग जरूर लगाएं। इससे प्रभु प्रसन्न होते हैं।

# कब भंग होता है मंगल दोष

यदि किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली के 1, 4, 7, 8, 12 भाव में मंगल हो तो वह व्यक्ति मांगलिक कहलाता है। मांगलिक को मांगलिक से ही शादी करनी होती है, लेकिन व्यक्ति को पता होना चाहिए कि सामने वाला व्यक्ति



मांगलिक है या नहीं। क्योंकि यह मुख्य बिंदु होते हैं, जो मंगल दोष को भंग कर देते हैं, तब आप मांगलिक नहीं कहलाएंगे। अगर मंगल देव मेष या वृश्चिक राशि में हों तो मंगल दोष भंग हो जाता है और यह रूचक नाम का पंचमहापुरुष योग भी बन जाता है। अगर कुंडली में मंगल की डिग्री 0, 1, 2 या 28,29,30 हो तो मंगल दोष समाप्त हो जाता है। अगर मंगल देव सूर्य के द्वारा अस्त हो जाएं तो मंगल दोष समाप्त हो जाता है। अगर कुंडली में मंगल देव योग कारक हों तो मंगल दोष समाप्त हो जाता है। अगर सप्तमेश स्वयं राशि में या सप्तमेश की दृष्टि हो या गुरु दृष्टि हो या गुरु साथ हो तो मंगल दोष समाप्त हो जाता है। मंगल देव खुद के घर में बैठे हों तो मंगल दोष समाप्त हो जाता है। कुंडली में मंगल देव उच्च के हो मंगल दोष समाप्त हो जाता है। अगर गुण मिलान में 27 गुण से ज्यादा हो तो भी मंगल दोष समाप्त हो जाता है।

प्रस्तुतिः डॉ. अमन शर्मा ज्योतिषाचार्य करसोग

# द्वापर युग से जोड़ा जाता है श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर नेर का इतिहास

जोगिंद्रनगर उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेर घरवासड़ा के गांव नेर में भगवान श्री लक्ष्मी-नारायण का प्राचीन मंदिर स्थापित है। इस मंदिर के इतिहास को द्वापर युग में भगवान श्री विष्णु की तपस्या से भी जोड़ा जाता है। कहा जाता है कि गांव नेर में द्वापर काल में भगवान श्री विष्णु ने कई वर्षों तक तपस्या की थी तथा इसी काल में उनका यह मंदिर यहां स्थापित हुआ माना जाता है।

इस ऐतिहासिक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की निर्माण शैली को देखें तो यह मंडी शहर में स्थापित अन्य मंदिरों जैसी ही है। ऐसे में माना जाता है कि यह मंदिर भी लगभग 300 या 400 वर्ष पुराना होगा। इस मंदिर से जुड़ी ऐतिहासिक बातों पर गौर करें तो कहा जाता है कि नेर गांव में द्वापर काल में भगवान श्री विष्णु ने कई वर्षों तक तपस्या की थी तथा इसी दौरान यहां पर उनका यह मंदिर स्थापित हुआ होगा। यह भी कहा जाता है कि इसी स्थान की शक्तियों द्वारा इस महा कलयुग को समाप्त किया जाएगा तथा यह स्थान बद्रीनाथ धाम के समकक्ष भी माना जाता है। इस प्राचीन मंदिर को भगवान श्री विष्णु जी के सभी मंदिरों में शक्तिशाली माना है तथा आने वाले समय में इस कलियुग में कल्याण एवं उद्धार करेगा। साथ ही कहा जाता है कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान से प्रार्थना करेगा तो उसकी मनोकामना जरूर पूरी होगी। इस मंदिर से जुड़ी एक घटना का वृतांत यह बताता है कि 16 मार्च, 2004 को भगवान श्री विष्णु जी की पूजा अर्चना की गई। उसी रात्रि करीब 11 बजे मंदिर की घंटियां बजीं और मूर्ति अपने स्थान से तकरीबन 4 से 5 इंच आगे सरक गई।

लेकिन दूसरे दिन दोपहर यह मूर्ति फिर अपने स्थान पर आ गई। फिलवक्त इस ऐतिहासिक एवं प्राचीन मंदिर से जुड़ा कोई तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध नहीं है लेकिन मंदिर की निर्माण शैली को देखते हुए निश्चित तौर पर यह कहा जा सकता है कि यह मंदिर 300 या 400 वर्ष पुराना जरूर होगा। वर्तमान में इस मंदिर के रखरखाव के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति पंजीकृत करवा रखी है जो इसका संचालन कर रही है। यह प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिर जोगिंद्रनगर से लगभग 5 या 6 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत नेर घरवासड़ा के गांव नेर में स्थित है जो गांव मझारनु से लगभग एक या डेढ़ किलोमीटर दूर है। यह मंदिर पक्की सड़क से जुड़ा हुआ है। इस मंदिर को वाया बस्सी पॉवर हाऊस होते हुए भी सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है।



प्राचीन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर नेर घरवासड़ा।



मंदिर में श्री लक्ष्मी-नारायण की मूर्ति।

प्रस्तुतिः अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

## न्यूज ब्रीफ

### गगल एयरपोर्ट विस्तार पर सुनवाई अब 24 को

**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रदेश उच्च न्यायालय में गगल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर चल रहे मामले में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव ने इस मामले में अगली सुनवाई 24 जून तक रख दी है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने बताया कि आज इस बारे शिमला में सुनवाई हुई। अब अगली सुनवाई 24 जून को होगी। इस अवसर पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश मोना ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि माननीय न्यायालय जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा और जनता को उसका हक न्याय दिलाएगा। उन्होंने कहा कि इलाकावासी पूरी तरह अदालत के फैसले पर नजर टिकाए हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### महिला मंडल सांबा ने लगाई मीठे पानी की छबील



**राकेश डोगरा डरोह।** जून महीने की तपती गर्मी से प्रत्येक व्यक्ति परेशान है। सुबह 9 से लेकर सायं पांच बजे तक गर्मी अपने चरम पर होती है। अबकी बार तो हद ही हो गई है। पेड़-पौधे सूख रहे हैं। पानी का स्तर और नीचे जा रहा है। बारिश का कोई नामोनिशान नहीं है। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए जगह-जगह ठंडे मीठे जल की छबील लगाई जा रही है। महिला मंडल सांबा भी इस कार्य में पीछे नहीं है। वह भी इस कार्य में अपना पूरा योगदान दे रहा है। उन्होंने अप्पर सांबा में ठंडे मीठे जल की छबील लगाई व तरबूज भी बांटे। इस मौके पर महिला मंडल सांबा की प्रधान अंजना राणा उनके साथ वंदना राणा, कंचना, मधुबाला, बेबी, नीना, रेणु, सब्बू, नीमा, चुम्मा, शिल्पा, कुलबीर सिंह राणा (ढूंडी), अमर सिंह राणा, विक्रम सिंह राणा, सतीश राणा, राजेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, अशोक शर्मा, जगदीश शर्मा, दिलबाग राणा इत्यादि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### शहीद स्मारक धर्मशाला में तीसरे दिन लौटी रौनक

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** जंगल की आग के कारण शनिवार तथा रविवार को बंद रहे शहीद स्मारक के गेट आखिरकार सोमवार को खुल गए। इसे मैदानी क्षेत्रों से पहुंचने वाले सैलानियों को राहत मिली है। बताते चलें कि शनिवार दोपहर पूर्व शहीद स्मारक जंगल की आग की चपेट में आ गया था तथा इसके कारण युद्ध संग्रहालय भवन को भी नुक्सान पहुंचा था। इसी के चलते शनिवार तथा रविवार को शहीद स्मारक में सैलानियों की एंट्री बंद रही तथा तीसरे दिन यानी सोमवार को यहां एंट्री शुरू हो गई है। वहीं वीकैंड पर सैलानियों की आमद के बढ़ने के बावजूद यहां प्रवेश न मिलने के कारण दूर-दराज से आए सैलानियों को मायूस हो कर लौटना पड़ा। सोमवार को प्रवेश शुरू होने के साथ सैलानियों में यहां शहीदों को नमन करने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। (अनंत ज्ञान)

### पड़ोसी ही निकला चोर, 10 घंटे में सुलझाया मामला

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** नगरोटा सूरियां में पंचायत के वार्ड नंबर 2 में हुई चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। चोर की पहचान विकास कुमार निवासी नगरोटा सूरियां के रूप में हुई है और वह पीड़ित का पड़ोसी है। गौर रहे कि रविवार को शिव शर्मा के घर से करीब 20 तोले से अधिक सोना तथा नगद करीब 7000 रुपए उस समय चोरी हो गए जब वह परिवार सहित रिश्तेदार के घर गया था। सोमवार सुबह पुलिस ने शक के आधार पर विकास से पूछताछ शुरू की तो उससे 16 तोले से अधिक सोना जो कि उसने श्मशान घाट की तरह जाने वाले रास्ते में झाड़ियां में छुपा कर रखा था मौके पर बरामद कर लिया, जबकि बाकी सोना और नगद राशि की भी जांच की जा रही है। मौके पर डीएसपी वीर सिंह, एसएचओ ज्वाली प्रीतम जरियाल भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने इस बात की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला में झमाझम बारिश

## शाम को खूब बरसे मेघ; तेज हवाएं भी चलीं, तपती गर्मी से मिली राहत

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला में सोमवार शाम को मौसम बदला और करीब 5 बजे बारिश शुरू हो गई, जबकि इससे पहले हल्की बूंदाबांदी रुक-रुक कर हुई। हवाओं ने बादलों को यहां-वहां उड़ने को मजबूर कर बारिश को काफी देर रोके रखा, लेकिन आखिर में शाम 5 बजे के बाद राहत भरी बारिश हुई, जिससे गर्मी के चढ़े हुए पारे से लोगों को कुछ हद तक राहत मिल पाई। दिन भर बादलों की गड़गड़ाहट के साथ शाम को शुरू हो पाई बारिश से लोग गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं। वहीं, बारिश के साथ ही धर्मशाला में बिजली भी गुल हो गई।

बताते चलें कि इस बारिश को एक तरह से मानसून की एंट्री के रूप में देखा जा रहा है। इस बार की गर्मी ने पिछले कई सालों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं तथा देश में केरल से शुरू होने वाले मानसून की जल्द एंट्री के बाद धर्मशाला में मानसून ने दस्तक दे दी है तथा गर्मी के साथ बढ़ी हुई उमस इसका प्रमाण है। धर्मशाला में शाम को शुरू हुई बारिश बीच-बीच में तेज तथा धीमी होती रही, जबकि बादल दिन भर गरजते रहे। (अनंत ज्ञान)



धर्मशाला में सोमवार शाम को बारिश के दौरान सड़क से गुजरते वाहन।

### तेज हवाओं से फट गया राष्ट्रीय ध्वज



**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** धर्मशाला में डीसी ऑफिस के पास लगा 150 फुट ऊंचा झंडा सोमवार को तेज हवाओं से फट गया तथा इसके धागे निकल गए। जानकारी मिलने के बाद प्रशासन ने राष्ट्रीय ध्वज उतार लिया। (अनंत ज्ञान)

# लापता हुए युवक को 24 घंटे में किया परिजनों के हवाले

**अशोक ठाकुर इंदौरा**

पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत थाना डमटाल में नानक आयु 24 वर्ष पुत्र राजकुमार निवासी अंदुरून डमटाल, जोकि सूरजपुर में एक फैक्टरी में काम करता था तथा वह सुबह 10 से लेकर रात 10 बजे तक वहां पर काम करता था परंतु वह रात जब घर वापस नहीं आया, तब सुबह उसके पिता द्वारा थाना डमटाल में अपने बेटे नानक देव की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

▶ परिजनों को बिना बताए घर से कई बार गायब हो चुका है युवक

इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना डमटाल प्रभारी कल्याण सिंह द्वारा सब इंस्पेक्टर देवराज के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिस पर मोबाइल लोकेशन के आधार पर नानक देव को कभी जालंधर, चंडीगढ़, बटाला, पठानकोट, कोटली तथा आज सुबह जब उसकी लोकेशन सुजानपुर पठानकोट-जम्मू मार्ग पर साढ़ा चूल्हा के पास मिली। पुलिस लगातार इसकी लोकेशन को ट्रेस करके इसका पीछा कर रही थी तथा उसे मौके पर पकड़ लिया तथा थाना डमटाल में ले आए। पुलिस ने स्थानीय प्रधान जीतराम की मौजूदगी में इस लड़के को मां-बाप के हवाले कर दिया।

ज्ञात रहे के यह लड़का पहले भी कई बार घर से बिना बताए चला जाता है परंतु पुलिस द्वारा इसे ढूंढने में लगातार 24 घंटे मोबाइल लोकेशन के आधार पर इसे पकड़ने में जो सफलता प्राप्त की है वह स्थानीय लोगों द्वारा इस उपलब्धि को पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य बताया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## बैजनाथ में निर्माणी निर्जला एकादशी मेले का समापन



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

गुरुद्वारा साहिब बैजनाथ डेरा संता दा में चल रहे तीन दिवसीय निर्माणी निर्जला एकादशी मेले का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। गुरुद्वारा प्रधान हरजीत सिंह ने कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए बैजनाथ प्रशासन पुलिसतथा स्थानीय लोगों का उन्हें भरपूर योगदान मिला।

इस मेले में देश और विदेश से नीलधारी संगत शामिल हुई । उन्होंने कहा कि इलाके दी संगत, बैजनाथ बाजार दी संगत तथा समस्त वीर पाई इस पर्व को मनाते हैं। सारी संगत ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शन किए। तीन दिन तक ही गुरुद्वारा में लंगर चलते रहे और श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचते रहे। उन्होंने स्थानीय प्रशासन, पुलिस तथा स्थानीय लोगों का सफल आयोजन के लिए आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में कुछ नया भी किया गया, जिसका सारा श्रेय युवा पीढ़ी को जाता है। (अनंत ज्ञान)

## कबीर प्रकटोत्सव पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**राकेश डोगरा, डरोह।** इस वर्ष 22 जून शनिवार ज्येष्ठ पूर्णिमा को सद्गुरु कबीर साहेब का 626वां प्रकटोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शुक्रवार 21 जून को पहली बार आश्रम द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा राजपुर बदेहड से प्रात: 9 बजे शुरू होकर ख्यांपट्ट 9:30 से 10 के बीच पहुंचेगी। सलियाणा, ब्रोहल में 10:30 से 11:00 के बीच पंहुचेगी। मोलीचक में 11:30 से 12 बजे के बीच पंहुचेगी। घुग्गर/ पालमपुर में 12:30 से 1:00 बजे तक पहुंचेगी। देहण/ मरंडा में 1:30 से 2:00 बजे तक पहुंचेगी। देहण में आधा घंटा दोपहर के भोजन के लिए रुकेंगे। शोभायात्रा डरोह में सायं 4 से 4:30 बजे पहुंचेंगी। फिर नागनी से होते हुए सभी श्रद्धालु शोभायात्रा का स्वागत करते हुए यह शाम 6 बजे सद्गुरु कबीर आश्रम भेडू नजदीक न्यूगल पुल पहुंचेगी। (अनंत ज्ञान)

# बाथू की लड़ी मंदिर के चढ़ावे को अपनी जेब में डालने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई

## स्थानीय लोगों ने प्रशासन से उठाई मांग, यहां नहाने पर भी पांबदी लगाई जाए

**अनिल छांगू, जवाली**

पांडवों द्वारा अज्ञातवास के दौरान निर्मित ऐतिहासिक एवं सुप्रसिद्ध बाथू की लड़ी मंदिर में हजारों रुपए के चढ़ावे को लेकर प्रशासन द्वारा कमेटी बनाई गई है, जोकि मंदिर में चढ़ाए गए चढ़ावे के पैसों को शाम को एकत्रित करके प्रशासन के पास जमा करवा देती है। लेकिन कुछ तथाकथित व्यक्ति ऐसा करने पर प्रशासनिक कमेटी के कर्मियों के साथ उलझ रहे हैं और खुद ही चढ़ावे को ले जा रहे हैं। ये लोग प्रशासनिक कमेटी के पदाधिकारियों को डरा-धमका भी रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को ऐसे लोगों पर कड़ा एक्शन लेना चाहिए।

स्थानीय निवासी संजय राणा ने कहा कि प्रशासन ने कमेटी का गठन करके बहुत ही अच्छा कार्य किया है, ताकि चढ़ावे के पैसे को खाता में जमा करवाकर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में लगाया जा सके। उन्होंने उन लोगों के खिलाफ भी एक्शन की बात कही है जो पैसे को उठाकर खुद ले जा रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि बाथू की लड़ी पर चढ़ने व पानी में नहाने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाए। (अनंत ज्ञान)


पांडवों की ओर से बनाई गई ऐतिहासिक एवं सुप्रसिद्ध बाथू की लड़ी।


मंदिर में चढ़ा चढ़ावा।

# थपल-मरड़ लिंक रोड को आज तक कोई सरकार नहीं करवा पाई पक्का

## सरकार और लोक निर्माण विभाग नहीं ले रहा सुध, ग्रामीणों में पनप रहा रोष

**शालनी शर्मा, रक्कड़**

ब्लॉक खंड परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पीरसलूही में थपल से मरड़ गांव को जोड़ने वाला करीब 300 मीटर लंबा लिंक रोड लंबे समय से पक्का होने के लिए सरकारी बजट की राह देख रहा है। ग्रामीण रजनी सूद, जगदीश राणा, रवि कुमार, तिलक राज, दिनेश, बिमला सूद, सुनील आदि ने कहा कि आजादी के बाद से आज तक न जाने कितनी सरकारें बनीं और कितनी चली गईं, लेकिन किसी भी सरकारी नुमाइदे ने इस संपर्क सड़क को पक्का करने की हिम्मत नहीं जुटाई। ग्रामीणों को आरोप है कि यहां पक्की सड़क सुविधा न होने के कारण आज भी गांव के बीमार व बुजुर्ग लोगों को चारपाई पर लिटाकर गांव थपल तक लाना पड़ता है।



ग्रामीणों ने बताया कि गत दिनों उपरोक्त गांव में अचानक पैर फिसलने से एक महिला की टांग की हड्डी टूट गई। दिन के समय गांव मं कोई भी पुरुष न होने पर इसे बड़ी मुश्किल से सड़क तक पहुंचाया गया। समस्या से परेशान ग्रामीणों का कहना है कि जब भी विधानसभा या लोकसभा के चुनाव निकट आते हैं तो यह अलग-अलग दलों के नेता लोगों को आज तक वोट राजनीति के नाम पर धोखा देते आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वोट लेने के बाद जो भी नेता चुनाव जीत जाता है, वह 5 वर्षों तक यहां नजर नहीं आता है। हैरानी की बात तो यह है कि प्रदेश व केंद्र सरकार हर गांव को प्रधानमंत्री ग्राम योजना के तहत सड़क से जोड़ने का दावा कर रही हैं, लेकिन यहां इस गांव में सभी सरकारी दावे हवा-हवाई होते साबित हुए हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के मौसम में इस रास्ते की हालत इतनी खराब हो जाती है कि लोग यहां से गुजरते वक्त की सरकार व विभाग की कार्यप्रणाली को कोसते नजर आते हैं। इस रास्ते से हर दिन तीन पंचायतों के अलावा अन्य कई लोग आवाजाही करते हैं, परंतु रास्ते की हालत ठीक न होने से अक्सर उन्हें समस्या का सामना करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

# पुलिस ने जवाली में पकड़ीं अवैध शराब की 16 पेटियां



**अनिल छांगू, जवाली**

जिला पुलिस नूरपुर ने नशा माफिया पर पैनी नजर रखी हुई है तथा लगातार नशा माफिया पुलिस के चंगुल में फंस रहा है। सोमवार को भी जिला पुलिस ने 32 मील-जवाली मार्ग पर ताहलियां के समीप नाकाबंदी के दौरान एक कार से देसी शराब की 16 पेटियां बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब तीन बजे पुलिस ने ताहलियां सफेदा चौक पर नाका लगाया हुआ था कि इस दौरान कुठेड़ा की तरफ से एक कार आई जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह नाका तोड़कर गाड़ी को भगा ले गया। उसके बाद पुलिस ने गाड़ी का पीछा किया तो बसंतपुर के समीप चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें देसी शराब बीआरबी मार्का की 16 पेटियां बरामद की गईं, जोकि अवैध रूप से जवाली की तरफ लाई जा रही थीं। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है तथा चालक की तलाश शुरू कर दी है।

उधर, एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि इस संदर्भ में पुलिस ने गाड़ी को शराब सहित जब्त करके केस दर्ज कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि नशा माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# गलत साइड से आ रहे टिप्पर से टकराई कार, सात घायल

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पठानकोट-जम्मू मार्ग पर हिमाचल पंजाब-सीमा पर गलत साइड से आ रहे टिप्पर के साथ कार चालक की टक्कर होने का मामला सामने आया है। इसके चलते कार में सवार 7 लोग घायल हो गए हैं, जिनका अलग-अलग प्राइवेट अस्पतालों में उपचार चल रहा है। घायलों की पहचान जारज मसीह पुत्र याकूब मसीह निवासी वार्ड नंबर. 1 बिसनार जिला जम्मू, इसकी पत्नी राज, बेटा अभी, बेटी ऐंजल, दोस्त अजय, इसकी पत्नी मधू, बेटी शाइना के रूप में हुई है।

जारज ने पुलिस को दिए बयानों में कहा है कि एक पास्टर है और गत दिनों वे उक्त सभी लोगों के साथ कार में सवार होकर जालंधर प्रभू यीशु की प्राथना में शामिल होने के घर से निकले। जब पठानकोट के पुलिस थाना नंगलभूर के अधीन आते जीटी रोड ढाकी सैदां पर बने यूटर्न कट के पास पहुंचे तो कट से एकदम गलत दिशा में एक टिप्पर चालक आ निकला, जिसके साथ उनकी कार टकरा गई और उसके समेत कार में बैठे बाकी सब भी घायल हो गए। वहीं, कार भी बुरी तरह से चकनाचूर हो गई। उन्होंने कहा कि घटना रात 10 बजे के करीब घटी और स्थानीय लोगों ने उनको अस्पतालों में उपचार के लिए भर्ती करवाया। पीड़ित ने कहा कि टिप्पर चालक पर पुलिस बनती कार्रवाई कर उन्हें इंसाफ दिलाए। वहीं, थाना नंगलभूर की पुलिस ने घटना का पता चलते ही मौके पर पहुंच हादसाग्रस्त कार को कब्जे में लिया और पीड़ित जारज मसीह के बयानों पर अज्ञात टिप्पर चालक पर केस दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)



▶ पुलिस ने टिप्पर चालक के खिलाफ दर्ज किया मामला

## मॉकड्रिल : आग पर सात मिनट में पाया काबू

**अनंत ज्ञान, गगल।** रविवार को गगल एयरपोर्ट के फायर ब्रिगेड के विभाग के प्रबंधक सतपाल गुलिया को खबर मिलती है की मांझी पुल के पास एक भयानक आग लगी हुई है, जिसको लेकर सतपाल गुलिया ने फोर्न अपनी टीम के साथ और कांगड़ा अग्निशमन विभाग के विभाग को सूचित कर करके एकदम मांझी पुल की ओर निकल पड़े और 7 मिनट में ही संयुक्त ऑपरेशन के चलते आग को काबू पा लिया जानकारी देते हुए गग्गल एयरपोर्ट के अग्निशमन विभाग के प्रबंधक सतपाल गुलिया ने बताया के गगल एयरपोर्ट का एरिया आसपास अति संवेदनशील है। भारतीय विमान प्राधिकरण कांगड़ा हवाई अड्डा अग्निशमन केंद्र सिटी फायर सर्विस कांगड़ा द्वारा सामूहिक अभ्यास किया गया ताकि किसी भी आपदा के वक्त दोनों अग्निशमन सेवाएं अच्छे तालमेल के साथ विपरीत परिस्थितियों में कार्य कर सके। इसमें सिटी फायर सर्विस कांगड़ा अग्निशमन केंद्र की तरफ से अशोक राणा व उनकी टीम ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# देहरा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी पूर्व ब्लॉक समिति उपाध्यक्ष सुलेखा

**सालबिया शर्मा, गरली**

देहरा विधानसभा उपचुनाव का बिगुल बज गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इच्छुक उम्मीदवार अपनी अपनी दावेदारी जता रहे हैं। ऐसे में गांव निचला करियाड़ा से दो बार बीडीसी व पूर्व में ब्लॉक समिति उपाध्यक्ष रहीं सुलेखा चौधरी ने बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए अपनी ताल ठोंक दी है। सुलेखा चौधरी ने कहा कि यह चुनाव विकास के नाम पर लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा मुख्य मुद्दा विकास रहेगा व इसके अलावा सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए भी वचनबद्ध रहूंगी।



▶ कहा, विकास के नाम पर लड़ा जाएगा उपचुनाव

▶ गोवंश के लिए भी किया जाएगा बेहतर कार्य

सुलेखा चौधरी ने कहा कि विकास की अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने का जिम्मा रहेगा। उन्होंने नौजवानों, बुजुर्गों व माता-बहनों से खुलकर साथ देनी की अपील की है। सुलेखा चौधरी ने कहा कि गोवंश व किसान के लिए बेहतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान की समस्या गौवंश है। किसान अपने खेतों में काम नहीं कर पा रहा है। सुलेखा चौधरी ने कहा कि किसानों की कई एकड़ जमीन आज बंजर पड़ी है। उन्होंने कहा कि जो किसान कुछ बिजता भी है तो उसे गोवंश उजाड़ कर रख देता है। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

**आग** | दावानल को लेकर उत्तराखंड गंभीर, हिमाचल में कड़े कदम उठाने का इंतजार

# प्रदेश में इस बार वनाग्नि के रिकॉर्ड मामले

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला समेत पूरे प्रदेश में वनों में लगने वाली आग ने पिछले कई सालों के रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं तथा इस आग की चपेट में अब तक कई रिहायशी मकान तथा धर्मशाला के शहीद स्मारक जैसी धरोहरें तक आ चुकी हैं। वहीं, इस आग को काबू करने तथा दावानल के मामलों पर नियंत्रण करने के कारगर प्रयासों की कमी साफ नजर आती है। वनों की भूमि हिमाचल में दावानल करोड़ों की वन संपदा के साथ वन्य जीवों तथा लोगों के घरों के लिए खतरा बन कर उभरी है।

आजादी के बाद 1971 में देश का 18वां राज्य बनने वाला हिमाचल प्रदेश जहां इस समस्या के हल में कामयाब नहीं हो सका है तो वहीं देश का 27वें राज्य बने उत्तराखंड में ऐसे प्रयास शुरू हो चुके हैं जो कि सरकार की गंभीरता को दर्शाता हैं, जबकि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के काफी बाद राज्य बना है। ईंधन तथा बिजली निर्माण के लिए उत्तराखंड में शुरू इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य चीड़ के जंगलों में लगने वाली आग के मामले को काबू करना है।



हिमाचल में भी बड़े स्तर पर ऐसे प्रयासों की जरूरत है ताकि साल दर साल बढ़ती जंगलों में आग लगने की घटनाओं में वन्य संपदा को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। बताते चलें कि चीड़ वनों में पत्तियों की परत बिछ जाती है, जो पारे के उछाल भरने पर जंगलों में आग के फैलाव का बड़ा कारण बनती है। यही नहीं, अम्लीय गुण होने के कारण इसे भूमि के लिए ठीक नहीं माना जाता। इसके अलावा जमीन में पत्तियों के जमा होने से न तो दूसरी वनस्पतियां उग पाती हैं और न संबंधित क्षेत्र में बारिश का पानी धरती में समा पाता है। मंडी जिला के सुंदरनगर के चांबी के श्रवण कुमार ने 8 साल पहले ऐसा प्रयास किया था। चीड़ की पत्तियों से धुआं रहित कोयला बनाकर इसने जहां जंगलों को आग से बचाने का प्रयास किया तो वहीं स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित किए। इन ईंटों का उपयोग घरों में खाना बनाने, नहाने के लिए पानी गर्म करने तथा सर्दियों में अंगीठी सेंकने के लिए किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं धर्मशाला के युवा रेंज अफसर

**वन** विभाग के धर्मशाला स्थित युवा रेंज अफसर सुमित शर्मा के अनुसार इस बार आग के मामलों में बेतहाशा वृद्धि हुई है तथा फायर सीजन में इससे काफी नुक्सान भी हुआ है। उन्होंने बताया कि जाइका प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के कुल्लू जिला में ईंटें बनाने के काम को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप हो रहे इस काम को पूरे प्रदेश में शुरू किया जाता है तो जंगल की आग को काबू करने में काफी मदद मिल सकती है।

# अग्निशमन विभाग को तुरंत दें जंगल में लगी आग की सूचना: संजय

**राकेश डोगरा, डरोह**

भीषण गर्मी के चलते जंगलों में लगाई जा रही आग के कारण हो रहे जानमाल के नुकसान को देखते हुए हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने वन विभाग के आलाधिकारियों की आपातकालीन बैठक बुलाई है। उन्होंने जनता से अपील की है कि जंगलों में आग लगने की वजह के कारणों को रोका जाए। यदि फिर भी कहीं जंगल जलता हुआ नजर आता है तो उसकी तुरंत सूचना अग्निशमन विभाग को दें। उन्होंने कहा कि केवल सुलह क्षेत्र में ही हजारों एकड़ जमीनों के जंगल या तो भस्म हो गए हैं या इस तरह से झुलस गए हैं। उन्हें दोबारा उगने में कई वर्ष लग जाएंगे।



संजय चौहान ने इस विषय की गंभीरता को देखते हुए जितने भी वन विभाग के आला अधिकारी उनके साथ और अग्निशमन वाहनों की संख्या कम होने के कारण बने दबाव को कम करने के विकल्पों पर भी गहन विचार किया जाएगा।

संजय चौहान ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि जहां कहीं भी आग लगी हो उसे बुझाने में अपना बढ़-चढ़ कर योगदान दें।

साथ ही सुलह विधानसभा क्षेत्र के ठेकेदारों चाहे वो किसी भी पार्टी से संबंध रखते हों, से अपील की है कि अपने जल टैंकरों का योगदान प्रदान करें व जहां किसी कारणवश अग्निशमन विभाग की टीम नहीं पहुंच पाए जनता से मिलकर वहां जल पहुंचाकर आग बुझाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### चुवाड़ी में 'जनरेशन ऑफ आइडियल के ऑडिशन'



**चुवाड़ी।** राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल चुवाड़ी में रविवार को जनरेशन ऑफ आइडियल के ऑडिशन का आयोजन किया गया। राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल चुवाड़ी की प्रिंसीपल ऊषा ने बताया कि जनरेशन ऑफ आइडियल के ऑडिशन में भटियात क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के 600 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। जनरेशन ऑफ आइडल दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाला एक प्रोग्राम है। इसके ऑडिशन पूरे भारत में हो रहे हैं। इसी के तहत राइजिंग स्टार स्कूल चुवाड़ी में भी ऑडिशन करवाए गए। इसमें डांसिंग, सिंगिंग व मॉडलिंग में बच्चों ने भाग लिया। जनरेशन ऑफ आइडियल के फर्स्ट राउंड में सेलेक्ट होने वाले बच्चों का दूसरा राउंड भी राइजिंग स्टार स्कूल चुवाड़ी में ही करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### पेंशनर्स ने अपनी मांगों को लेकर की बैठक



**सिहुंता।** पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की सिहुंता खंड इकाई की बैठक रविवार को गोस्वामी मैरिज पैलेस धुलारा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता इकाई प्रधान ओंकार सिंह चौहान ने की। बैठक में पेंशनरों के अलावा जनहित की विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चा कर आगामी रणनीति तय की गई। बैठक में वक्ताओं ने जुलाई 2022 तथा जनवरी 2024 तक महंगाई भत्ते की देय चार फीसदी किस्त के एरियर का एकमुश्त भुगतान की मांग की है। वक्ताओं ने छहे वेतनमान के लंबित शेष एरियर राशि का भी एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था करने की मांग की है। वक्ताओं ने मेडिकल भत्ते की मासिक राशि को चार सौ रुपए से बढ़ाकर दो हजार रुपए करने की मांग भी की है। मेडिकल बिलों के भुगतान हेतु विभिन्न विभागों में पर्याप्त बजट की उपलब्धता भी सुनिश्चित बनाने का आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)

# गर्मी से राहत के लिए खजियार और चंबा पहुंचे पर्यटक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पड़ोसी राज्य पंजाब से काफी तादाद में पर्यटकों के मैदानी क्षेत्र की चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए खजियार पहुंचने से तमाम होटल व होम स्टे पैक हो गए हैं। चंबा शहर से भी काफी तादाद में लोगों ने खजियार पहुंचकर मौज मस्ती की। मैदानी इलाकों में गर्मी की तपिश बढ़ने के साथ ही खजियार की वादियां पर्यटकों की चहलकदमी से गुलजार हो उठी है।

इस दौरान डलहौजी-खजियार मार्ग पर बीच बीच में ट्रैफिक जाम की समस्या से ही पर्यटकों को दो-चार होना पड़ा। खजियार में ट्रैफिक जाम खुलवाने के लिए पुलिस को काफी पसीना बहाना पड़ा। पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से खजियार के होटल कारोबारियों सहित मंझले दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों के मुरझाए चेहरों पर रौनक लौट आई है।



खजियार में पर्यटक चहल-कदमी करते हुए।

### खजियार में पार्किंग गाड़ियों से फुल



**खजियार** मैदान से सटी पार्किंग वाहनों से फुल रही। पंजाब सहित अन्य राज्यों से काफी तादाद में पर्यटक पारिवारिक सदस्यों संग खजियार पंहुचे है। पर्यटकों ने खजियार मैदान में जमकर मस्ती की। देर शाम तक पर्यटकों व स्थानीय लोग खजियार के मैदान में चहलकदमी करते दिखे। खजियार का खुशनुमा मौसम पर्यटकों को काफी भा रहा है। पर्यटकों की आमद बढ़ने से स्थानीय होटल कारोबारियों, ढाबा संचालक और मैदान में रेहड़ी-फड़ी लगाकर आजीविका कमाने वाले लोगों के चेहरे काफी खिले दिखे।

### कारोबारियों को मिली राहत

**कारोबारियों** का कहना है कि आगामी दिनों में पर्यटकों की आमद ओर बढ़ने से कारोबार के गति पकड़ने के उम्मीद जगी है। पर्यटन सीजन के शुरूआती दौर में ही खजियार की हसीन वादियों को निहारने के लिए पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा है।

# अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा की कार्यकारिणी का हुआ गठन



बैठक के दौरान मौजूद सोसायटी के सदस्य व साथ हैं बच्चे।

**एमएम डैनियल, चंबा**

अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा के तत्वावधान में विशेष बैठक का आयोजन अंबेडकर भवन में किया गया। बैठक की अध्यक्षता अम्बेडकर मिशन सोसायटी चंबा के पूर्व अध्यक्ष तिलक राज हितैषी द्वारा की गई ।

बैठक के दौरान अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा की नई कार्यकारिणी के शेष पदों को भरने बारे विचार-विमर्श किया गया व चुनाव आयोजित करवाए गए। बैठक के अध्यक्ष श्री तिलक राज हितैषी जी की अनुमति एवं दिशानिर्देश स्वरूप अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा की समस्त कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव करवाए गए।

ज्ञात रहे इससे पहले चुनावी प्रक्रिया द्वारा अध्यक्ष पद तथा महासचिव पद पर सर्वसम्मति से चुनाव हो चुके हैं। वहीं निर्णय लिया गया था कि नवनियुक्त अध्यक्ष तथा महासचिव द्वारा ही आगामी 15 दिनों के भीतर 21 सदस्यी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। चुनावी प्रक्रिया के बाद अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा की समस्त कार्यकरिणी का गठन कर लिया गया।

अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा की नई कार्यकारिणी के गठन के द्वारा अध्यक्ष पद हेतु योगेश्वर अहीर, महासचिव पद पर अनूप राही, वित्त सचिव पद पर संदीप लाहोरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुशील कुमार, उपाध्यक्ष पद पर दीप राज और चंपा अहीर, सयुंक्त सचिव पद पर रोहित रामोत्रा, प्रेस सचिव पद पर अनिल अहीर, केयर टेकर पद पर मनेश रामोत्रा को निर्वाचित घोषित किया गया।

इसके इलावा तिलक राज हितैषी को सोसायटी का मुख्य सलाहकार तथा कर्म चंद्रा को मुख्य संरक्षक चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में प्रेम भूषण, जितेश्वर सूर्या, जोगिंद्र सिंह, जितेन्द्र सूर्या, ऋषि केश, भीम चौहान, तरसेम चौहान, अमृता देवी, चन्द्र लता, दीपक , अरुण डालिया, अविनाश, विजय कुमार व भीम चंद्रा को शामिल किया गया। (अनंत ज्ञान)

# खाद्य पदार्थों की अशुद्धता के साथ समझौता नहीं : सीएमओ

**एमएम डैनियल, चंबा**

गर्मियों का मौसम आते ही जिला में बढ़ते हुए रोगों के प्रकोप को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। दुकानदारों व विक्रेताओं को आवश्यक निर्देश जारी किए। इसके साथ ही रेहड़ियों पर सब्जी का व्यापार करने वालों को गले-सड़े या बासी सब्जी को उपभोक्ताओं को नहीं बेचने के आदेश जारी कर कदए गए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने होटल, ढाबे व दुकानदार वस्तुओं को कहा कि खाद्य पदार्थों की अशुद्धता के साथ कोई समझौता नहीं होगा।

वहीं सड़कों के किनारे आइसक्रीम व पेय पदार्थ विक्रेताओं को अपने उत्पादों को विषाणु रहित साफ व स्वच्छ पानी से बनाकर बेचने को कहा गया है। इसके साथ ही दूध व दूध के बनाए जाने वाले खाद्य पदार्थों को ढक कर रखें ताकि किसी प्रकार के किटाणू खाद्य पदार्थ पर बैठ के उसे दूषित नहीं कर सकें।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जालम सिंह भारद्धाज ने लोगों से अपील की है कि बरसात के मौसम देख लोग पानी को उबालकर पीये ताकि कीटाणु स्वस्थ मनुष्य के शरीर में प्रवेश नहीं कर पाएं।

उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि वह स्वच्छता के प्रति जारी निर्देशों का पालन कर सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति दुकानदार या अन्य खाद्य पदार्थों के व्यवसायी को नियमों की अवहेलना करते हुए पाता है तो इसके बारे में स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें। (अनंत ज्ञान)

### व्यक्ति से चिट्टा बरामद

**हमीरपुर।** सदर थाना के पुलिस कर्मचारियों ने एक व्यक्ति से 6.83 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी की पहचान अंशुल शर्मा पुत्र पवन कुमार, निवासी गांव चुनाण को गिरफतार करके व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

एसपी भगत सिंह ने बताया कि व्यक्ति के खिलाफ पुलिस थाना हमीरपुर में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# बिजली की आंख-मचौनी से उपभोक्ता परेशान

**एमएम डैनियल, चंबा**

मुख्यलाय के विद्युत उपभोक्ताओं में विद्युत आंख-मचौनी का दर्द एक लंबे अर्से से सहन कर रहे है। क्षेत्र ग्रामीणों का विद्युत बोर्ड चंबा पर आरोप है कि दिन के समय बोर्ड द्वारा घोषित कट व अब रात्रि दौरान अघोषित कट लगाने का नया सिलसिला पिछले कुछ दिनों से आरंभ कर रखा है।

हालांकि उपभोक्ताओं द्वारा इस दिशा में विद्युत बोर्ड कर्मियों व अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी बोर्ड ने कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठ पाए है। जिसके चलते उपभोक्ताओं में बोर्ड के प्रति गहरा रोष पनप रहा है।

शहर विद्युत उपभोक्ताओं में अनिश कुमार, सरना राम, रवि कुमार, अनुज कुमार, छविन्द्र कुमार, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण आदि का कहना है कि महीनें में गिने-चुने दिनों में ही विद्युत सप्लाई व्यवस्था सुदृढ़ रहती है। जबकि बारिश के दिनों से लेकर हल्की हवा का झौंका आने पर भी यहां हालात ऐसे है कि क्षेत्र की विद्युत गुल हो जाती है। वहीं रात के दौरान भी बिजली के गुल होने से उपभोक्ताओं को दिन रात परेशानी के दौर से दो चार होना पड़ रहा है। जिसके स्थायी समाधान के लिए कई मर्तबा बार उपभोक्ताओं ने बोर्ड अधिकारियों व कर्मियों से गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन हर बार अधिकारियों की ओर से उपभोक्ताओं को आश्वासन अधिक प्राप्त हुए है। जबकि समस्या समाधान के लिए कोई व्यापक कदम नहीं उठ पाए है।(अनंत ज्ञान)

# चंबा-हिमगिरी मार्ग पर वाया बरोटी बस चलाने की मांग

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा हिमगिरी (सदरूणी) मार्ग पर लोगों ने बाया निगम की बस सेवा शुरू करने की मांग उठाई है। धारगला से हिमगिरी (पंझेई) को जोड़ने वाले इस सड़क मार्ग पर एक निजी बस चलने से लोगों को जान को जोखिम में रख कर ओवरलोड़ बस में सफर करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह निजी बस सुबह सात बजे के करीब चंबा के लिए रवाना होती है, जिसके बाद उक्त मार्ग पर दिनभर किसी तरह की कोई बस सेवा नहीं है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वे पहले ही उक्त मार्ग पर चंबा की सीधी बस सेवा शुरू करने को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक को मांग पत्र सौंप चुके हैं, लेकिन अभी तक बस सेवा शुरू नहीं हो पाई है। लोगोंन ने निगम प्रबंधन से बस सेवा शुरू करने की गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)

# ओलावृष्टि से मक्की की फसल बर्बाद

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा जिले में इस बार मौसम की बेरुखी ने किसानों को एक बार फिर से निराश कर दिया है। जिला में तूफान चलने तथा ओलावृष्टि होने से मक्की की फसल काफी हद तक बर्बाद हो गई है जिससे किसान काफी चिंतित हैं। कई क्षेत्रों पर तो इस बार इतनी जायदा बारिश हुई है कि वहां पर खेतों ले हल चलना मुश्किल हो गया है और कई जगहों पर नाममात्र ही बारिश हुई है। जिससे चंबा के किसानों को अभी से चिंता सताने लगी है कि इस बार भी इनकी मक्की की पैदावार में काफी कमी आएगी जिससे उन्हें आर्थिक रूप से काफी नुक्सान उठाना पड़ेगा।

मौसम की बेरूखी से किसान काफी परेशान हैं तथा अब तो इंद्र देवता से मेहरबानी की प्रार्थना कर रहे हैं। मौसम का यही मिजाज रहा तो किसानों को काफी अधिक नुक्सान उठाना पड़ सकता है। किसानों का कहना है की पिछली गेहूं की फसल के दौरान ओलावृष्टि से काफी नुकसान हुआ था और अब मक्की व धान की विजाई के समय बारिश का न होना फसल की लिए नुकसानदेय हो सकता है।

उधर उपनिदेशक कृषि विभाग चंबा डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि आगाम दो दिनों के पश्चात मानसून आने की मौसम विभाग ने बताया है। उन्होंने कहा कि सूखे की मार से फसलों को बचाने के लिए कूल इत्यादि के इंतजाम करने पड़ते है। जिसके लिए सरकार व विभाग विभिन्न योजनाओं से किसानों को समय-समय पर लाभांवित भी करते है। (अनंत ज्ञान)

# विकास की आंखों से दूसरे परिवार को मिली रोशनी

**रितेश, सरकाघाट**

डरवाड़ गांव निवासी 38 वर्षीय विकास उर्फ विक्कू अपने घर के नजदीक हुई अपनी ही कार की 3 जून को हुई दुर्घटना में गंभीर रूप में हो गए थे और दो दिन पहले 15 जून को पीजीआई चंडीगढ़ में उनकी मौत हो गई, जिससे उनके परिवार में तो सदा के लिए अंधेरा छा गया लेकिन परिवारजनों विशेषतौर पर बढ़े भाई केहर और उनके जीजा रवि कुमार द्वारा उनकी आंखें दान करने के फैसले से किसी के जीवन में रोशनी देने के फैसले की इलाके के सभी लोग सरहाना कर रहे हैं।



मृतक के इकलौते सात साल बेटे नोनू-ऋतुल ने 7 वर्ष की उम्र में ही पिता को खो दिया। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया। सात वर्षीय बेटे द्वारा जब पिता के अंतिम संस्कार की रस्में अदा की गई तो हर किसी की आंखे नम थी। उनकी इस असमायिक मृत्यु पर प्रधान रणजीत सिंह उप प्रधान नरेंद्र पठानिया, पंचायत समिति सदस्य चंपा वार्ड पंच यशवंत सिंह के अलावा सुरेश कुमार, रणबीर शास्त्री, रणबीर रागड़ा, बालकृष्ण, मोहन लाल अन्य ने शोक व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

# देव पशाकोट की पूजा के साथ उरला का करालड़ी मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, पधर**

पधर उपमंडल के ग्राम पंचायत उरला के करालड़ी में तीन दिवसीय देवता मेला सोमवार को धूमधाम से शुरू हुआ। चौहारघाटी के पहाड़ी बजीर नाम से विख्यात आराध्य देव पशाकोट बतौर मुख्यातिथि शरीक हुए। देवता ने लगभग अढ़ाई लाख से बनी नई सरायं का उद्घाटन करने के उपरांत मेले का विधिवत शुभारंभ किया। पंचायत प्रधान ममता देवी और मंदिर कमेटी प्रधान पूर्ण चंद सहित अन्य कमेटी सदस्यों ने देवता की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

ग्रामीणों ने देवता से मन्नत मांगने के साथ साथ मनौतियां भी चढ़ाई। इससे पहले देवता के गुरों ने देव खेल में ग्रामीणों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया।



करालड़ी मेले के शुभारंभ दौरान आराध्य देव पशाकोट की पूजा-अर्चना की गई।

सज मंगलवार दोपहर को देवता फिर मेले में अपने मंदिर में विराजमान होंगे। मंगलवार को देवता का ठहराव भी करालडी गांव में होगा। जबकि बुधवार सुबह हारका का भी होगा जिसमें लोगों की अपनी पूछताछ व आशीर्वाद लेते है का आयोजन होगा । उसके उपरांत मेले के समापन बाद देवता उरला बाजार से होते हुए राजन, रडाहण और बरठवाण गांव रवाना होंगे।

पंचायत प्रधान ममता देवी ने बताया कि आज मंगलवार को महिला मंडल और स्कूली विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले का आकर्षण रहेंगे। जबकि बुधवार दोपहर को कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व उपप्रधान व मेला कमेटी प्रधान डॉ पूर्ण चंद , प्रधान उरला ममता देवी, पंचायत उपप्रधान हरीश ठाकुर, रमेश कुमार, वरिष्ठ दुम्मच ओम प्रकाश, अच्छर सिंह, देव कमेटी सदस्य विजयेंद्र मुगलाना, राजेंद्र कुमार, नवीन, दीप कुमार शर्मा, गोपाल सिंह, राम सिंह, इंद्र सिंह, नवल किशोर, साहडू राम, पुजारी सोहन सिंह, भादर सिंह, हेमकांत, पृथ्वि सिंह सहित अन्य कारदार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# जोगिंद्रनगर में एक बार फिर मौसम ने बदली करवट

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

सोमवार को जोगिंद्रनगर में मौसम का मिजाज बदलने से लोगों ने गर्मी में राहत की सांस ली। सुबह धूप खिली रही। वहीं दोपहर होते ही मौसम ने करवट बदला। इसके बाद दोपहर तीन बजे शहर सहित ग्रामीण इलाकों में गरज, चमक के साथ बारिश हुई। लगभग एक घंटे तक बारिश होने से लोगों को ठंडक का अहसास हुआ।

इसके बाद शाम तक बादल छाए रहे। वैसे तो मौसम में उतार-चढ़ाव का खेल पिछले सप्ताह से चल रहा है। लेकिन बारिश नहीं होती थी। वहीं सूर्य की तपिश से बचने लोग अपने घरों में ही दुबके रहते थे। दोपहर के समय गलियां सुनसान रहती थी। लेकिन सोमवार को हुई बारिश से गलियां सूनी नहीं रही। लोगो ने बारिश का लुत्फ उठाया। (अनंत ज्ञान)



जोगिंद्रनगर में बारिश के दौरान।

### सूडोकु 0099 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0098 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

18 जून, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** एकादमीः (6:26) : **नक्षत्र :** स्वाति (3:56), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** शिव (9:38) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:54-12:50), **राहुकाल** (03:51 -5:36

### विशेष दिन

- 18 जून : झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की पुण्य तिथि आज।
- 18 जून : निम्बार्क वैष्णव समुदाय आज मनायेगा निर्जला एकादशी।

**मेषः** आपके रहन-सहन से लोग प्रभावित होंगे। खान-पान अनुकूल मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा तथा मन में प्रसन्नता होगी। कार्यस्थल पर रुचि बढ़ेगी।

**वृषभः** जरूरी दस्तावेज संभाल लें। मनोवांछित सफलता प्राप्त करेंगे। पारिवारिक सुख व सहयोग बढ़ेगा। पिता या किसी बड़े किसी व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुनः** अनचाहे काम करना होंगे। दांपत्य संबंध में सुधार होगा। व्यवसायिक स्थिति में पहले से राहत मिलेगी। नई योजना बनेगी। घर-परिवार का सुख बढ़ेगा।

**कर्कः** कमजोर रणनीति के कारण मनचाही सफलता नहीं मिल पाएगी। नए कार्यक्षेत्र में प्रवेश की संभावना है। आर्थिक मामलों में राय लेना बेहतर रहेगा।

**सिंहः** परिवार के मांगलिक आयोजनों की रूपरेखा बनेगी। ज्ञान-चित्रकारी में रुचि बढ़ेगी। कानूनी झंझटों से राहत मिल सकती है।

**कन्या :** दिन अनुकूल है, स्वास्थ्य में सुधार होगा। मन में निराशा व उदासी का भाव खत्म होगा। किसी को भी अपने राज न बताये। अपकीर्ति हो सकती है, सतर्क रहें।

**तुलाः** सूझ-बूझ द्वारा कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी क्षमता, योग्यता का भरपूर इस्तेमाल करेंगे और सफल होंगे। रुका पैसा प्राप्त करने के प्रयास सफल होंगे।

**वृश्चिकः** निर्माण कार्य में हो रहे विलंभ से चिंता बढ़ेगी। दाम्पत्य सुख मिलेगा। व्यापारिक तथा कार्यक्षेत्र में उन्नति के लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**धनु :** रुके निर्माण कार्यों में गती आयेगी। साझेदारी के कार्यों में विशेष लाभ होगा। व्यवसायिक समय शुभ रहेगा। साहस व पराक्रम के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे।

**मकरः** नई ऊर्जा के साथ दिन की शुरुआत होगी। घरेलू कामकाज के चलते व्यस्त रहेंगे। कार्यस्थल पर नौकरों की समस्या बनी रहेगी। भूमि भवन में निवेश कर सकते है।

**कुंभ :** आपकी बातों को महत्व मिलेगा। परिजनों के साथ यात्रा होगी। विवाह में आ रही अड़चन दूर होगी। पसंदीदा भोजन की प्राप्ति होगी।

**मीनः** आपकी मेहनत और सूझ-बूझ से उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। समय शुभ व अनुकूल फलों को देने में समर्थ होगा तथा मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

# किड्स कैंप स्कूल चुवाड़ी में वार्षिक सम्मेलन आयोजित



प्रबंधकों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

आईईएसएल हिमाचल प्रदेश यूनिट चुवाड़ी का वार्षिक सम्मेलन किड्स कैंप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चुवाड़ी के प्रागण में आयोजित किया गया।

इस मौके पर वीरांगनाओं व भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया। यूनिट द्वारा औसर्वर ऑर्डिनरी कैप्टन पीसी थापा व केएस थापा व किड्स कैंप पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष राकेश ठाकुर व प्रिंसिपल सीमा ठाकुर को शॉल से सम्मानित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से बृजलाल शर्मा को दूसरी बार आईईएसएल यूनिट का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष करण सिंह, महासचिव सुरेश को चुना गया।

# एक्यूप्रेशर और न्यूरोथैरेपी चिकित्सा शिविर संपन्न

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

रोटरी क्लब के सौजन्य से लगाया गया पांच दिवसीय एक्यूप्रेशर और न्यूरोथैरेपी चिकित्सा शिविर का विधिवत रूप से समापन हुआ। शिविर का समापन रोटरी क्लब के चार्टर अध्यक्ष रोटेरियन रंजीत चंद कटोच ने किया।

समापन कार्यक्रम में रोटरी जिला 3070 के असिस्टेंट डिस्ट्रिक गवर्नर रोटेरियन मेजर ज्ञान चंद बरवाल, अजय ठाकुर, अमर सिंह जसवाल, राम लाल वालिया, क्लब के सचिव विनोद राठौर, रोटेरियन डॉक्टर भाग चंद ठाकुर, रोटेरियन रमन सूद, डॉक्टर शशि कुमार सकलानी, रोटेरियन सुरेंद्र ठाकुर ने हिसा लिया। समापन समारोह में रोटेरियन रंजीत चंद कटोच ने बाहर से आए डॉक्टर को अवार्ड सर्टिफिकेट देकर समानित किया साथ ही जोगिंद्रनगर उपमंडल के सभी उन लोगों का आभार प्रकट किया जिन्होंने इस कैंप का फायदा उठाया।

रोटेरियन अजय ठाकुर ने कहा कि स्थानीय लोगों ने इस कैंप को लगाने के लिए रोटरी क्लब का आभार प्रकट किया। रोटेरियन अजय ठाकुर ने कहा की भविष्य में भी इस तरह के कैंप लगाए जाएंगे जिस से आम लोगों को इसका भरपूर फायदा मिले।

रोटेरियन अजय ठाकुर ने जानकारी दी कि रोटरी क्लब पहली जुलाई से शुरू होने जा रहे नए रोटरी वर्ष के उपलक्ष पर राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जाने वाले अन्नपूर्णा दिवस को मनाया जाएगा जबकि 6 जुलाई को रोटरी क्लब के माध्यम से आखों के फ्री चेक अप कैंप का आयोजन जिला मंडी के धर्मपुर में किया जाएगा।

इस दौरान मेलाराम सूद आई हॉस्पिटल पालमपुर के आखों के डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने धर्मपुर, सरकाघाट उपमंडल के सभी लोगों से अनुरोध किया की वह धर्मपुर आकार कैंप का फायदा उठाएं। (अनंत ज्ञान)

# जिले में धूमधाम से मनाया ईद-उल-अजहा का पर्व

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा के विभिन्न स्थानों पर ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुख्यालय के चौगान नंबर पांच में जामा मस्जिद सदर इमाम मौलाना मोहम्मद यासीन रजा की अगुवाई में सामूहिक नमाज अदा की गई, जिसमें नमाज के दौरान आपसी भाईचारे और विश्व शांति सहित हिंदु-मुस्लिम भाईचारे की कामना की दुआ मांगी गई।

इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया के सदर सैयद डॉ. इसरार अली शाह ने इस्लामिया पदाधिकारियों व सदस्यों सहित विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई। नमाज के पश्चात जामा मस्जिद सदर इमाम मौलाना मोहम्मद यासीन रजा ने ईद उल फितर के संदर्भ में बताया कि पवित्र कुरान में धीशों में इस का पूर्ण व्यख्यान मौजूद है। जिसमें इंसान गलत राहों की कुर्बानी कर नेक जिंदगी एवं खुदा के दिखाएं हुए राह का अनुसरण करें।

उन्होंने कहा कि पवित्र कुरान इंसान को अनुशासन से लेकर गलत कार्यों से तोबा का सबक सिखाता है। उन्होंने कहा कि एक सच्चा मुस्लान वह ही है जो कि अपने जीवन को सादगी एवं खुदा के दिए कलामों के मुताबिक चलाएं और हर इंसान से प्रेम, मोहब्बत सहित अमन-शांति के रूप में जीवन व्यतीत करें।



ईद-उल-अजहा का पर्व मनाने के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग।

इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया के सदर सैयद डॉ. इसरार अली शाह ने जिलावासियों को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने समुदाय के लोगों से नेक मार्ग पर चलकर इंसानियत की सेवा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिला चंबा में मुस्लिम व हिंदु समुदाय के रिश्ते मुधर है और सदैव रहेंगे।

वहीं जिला के विभिन्न हिस्सों से लोग सज-धजकर सुबह ही मुख्यालय पहुंचने शुरू हो गए थे। होली पावर प्रोजेक्ट में कार्यरत अन्य राज्यों के लोग भी ईद-उल-जूहा की नमाज अदा करने के लिए चंबा पहुंचे थे। जबकि जिला के तीसा के शिकारी मोड, शक्ति नाला और गडफरी, सलूणी के ज्वांस और डांड, साहो, प्लयूर, साहो व जडेरा, बकाणी, डलहौजी, चुवाड़ी व सिहुंता आदि में ईद-उल-अजहा मनाई गई। (अनंत ज्ञान)

**प्यार** के लिए भूख को मिटाना, रोटी के लिए भूख को मिटाने से कहीं ज्यादा मुश्किल है। **–मदर टेरेसा**

## संपादकीय

# रेल हादसों के लिए जिम्मेदार कौन?

पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में हुए रेल हादसे ने सबको झकझोर कर रख दिया है। खड़ी कंजनजंगा एक्सप्रेस ट्रेन को मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कई सवाल उठ रहे हैं। हादसे के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है? इस रेल हादसे के बाद काफी बवाल मचा हुआ है। कोई इसे मानवीय भूल बता रहा है तो वहीं, विपक्षी दलों को बैठे बिठाए ताजा तरीन बनी एनडीए सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। विपक्ष ने एनडीए सरकार की कार्यशैली पर ही प्रश्नचिन्ह लगाने शुरू कर दिए हैं और वे लगाएं भी क्यों नहीं, क्योंकि पिछले साल भी भीषण ट्रेन हादसे में एक साथ तीन ट्रेनों की बोगियां आपस में टकराई थीं और 233 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले भी भारतीय रेल मौत का सफर बनती रही है। भारत में जितने भी ट्रेन हादसे होते हैं, उनमें ज्यादातर या तो मानवीय भूल रहती है या फिर लापरवाही की वजह से ट्रेन हादसे होते हैं।

कारण चाहे जो भी हों, रेल यात्रियों को सुगम और सुरक्षित सफर मुहैया करवाना सरकार का काम है। रेलवे का संचालन और रखरखाव करने वाले रेलवे का स्टाफ कई बार थकान से जूझता रहता है, जिससे उसके सेफ्टी नियमों और प्रक्रियाओं को नजरअंदाज करने का खतरा ज्यादा रहता है। यही मानवीय भूल या लापरवाही की बड़ी वजह बनती है। मानवीय चूक या लापरवाही में अक्सर गलत सिग्नल दे देना, मिस कम्युनिकेशन, ओवर स्पीड या खामियों को नजरअंदाज कर जाना जैसी बातें शामिल होती हैं। कई बार रेलवे के स्टाफ को पर्याप्त ट्रेनिंग नहीं मिल पाती है। इससे उनके प्रदर्शन और समन्वय पर असर पड़ता है। ट्रेनों की आवाजाही और दिशा-निर्देश को कंट्रोल करने वाले सिग्नल सिस्टम का फेल होना भी हादसे की वजह है। इसके पीछे तकनीकी खामी, पावर की कटौती या मानवीय गलती भी होती है। गलत सिग्नल देने से ट्रेन गलत ट्रैक पर आ जाती है, जिससे उसके किसी दूसरी ट्रेन से टक्कर होने की आशंका बढ़ जाती है। बीते साल ओडिशा ट्रेन हादसे की अहम वजह यही थी। भारत में पिछले दस साल में हुए ट्रेन हादसों में सैकड़ों लोग बेमौत मारे जा चुके हैं। ट्रेन हादसों को रोकना भारतीय रेलवे के लिए एक चुनौती बन गया है।


ऐसा भी नहीं है कि इन हादसों को रोकने के प्रति रेलवे गंभीर नहीं है, बल्कि रेलवे ने हादसों को रोकने के लिए एक 'कवच' बना रखा है। अब सवाल यह उठता है कि यदि रेलवे ने हादसों को रोकने लिए 'कवच' सिस्टम बनाया है तो वह इस ट्रेन हादसे को कैसे नहीं रोक पाया? दरअसल, रेलवे का 'कवच' एक ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम है। इस सिस्टम पर रेलवे ने साल 2012 में काम शुरू किया था। ट्रेन में हर दिन लाखों लोग सफर करते हैं और कई लोग हादसों में अपनी जान गंवा देते हैं। ऐसे हादसों को रोकने के पीछे भारतीय रेलवे का मकसद जीरो एक्सीटेंड का लक्ष्य हासिल करना है। इसका पहला ट्रायल साल 2016 में शुरू हुआ था और चरणबद्ध तरीके से इस सिस्टम का इंस्टॉलेशन किया जा रहा है। 'कवच' सिस्टम में कई इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस और सेंसर शामिल हैं। इसमें रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन डिवाइस को ट्रेन, रेलवे ट्रैक, रेलवे सिग्नल और हर स्टेशन पर एक किलोमीटर की दूरी पर इंस्टॉल किया जाता है।

यह सिस्टम दूसरे कंपोनेंट्स से अल्ट्रा हाई रेडियो फ्रिक्वंसी के जरिए कम्युनिकेट करता है। अगर कोई लोको पायलट (ट्रेन चालक) किसी सिग्नल को तोड़ता है, तो कवच एक्टिवेट हो जाता है। इसके बाद यह सिस्टम लोको पायलट को अलर्ट करता है और फिर ट्रेन के ब्रेक्स का कंट्रोल हासिल करता है। इसके बाद सिस्टम को जैसे ही पता चलता है कि ट्रैक पर कोई दूसरी ट्रेन भी आ रही है, तो वह पहली ट्रेन को रोक देता है। इस तरह के हाई-फाई सिस्टम के बावजूद ट्रेन हादसों का न रुक पाना अचंभे से कम नहीं है। खैर, उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में कोई और बड़ा ट्रेन हादसा न हो। इस हादसे से सबक लेने की जरूरत है। लापरवाही या चूक कैसे हुई, यह भी चिंता का विषय है। इंसान गलती का पुतला होता है, लेकिन एक बार की गई गलती दोबारा न दोहराई जाए तब ही सुधार संभव है। वरना ये सब बातें कागजी ही साबित होंगी और लोग इसी तरह मरते रहेंगे। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### देश और संगठन को समर्पित

**कुप्पाहाली** सीतारमैया सुदर्शन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पांचवें सरसंघचालक थे। मार्च 2009 में वह मोहन भागवत को छठा सरसंघचालक नियुक्त कर स्वेच्छा से पदमुक्त हो गए। केएस सुदर्शन मूलतः तमिलनाडु और कर्नाटक की सीमा पर बसे कुप्पहल्ली (मैसूर) गांव के निवासी थे। सुदर्शन ने महज 9 साल की उम्र में ही पहली बार आरएसएस शाखा में भाग लिया। वह पहली बार 23 साल की उम्र में आरएसएस के पूर्णकालिक प्रचारक बने। संघ में परंपरा है कि पूर्णकालिक प्रचारक विवाह नहीं करते हैं। उन्होंने भी इस परंपरा का निर्वाह करते हुए सारा जीवन देश और संगठन को समर्पित कर दिया। सुदर्शन जी ज्ञान के भंडार, अनेक विषयों एवं भाषाओं के जानकार तथा अद्भुत वक्तृत्व कला के धनी थे। किसी भी समस्या की गहराई तक जाकर, उसके बारे में मूलगामी चिंतन कर उसका सही समाधान ढूंढ निकालना उनकी विशेषता थी।



**केएस सुदर्शन**
**जन्म :** 18 जून, 1931
**मृत्यु :** 15 सितंबर, 2012

सुदर्शन जी अच्छे वक्ता के साथ ही अच्छे लेखक भी थे। यद्यपि प्रवास के कारण उन्हें लिखने का समय कम ही मिल पाता था, फिर भी उनके कई लेख विभिन्न पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किए। अपने धाराप्रवाह उद्बोधन में दोहे, कुंडली, श्लोक तथा कविताओं के उद्धरण देकर वह श्रोताओं के मन पर अमिट छाप छोड़ते थे। सुदर्शन जी का आयुर्वेद पर बहुत विश्वास था। लगभग 20 वर्ष पूर्व भीषण हृदयरोग से पीड़ित होने पर चिकित्सकों ने बाइपास सर्जरी ही एकमात्र उपाय बताया, पर सुदर्शन जी ने लौकी के ताजे रस के साथ तुलसी, काली मिर्च आदि के सेवन से स्वयं को ठीक कर लिया। ■

## अपनी बात

**देश** में बढ़ती हुई जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर साधनों और संसाधनों का विकास आवश्यक है। विकास के कई आयाम हैं और सभी प्रकार के साधनों व संसाधनों की पूर्ति के लिए मानव पूरी तरह से प्रकृति पर निर्भर करता है। वर्तमान में विकास के लिए और मानव जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रकृति के साथ अवैज्ञानिक ढंग से किया जा रहा खिलवाड़ निश्चय ही एक गंभीर चुनौती बन गई है। आलम यह है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई व पहाड़ों का कटाव प्रकृति के स्वरूप के साथ खिलवाड़ कर रहा है। परिणाम स्वरूप असमय वर्षा व भूस्खलन से मानव जाति के अस्तित्व को खतरा पैदा हो रहा है। विकास जो मानव जीवन जीने में ही रोड़ा बन जाए, वह किस हद तक न्यायोचित हो सकता है, यह अत्यंत चिंतनीय विषय है। आज घटित हो रहीं अप्राकृतिक घटनाओं से मानव जीवन निसंदेह खतरे में पड़ गया है। विकास के साथ जुड़े लोगों, शासन व प्रशासन को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। विकास की अवधारणा में परिवर्तन के कई आयाम शामिल हैं, जिसमें धन का सृजन (अर्थात, तीव्र और निरंतर आर्थिक विकास) शामिल है। **-विक्रम, चंबा।**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
*editoranantgyaan@gmail.com*

# समाज के लिए आदर्श बनीं वीरांगना लक्ष्मी बाई

**रानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस पर विशेष**

हम महारानी लक्ष्मी बाई को स्वाधीनता की लक्ष्मी कहें तो अनुचित नहीं होगा। अपने देश, धर्म और स्वतंत्रता के लिए इस भारतीय नारी ने अपना आत्म बलिदान कर दिया था। वह भारतीय स्वाधीनता की पहली रानी एवं देवी थी। झांसी का दुर्ग एवं महल स्वराज्य का मंदिर है। इस महल के कण-कण में स्वाधीनता का इतिहास छिपा है, जिसे पढ़ना चाहिए। इस दुर्ग में रानी झांसी की अमर आत्मा वहां के वातावरण को आज भी सिंहनाद से कंपायमान करती है। झांसी भी मेरी है। इसे किसी को जीते जी नहीं दूंगी। झांसी की रानी का मूलमंत्र ही स्वाधीनता और स्वाभिमान का परिचय यही रहा है।

लक्ष्मी बाई मोरोपंत एवं भागीरथी बाई की लाडली एकमात्र संतान थी। इनका जन्म कार्तिक कृष्ण पक्ष चर्तुदशी संवत 1811 को हुआ। पैदा होते समय कौन जानता था कि एक दिन यह वीरागंना बनकर अपना नाम अमर करेगी। उसके जन्म के समय ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की थी कि यह बालिका एक दिन संसार के इतिहास में अपना नाम सदा के लिए जरूर अमर करेगी। उनका बचपन का नाम मनु था और सारा बचपन नाना साहब के साथ बीता। बाजीराव पेशवा ने दोनों की शिक्षा-दीक्षा का प्रबंध एक साथ कर रखा था। लिखना, पढ़ना, अस्त्र-शस्त्र विद्या और घुड़सवारी मनु ने थोड़े समय में ही सीख ली। उस समय झांसी पर गंगाधर राव का राज था। मां-बाप ने उससे मनु का विवाह कर दिया। वहां की रानी बनने पर बिठुर जाने का अवसर नहीं मिला। विवाह के कई वर्ष पश्चात संतान नहीं हुई। अतः आनंद राव दामोदर नामक लड़का गोद लिया। उस समय अधिकतर अंग्रेजों का सिक्का जम चुका था। अतः गवर्नर जनरल को स्वीकृति के लिए पत्र लिखा। इस समय लॉर्ड डलहौजी भारत को अपने अधीन करने में लगा था। अतः पत्र पर कोई गौर नहीं हुआ। एक इतिहासकार ने लिखा है कि रानी के सारे प्रयत्य व्यर्थ गए। अतः पति की मृत्यु पर झांसी का राज्य अंग्रेजों ने अपने राज में मिला लिया। मां-बेटे को गुजारा भत्ता दिया गया। अठारह वर्ष में विधवा होने पर महारानी की दिनचर्या एक परम पवित्र हिंदू नारी सदृश वाली रही। गोद में नन्हा बालक शत्रुओं से अपनी रक्षा करने में कठिनता पाई। रानी नित्य कर्म से निवृत्त होकर पूजा-पाठ, ईश्वर भक्ति में और धन, धर्म, कर्म में व्यस्त रहने लगी। अधिक समय पुराणों एवं महाभारत कथाओं में सुनने में लगाती थी। लगता था कि रानी ने वैराग्य ले लिया हो। दत्तक पुत्र का उपनयन संस्कार किया। इस अवसर पर अंग्रेजों ने उसको सात लाख में से केवल एक लाख दिया पर रानी कुछ नहीं बोली थी। कभी द्वेष या वैमनस्य भाव अंग्रेजों के विरुद्ध उठने नहीं दिए। जब अंग्रेजों ने कूटनीति से झांसी को हड़पा तो उनकी नीति स्पष्ट होती दिखाई दी गई। इनका आगे विश्वास करना क्या ठीक होगा।



**लेखक : सुदर्शन अवस्थी इंदु**
नगरोटा बगवां

स्वतंत्र राजे असंतुष्ट हुए। बगावत की तैयारी पनपने लगी। ऐसा स्वाधीन शासक और शिवाजी वंशज नहीं चाहते थे। व्यापार करने आया अंग्रेज हमें मोल ले। विदेशियों को बाहर करने के प्रयन्न शुरू हुए। सभी ने लक्ष्मीबाई को चुना। रानी ने अंत तक घुटने नहीं टेके।

एक भारतीय नारी होते हुए पूरी लगन साथ अपनी सेना का कुशल नेतृत्व किया। जोश एवं एकता को कूट-कूट कर अपनी सेना में भरा। केवल झांसी ही नहीं, अपितु सारे भारत को स्वतंत्र कराने की चेष्ठा की। उस समय महाराष्ट्र में एक विशेश परंपरा थीं, जिसके अनुसार विधवाओं को अपना सिर मुंडवाना पड़ता था। रानी ने ऐसा करने से इंकार किया था। रानी ने कहा मैं अपना सिर तभी मुंडवाऊंगी, जब भारत आजाद होगा अन्यथा यह काम स्वयं चित्ता में पूर्ण होगा। लक्ष्मी बाई के अद्भुत साहस को न केवल भारतीय, अपितु अंग्रेज भी मानते थे। जब सर रोस ने मार्च 23, 1858 को झांसी के विरुद्ध युद्ध छेड़ा, रानी ऐसी लड़ी कि स्वयं रोस को कहना पड़ा कई वीर सेनाध्यक्षों में सबसे अधिक साहसी रानी झांसी ही रही। अंग्रेजों के मुकाबले अपेक्षाकृत कम सैनिकों के साथ लड़ी। रानी ने कभी नियम और कानून नहीं तोड़े, जब उनके सैनिकों ने अंग्रेजों के किलों को ध्वस्त कर दिया, तब रानी ने फिरंगियों की विनती पर उनके बच्चों और पत्नियों को अपने यहां शरण देकर उदारता का प्रमाण शत्रुओं के सम्मुख रखा। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी जून 18 को रानी ने प्रातः स्नान आदि से निवृत्त होकर गीता के एक अध्याय का पाठ किया। मर्दाना लाल कुर्त्ती पोषाक पहनी। कटि के दाएं-बाएं एक-एक तलवार और लालजरदारी साफा, लोहे के दस्ताने, भुज बंद पहने। उनके पांचों सरदार आ गए। सुंदर ने कहा, सरकार घोड़ा लंगड़ाता है। रानी ने कहा दूसरा लाओ। इसी बीच तोपों की गर्जना हुई। रानी मुस्कुराई और बोली तांत्या की तोपों का जवाब है। जूही की तोप चलाने का आदेश दिया। उत्तर-पश्चिम के मोर्चे गरम थे। दक्षिण में वांदा नबाब थे। अतः रानी पूर्व की ओर गई। कई बार अंग्रेजों से सामना और भिड़ना हुआ। मानो चूहे-बिल्ली खेल रहा।

रानी ने अंग्रेजों के खूब छक्के छुड़ाए। पेशवासेना ने अंग्रेजी सेना खत्म की। दो तोपें अंग्रेजों ने छीन लीं। तेज युद्ध हुआ। अंतिम बार रानी ने लगाम दांतों से थामी और दोनों हाथों से तलवारें चलाईं। आगे बढ़ती गई और दक्षिण पश्चिम में सोनरेखा नाला था। उसके आगे गंगादास की कुटिया रही। मुंदरिसहेली रानी साथ थी। दाएं-बाएं रघुनाथ और रामचंद्र देशमुख, पीछे गुल मुहम्मद और पच्चीस के लगभग सैनिक रहे। अतः अंग्रेजों ने सभी को घेर लिया। तांत्या युद्ध विद्या के प्रकांड पंडित थे। अंग्रेज सैनिकों को छोड़कर तांत्या के पीछे हुए। सूर्यास्त होने वाला था। एक अंग्रेज ने सुंदर पर पिस्तौल दागी। मरते मरते शब्द निकले। बाई साहब मैं मरी। रानी नाले के किनारे पहुंची, पर घोड़ा अटक गया और अंग्रेज सवार आ गए। एक ने पिस्तौल से रानी पर वार किया। गोली बाईं जांघ पर लगी। घोड़ा अड़ गया। अतः रानी पीछे हटी। वह खून से लथपथ थी। गुल मुहम्मद अंग्रेज की ओर भागा, पर अंग्रेज अधिकारी ने रानी के सिर पर वार कर दिया।


रानी घायलावस्था में आगे बढ़ी और गुल मुहम्मद ने उस अंग्रेज के दो टुकड़े कर दिए। देश मुख ने रानी को संभाल कर उतारा और गंगादास की कुटिया में ले गया। रानी ने पानी के लिए मुंह खोला। बाबा ने गंगा जल दिया। रानी ने ओम वासुदेवाय नमः कहकर प्राण छोड़े। देशमुख ने रोकर कहा झांसी का सूर्य डूब गया तथा चिता चुनकर अग्निदाह किया। रानी भगवान पर विश्वास रखती थी। अतः हर-हर महादेव और गीता की पंक्तियां दोहराती रही थी। हे वासुदेव मैं आपकी षरण आ रही हूं। रानी ने 18 जून, 1858 को जब बलिदान दिया तो उनकी आयु 47 वर्ष थी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# हमीरपुर उपचुनाव का एक और बिगुल

हिमाचल प्रदेश में घोषित किए गए तीन उपचुनावों में से हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र का चुनाव विशेष तौर पर चर्चित रहने वाला है। सबसे पहले यदि इन चुनावों को अनावश्यक रूप से थोपा गया माना जाए तो गलत नहीं होगा। दूसरे इन चुनावों को बड़ी सरलता और बिना किसी अतिरिक्त और अनावश्यक खर्च से लोकसभा चुनाव के साथ करवाया जा सकता था।



**लेखक : डॉ. रमेश शर्मा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इससे आगे बढ़कर सत्य यह है कि सत्तारूढ़ दल की कमजोरी के कारण प्रदेश को नौ सीटों पर उपचुनाव का झंझट पड़ा है। यह उसकी अंदरूनी खींचतान के कारण हो अथवा परिस्थितियों के गलत आकलन की बजह से हो अथवा रणनीति हो। 'इधर-उधर की तू बात न कर मुझे बता कि काफिला क्यों रुका'। भारत चुनावों का देश है या चुनावों का ही देश है। सरकार के जनहित के काम और निर्णय अटके रहें, जंगल आग से धधकते रहें, बिजली पानी के लिए त्राहिमाम हो, नौकरी की प्रक्रिया स्थगित रहे, सड़कों की रिपेयर अटकी रहे, करदाता और गरीब का पैसा बरबाद होता रहे, कोई फर्क नहीं पड़ता।

मई-जून की लू हो अथवा ड्यूटी पर कर्मचारी मरते रहें, चुनाव की समयसारिणी और सारा साल चुनाव होते ही रहेंगे। सरकार सुरक्षित है और रहेगी और रहनी चाहिए। जनसाधारण के दृष्टिकोण से ये तीन उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ करवाए जा सकते थे। यह हालत परिहार्य थी। इस क्षेत्र के विधायक निर्दलीय थे। दोनों बड़े दलों के दंगल से कदाचित उन्हें अलग रहना चाहिए था। मतदाता सरकार और उम्मीदवारों से उनका रिपोर्ट कार्ड मांगेगा। मांगना भी चाहिए। मुद्दे स्थानीय होंगे। मोदी लहर नहीं चलेगी। यद्यपि यह हमीरपुर भाजपा का गढ़ रहा है, लेकिन इस बार चुनाव मुख्यमंत्री की साख का भी होगा, इसलिए रोचक टक्कर देखने को मिलेगी। कांग्रेस के उम्मीदवार की सूची अभी तक नहीं आई है, लेकिन वर्तमान विधायक को ही भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस उम्मीदवार का चयन इस चुनाव की दशा और दिशा तय करेगा। अनुराग ठाकुर के मंत्री न बनने के बाद भाजपा की यह पहली परीक्षा होगी। कई मायनों में इस हाई प्रोफाइल सीट पर सबकी नजर होगी और इसके परिणाम सरकार पर तो नहीं लेकिन दलों की सियासत पर दीर्घकालीन असर डालेंगे ।

प्रश्न यह भी है कि विधायक से त्याग पत्र देकर फिर विधायक ही बनना है तो फिर त्याग पत्र क्यों। अब इस प्रश्न का फैसला हमीरपुर की जनता 10 जुलाई को होने वाली मतदान में करेगी, जिसकी मतगणना 13 जुलाई को होनी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



**नौकरी**
चंचल सरोलवी
सरोल, चंबा

*आजकल के दौर में दोस्तो।*
*नौकरी बड़ी दूर।।*
*डिग्रियां लेकर हरदम युवा।*
*सरकार को रहे हैं घूर।।*
*बेरोजगारी की आंच में दोस्तो।*
*युवा झुलसने को मजबूर।।*
*मुफ्त में बांटना बंद करो सबको।*
*नौकरी लगवाओ हजूर।।*
*मेरी बात पर चिंतन करके।*
*गौर फरमाना जरूर।।*
*आजकल के दौर में*
*दोस्तो नौकरी बड़ी दूर!!*

# भारत समेत दुनिया के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे अपने स्वर्ण भंडार

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों में रखे भारत के 100 टन सोने को ब्रिटेन से वापस लाया गया है। यह सोना भारत ने ब्रिटेन के बैंक में रिजर्व के तौर पर रखा था और इस पर भारत प्रतिवर्ष कुछ फीस भी ब्रिटेन के बैंक को अदा करता रहा है। समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं।

पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक ऑफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है।

वर्ष 1947 में भारत के राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक ऑफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक ऑफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है।



**लेखक : प्रहलाद सबनानी**
आर्थिक विश्लेषक एवं स्तंभकार

यहां के बैकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं।

कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार है। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है। भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक ऑफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी। अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है।

वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है। स्वर्ण भंडार सहित आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गए हैं और यह भारत के लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि है। अतः अब भारत को अपने स्वर्ण भंडार बेचने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी, इसलिए भी भारत ने ब्रिटेन में स्टोर किए गए अपने स्वर्ण भंडार को भारत में वापस लाने का निर्णय किया है।

विश्व में आज विभिन्न देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने पास स्वर्ण के भंडार भी बढ़ाते जा रहे हैं। आज पूरे विश्व में अमेरिका के पास सबसे अधिक 8133 मेट्रिक टन स्वर्ण के भंडार हैं, इस संदर्भ में जर्मनी, 3352 मीट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ दूसरे स्थान पर एवं इटली 2451 मीट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ तीसरे स्थान पर है। फ्रांस (2437 मीट्रिक टन), रूस (2329 मीट्रिक टन), चीन (2245 मीट्रिक टन), स्विजरलैंड (1040 मेट्रिक टन) एवं जापान (846 मेट्रिक टन) के बाद भारत, 812 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ विश्व में नौवें स्थान पर है।

भारत ने हाल ही के समय में अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करना प्रारंभ किया है एवं यूनाइटेड अरब अमीरात से 200 मीट्रिक टन स्वर्ण भारतीय रुपए में खरीदा था। हाल ही के समय में चीन का केंद्रीय बैंक भारी मात्रा में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण की खरीद कर रहा है। कुछ अन्य देशों के केंद्रीय बैंक भी अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने में लगे हैं। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण के दामों में बहुत अधिक वृद्धि देखने में आई है और यह 2400 अमेरिकी डॉलर प्रति आउंस तक पहुंच गई है।

कई देश संभवतः अपने विदेशी मुद्रा के भंडार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में स्वर्ण भंडार को अधिक महत्व दे रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर अधिक निर्भरता से कई देशों को आर्थिक नुक्सान झेलना पड़ रहा है। यदि अमेरिकी डॉलर अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत हो रहा हो तो उस देश की मुद्रा का अवमूल्यन होने लगता है। इससे उस देश में वस्तुओं का आयात महंगा होने लगता है और उस देश में मुद्रास्फीति के बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इन विपरीत परिस्थितियों में घिरे देश के लिए स्वर्ण भंडार बचाव का काम करते हैं, इसलिए आज लगभग प्रत्येक देश के केंद्रीय बैंक अपने स्वर्ण भंडार को बढ़ाने के बारे में विचार करते हुए नजर आ रहे हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## पाठकों के पत्र...

**महोदय** मैं ऊना के देहलां गांव का निवासी हूं। मेरी ग्राम पंचायत भी देहलां है, जो कि जिला मुख्यालय से 8-10 किलोमीटर दूर है। दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र के डिजिटल संस्करण का नियमित पाठक हूं। इसमें खबरें और डिस्प्ले अच्छा है। समस्या मूलक खबरें भी अच्छी तरह प्रकाशित हो रही हैं। उद्योगों की स्थिति और कामगारों को लेकर खबरों को अधिक महत्व दिया जाए।

हर वर्ग इस अखबार से जुड़े, इसके लिए कुछ जानकारी अर्थव्यवस्था को लेकर तथा शेयर मार्केट तथा आम लोगों के इस्तेमाल की जरूरी वस्तुओं लोहा और अन्य धातुओं के दाम को लेकर खबरों के अलावा एक्सपर्ट लोगों की राय भी होनी चाहिए। समस्या मूलक के अलावा रोजगारोन्मुखी समाचार और सूचनाएं अधिक होनी चाहिएं। राष्ट्रीय स्तर की खबरों को भी प्रमुखता दी जाए। राज्य सरकार की विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी वाली विशेष खबरें दी जानी चाहिए। अपराध से जुड़े चर्चित समाचार भी प्रमुखता से होने चाहिएं। ऊना के डिजिटल संस्करण तो मिल रहा है, लेकिन अखबार की हार्ड कॉपी स्थानीय एजेंट के पास नहीं अभी नहीं मिल रही है।

**जगत राम ( कर्मचारी नेता )**

**मैं** जिला ऊना के हरोली उपमंडल में बढेड़ा पंचायत का स्थायी निवासी हूं। मेरा क्षेत्र जिला मुख्यालय के पास स्थित है, जो सोमभद्रा नदी तथा एक पहाड़ी के बीच स्थित है। महोदय हमारे क्षेत्र में जंगली जानवरों और किसानों की समस्याएं बहुत हैं। नील गायों का प्रकोप ऐसा है कि कई दफा लोग दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र जिला के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए तो हरोली, पालकवाह, घालुवाल आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए। युवाओं के रोजगार संबंधी सूचनाएं और शिमला में सरकारी और विभागीय समाचार बढ़ाने चाहिए।

**मुकेश कुमार ( बढेड़ा ऊना )**

**मैं** अनंत ज्ञान समाचार पत्र रोज पढ़ता हूं। इस समाचार पत्र की यह बड़ी खासियत यह है कि एक ही अखबार में पूरे हिमाचल की खबरें पढ़ने को मिल जाती हैं। आपके धार्मिक पेज में भी ज्ञानबर्द्धक जानकारी होती है। मुझे आपका ओपिनियन पेज भी बहुत अच्छा लगता है। इसमें आपने देश की समस्याओं से लेकर राजनीति पर अच्छा विश्लेषण किया होता है। आपका यह नया अखबार है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि यह अखबार जल्द की हिमाचल का एक प्रतिष्ठित अखबार उभर कर सामने आए, यही मेरी शुभकामनाएं हैं।

**प्रवीण शर्मा**
**दरंग, जिला कांगड़ा**

**प्रदेश** में शुरू हुए अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने शुरुआत में ही अपने समाचारों तथा क्लेवर से काफी प्रभावित किया है तथा पूरे प्रदेश के समाचारों के सिंगल एडिशन के कारण पूरे प्रदेश के समाचार एक ही समाचार पत्र में मिल जाते हैं। समाचारों तथा संपादन के बेहतर प्रस्तुतिकरण के कारण अपनी शुरुआत से ही अनंत ज्ञान लोगों को पसंद आने लगा है तथा इस पसंद को बनाए रखने में अनंत ज्ञान सफल नजर आता है।

**अजय कुमार, धर्मकोट**

**अनंत ज्ञान** समाचार पत्र धीरे-धीरे अपनी छाप पाठकों के दिलों पर छोड़ रहा है। प्रबंधन और एडिटोरियल टीम के नवाचार विचार से स्टाइल शीट आकर्षक दिख रही है। कंटेंट्स का समावेश भी खबरों में देखने को मिल रहा है। जरूरी और बड़ी खबरों को प्रमुख पृष्ठों में जगह मिल रही है। खबरों का संतुलन भी अच्छा है।

**सुदयान नेगी, सोलन**

**पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं**
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. : 88945-21702***

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सैकड़ों वर्षों का इतिहास समेटे है पिपलू का ऐतिहासिक मेला

## दो रियासतों के लोगों में आपसी संबंधों और भाईचारे को बढ़ावा देने के मकसद से हुई थी इसकी शुरुआत

**राजेश शर्मा, ऊना**

कुटलैहड़ रियासत की कला और संस्कृति की पहचान ऐतिहासिक तीन दिवसीय पिपलू मेले का आगाज हो चुका है। कुटलैहड़ रियासत ऊना जनपद के तहत सोलह सिंगी पर्वत श्रृंखला से घिरी हुई है, यहां प्राचीन काल से सोलह सिंगी धार किलों के समीप पिपलू नामक स्थान पर लगने वाला मेला अपने पीछे लंबा चौड़ा इतिहास समेटे हुए है। मुगल काल के बाद इसका शुभारंभ बताया जाता है। कुटलैहड़ रियासत के अंतिम छोर पर यह स्थान दो रियासतों का संगम स्थल भी था।

दो रियासतों के लोगों में आपसी संबंधों और भाईचारे को बढ़ावा देने के मकसद से इसकी शुरुआत हुई थी और श्री नर सिंह भगवान ठाकुर द्वारा की विशेष कृपा वाले स्थल को इस मेले के लिए चुना गया था। कुटलैहड़ और नादौन (तत्कालीन कांगड़ा रियासत) के लोगों में आपसी रिश्ते बहुत करीबी थे। दोनों रियासतों के लोग एक-दूसरे रियासत में अधिकांश रिश्तेदारियां करते थे। सभी रिश्तेदार वर्षा ऋतु से पूर्व इस स्थान पर सामूहिक मिलन समारोह आयोजित किया करते थे। इसमें सामाजिक रिश्तों के अलावा पशुओं का व्यापार भी जुड़ गया। वर्षा ऋतु से पूर्व दोनों रियासतों के लोग इस पावन स्थल पर एकत्रित होकर उत्सव मनाते थे। सामूहिक भंडारा लगाया जाता था। प्रमुख मेला जो निर्जला एकादशी के रोज होता था, उससे पिछले दिन लोग यहां जुटने शुरू हो जाते थे।


ऐतिहासिक पिपलू का नृसिंह देव मंदिर (ठाकुरद्वारा) जिस पर श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा है।

बताया जाता था कि वर्षा ऋतु के दौरान कुटलैहड़ की लूणखर खड्ड और दूसरी ओर कांगड़ा की मान खड्ड जो ब्यास की सहायक नदी है, उनमें जलस्तर बढ़ जाता था। दोनों क्षेत्र आपस में कट जाते थे, ऐसे में करीब चार से पांच माह लोग आपस में नहीं मिल पाते थे।

**मेले का संक्षिप्त परिचय :** देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल प्रदेश में अनेक देवी-देवताओं के मंदिर हैं। ऐसा ही भगवान नरसिंह का मंदिर जिला ऊना की बंगाणा तहसील के पिपलू (झकरोट) नामक स्थान पर स्थित है। बंगाणा उपमंडल मुख्यालय से सात किलोमीटर की दूरी पर पिपलू में प्रतिवर्ष लगने वाला वार्षिक पिपलू मेला यहां के लोगों का धार्मिक आस्था व श्रद्धा का प्रतीक है, वहीं प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को भी सदियों से संजोए हुए है। बताया जाता है कि 18वीं शताब्दी के प्रारंभ में ऊना क्षेत्र के हटली महेड़ गांव के उतरू नामक किसान को एक दिन स्वप्न हुआ कि जंगल में जाकर आमुक स्थान पर जमीन मे गड़ी शिला को निकालो और उसे नगरोट (अब पिपलू गांव के सूखे पीपल के नीचे रखो। उतरू किसान प्रात: उठकर उस निर्दिष्ट स्थान पर पहुंचा।

औजारों से खुदाई कर एक शिला मिली, वह शिला को घर ले गया, जिससें उसकी आंखों की रोशनी चली गई। उसे अपनी गलती का एहसास हुआ और पीपल की ओर क्षमा याचना करने से उसी क्षण उसकी दृष्टि ठीक हो गई। उसने शिला को उसी सूखे पीपल के नीचे रख दिया। कुछ दिन बाद पीपल हरा हो गया, जो कि आज भी विद्यमान है। पीपल का महत्व बढ़ने लगा, तो बैसाखी नामक व्यक्ति ने भूमि दान की। तत्कालीन कुटलैहड़ रियासत के राजा महेंद्रपाल के पूर्वजों ने मंदिर बनवाया। प्रारंभ में गांव बाग के 6-7 परिवार इस स्थान पर लगभग 300 वर्ष पहले आए थे। कैलाश शर्मा जो इस परिवार से संबंध रखते हैं और आजकल मंदिर प्रबंध समिति में हैं, उन्होंने इसकी पुष्टि की है। महेंद्र सिंह प्रधान का कहना है कि मंदिर की लगभग 6 कनाल भूमि है, जिसमें प्राचीन मंदिर तथा कीर्तन हाल बना है।

मंदिर गुंबद आकार है, जो दक्षिणी भारत की वास्तु कला का नमूना है। मंदिर में पूजा-अर्चना होती रहती है। प्रात: 8 बजे से पूजा आरती शुरू हो जाती है और 10 बजे भगवान नर सिंह को भोग लगाया जाता है, फिर लंगर प्रसाद बांटा जाता है। हिंदुओं के सभी शुभ दिनों, नवरात्र, निर्जला एकादशी पर विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं। निर्जला एकादशी के दिन लोग विशेषकर महिलाएं व्रत रखती हैं और भगवान के मंदिर में शिलाओं पर चढ़ावा अर्पण कर अपने व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। ऊना जिला व हमीरपुर की सीमा पर स्थित यह स्थान भक्तिमय व श्रद्धा का केंद्र बन जाता है, जहां हजारों लोग अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए मन्नत मांगने आते हैं।

यहां उस दिन मीठे पानी का शरबत पिलाया जाता है। लोग भजन कीर्तन, संगत गीत, लोकगीत, ढोल, चिमटा, नगाड़े बजाते आते हैं। कुश्ती का खेल भी होता है और बैलों पशुओं की मंडी लगती है। जिला प्रशासन द्वारा पानी, बिजली, सुरक्षा का उचित प्रबंध किया जाता है।

मेले के दौरान जहां स्थानीय लोग अपनी नई फसल को भगवान नरसिंह के चरणों में चढ़ाते हैं, वहीं भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर धन्य होते हैं। मेले के दौरान सदियों से बजती आ रही टमक की धमक आज भी पिपलू मेले में वैसे ही है, जैसे सैकड़ों वर्ष पूर्व रही है। लोग आज भी टमक की मधुर धुन में मस्त नजर आते हैं और मेले का लुत्फ उठाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### शीतल पेयजल छबीलों की अलग पहचान

मेला क्षेत्र ही नहीं अपितु कुटलैहड़ और बड़सर, नादौन विधानसभा क्षेत्रों में पिपलू मेला को लेकर लोगों में अलग ही उत्साह देखा गया है। प्राचीन समय से ही लोग मेला के रोज जगह-जगह यात्रियों के लिए शीतल पेय की छबीलें लगाते हैं। मेला क्षेत्र में मुछाली (बंगाणा) वालों की छबील के अलावा सेठ नगीना राम, भ्यांबी वालों की छबीलें प्रमुख हैं। प्राचीन समय में ये पियाऊ कहलाते थे।

### आधुनिकता के दौर में विलुप्त होती पुरातन संस्कृति

पिपलू मेला को जिला स्तरीय घोषित किया गया था। इसके बाद प्रशासन की ओर से यहां प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाने लगा। मेला में भीड़ बढ़ने के कारण व्यवस्था स्थानीय प्रशासन की ओर से बनाई जाने लगी। पशु प्रदर्शनी के अलावा खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिला। प्राचीन संस्कृति जो टोलियों के रूप में पहुंचती थी, उनको प्रोत्साहित करने की भी जरूरत है। अब इस मेले में सिने जगत के कलाकार पहुंचकर लोगों का मनोरंजन करते हैं।

### टोलियों से होती थी पहचान और शान

पिपलू मेला में अगर कोई पुरानी परंपरा जीवित है तो अलग-अलग वेशभूषा में आने वाली टोलियां ही बची हैं। ये टोलियां अब तीन से चार पहुंचती हैं, लेकिन कोई समय था तो अपने अपने तप्पे (चार पांच गांवों का समूह) के लोग नाचते गाते बजाते हुए मेले में पहुंचते थे। इससे उस विशेष क्षेत्र की पहचान होती थी। अब भी धुंदला, छपरोह, धनेत और पनसाई (हमीरपुर) की टोलियां मेला क्षेत्र में पहुंचकर पूरे मेला क्षेत्र का गाते बजाते नाचते हुए ऐतिहासिक मंदिर का चक्कर लगाकर धूम मचाती हैं। हालांकि इस धरोहर परंपरा को बढ़ावा देने या बचाने के लिए सरकारी तौर पर प्रयास नाकाफी हैं। एक-दो टोलियां तो अब भी कई किलोमीटर का सफर पैदल तय करते हुए मेला क्षेत्र में पहुंचती हैं।

### कविता — सोलह सिंगी धार



राजपाल कुटलैहिड़ा
स्कूल में प्रवक्ता

हिमालय पर्वत माला में
मंगल सूत्र की तरह
वर्ष भर बाद
फिर सजने लगी है
दुल्हन की तरह सोलह सिंगी धार।
नागिन सी बल खाती
लूणखरी और मान खड्ड
जैसी जुल्फों को संवारती
मचलने को फिर तैयार
नगाड़े की चोट पर,
सोलह सिंगी धार।
ढोल की थाप पर
नाचती और गाती टोलियों
की प्रतीक्षा में नैन बिछाए
टकटकी लगाए, अविचल
स्वागत मुद्रा में खड़ी है
सोलह सिंगी धार।
चिलचिलाती धूप में
छाया विखेरता
हरीतिमा लिए खड़ा पीपल का दरख्त
वर मुद्रा लिए नृसिंह देव
आतुर हैं, निस्वार्थ जनकल्याण के
लिए अपनी गोदी में लिए दुलार
खड़ी है सोलह सिंगी धार।
एक बार पुन: सजेगा हाट-बाजार
झूले, सर्कस, मिठाई, खेलें,
मनभर होगा मनोरंजन
बच्चे, बूढ़े और नौजवान
सभी होंगे आनंद विभोर
दुखों को अपने आंचल में समा
लेगी सोलह सिंगी धार।
अमराइयों की छांव तले
चट्टानों के ऊपर
फिर होंगे रिश्ते पक्के
बहुत से सपने होंगे साकार
बहुतों का बसेगा घर-संसार
सभी की खुशियों में सम्मलित मूक
गवाह होगी, सोलह सिंगी धार।

## युवाओं ने छबील लगाकर दिलाई गर्मी से राहत


डंगोह में छबील लगागकर सेवा के दौरान लोग।

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा।** राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए डंगोह खास में ठंडे पानी की छबील लगाई गई। इसमें लोगों ने मिलजुलकर मीठा शीतल पानी पिलाकर लोगों को गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया। इस पुनीत कार्य मे स्थानीय लोगों भाग लिया। इस पुनीत कार्य मे रविंद्र सिंह राणा, बरिंद्र राणा, कमल राणा, गुरमीत सिंह, सुनील जसवाल, राजेंद्र राणा, अश्वनी जसवाल, नरेश जसवाल, कुलदीप जसवाल, आयुष जसवाल, अरुण राणा, एड़ी, अरब, एनी, हर्षित आदि ने अपना सहयोग दिया। (अनंत ज्ञान)

## प्रचंड गर्मी से हर तरफ पसरा सन्नाटा

**राजेश शर्मा, ऊना**

हिमाचल प्रदेश में प्रचंड करने का सितम जारी है। ऊना के मैदानी इलाकों में सोमवार को पारा 44 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कई दिनों से इसके आसपास ही चल रहा है। सोमवार को जिले में न्यूनतम तापमान भी 25.7 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा।

मौसम विभाग ने 18 जून के बाद बारिश की संभावना जताई है, लेकिन तब तक येलो रेट भी जारी किया गया है, जिससे जिला के लोगों को लू के थपेड़ों को अभी झेलना होगा, हालांकि 18 जून मंगलवार से राहत मिलने की उम्मीद भी लोग लगा रहे हैं। सोमवार को जिला मुख्यालय में दोपहर के समय भीषण गर्मी के साथ हीटवेव चलने से पूरा शहर सुनसान पड़ा हुआ था सड़कों पर भी आवाजाही न के बराबर थी। ईद की छुट्टी के कारण स्कूली बच्चे घरों में ही थे, लेकिन गर्मी से हर तरफ लोगों में हाहाकार मची हुई है। (अनंत ज्ञान)


दोपहर के समय गर्मी के कारण ऊना मुख्यालय में हाईवे पर पसरा सन्नाटा।

## रोहित फौजी ने जीती दंगल की बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट पंचायत व मेला कमेटी के सयुंक्त तत्वावधान में दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में बतौर मुख्यातिथि इकाई प्रमुख अंबुजा सीमेंट लिमिटेड दाड़लाघाट राजेंद्र कुर्मी ने शिरकत की, जबकि अंबुजा सीमेंट के कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र गांधी व मनोज वाजेपयी विशेष अतिथि रहे। दंगल में 120 छोटे बड़े पहलवानों ने अपने दांवपेच दिखाए। इस दौरान दंगल के सभी मुकाबले रोचक रहे। सभी पहलवानों ने दंगल में अपनी पूरी ताकत तथा दाव पेंच दिखाकर उपस्थित जन समूह का भरपूर मनोरंजन किया। इस मौके पर बड़ी माली 11000 रुपए रोहित फौजी करनाल, उपविजेता 10000 सोनी पानीपत, छोटी माली 6100 रुपए मल्लिक पानीपत व उपविजेता 5100 रुपए रणजीत करनाल रहे।

## विधायक विक्कू ने किया ऐतिहासिक पिपलू मेले का शुभारंभ

**अभिषेक कुमार, ऊना**

कुटलैहड़ के विधायक ने सबसे पहले ऐतिहासिक नरसिंह मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा उसके पश्चात झंडा रस्म को पूरा किया। इसके बाद विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का शुभारंभ भी किया गया। मेले को आकर्षक बनाने के लिए पशु मंडी एवं प्रदर्शनी भी लगाई गई।

मुख्य अतिथि विवेक शर्मा (विक्कू) विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा और विवेक शर्मा ने जिला व प्रदेशवासियों को पिपलू मेले की बधाई दी। विवेक शर्मा ने कहा कि मेले हमारी विरासत हैं और इसे सहज कर रखना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि बदलते वक्त के साथ-साथ हमारे प्राचीन मेलों का स्वरूप भले ही बदला हो, लेकिन ऐतिहासिक पिपलू मेला आज भी अपनी प्राचीन सांस्कृतिक स्वरूप में कुछ हद तक यथावथ देखा जा सकता है।


ढोल की टमक पर कार्यक्रम की शुरुआत करते नवनिर्वाचित विधायक विवेक शर्मा।

पिपलू गांव में पीपल के पेड़ के नीचे शिला के रूप में विराजमान भगवान नरसिंह के दर्शनों के लिए मेला अवधि के दौरान हजारों लोग शिरकत करते हैं तथा भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की निर्जला एकादशी को आयोजित होने वाले इस मेले में ऊना, हमीरपुर तथा कांगड़ा जिलों के अतिरिक्त प्रदेश व प्रदेश के बाहर से हजारों श्रद्धालु भगवान नरसिंह के दर्शनों के लिए यहां पहुंचते हैं। मेले के दौरान जहां स्थानीय लोग अपनी नई फसल को भगवान नरसिंह के चरणों में चढ़ाते हैं तो वहीं भगवान का आशीर्वाद भी प्राप्त कर धन्य होते हैं।

मेले के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें हिमाचली लोक गायक विशेष प्रस्तुति कलाकार डॉ. गगन सिंह, रोहित बोहरा, कुसुम जस्सी के साथ स्कूली बच्चे और स्थानीय कलाकारों ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। (अनंत ज्ञान)

## कंप्यूटर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने विधायक से की शिष्टाचार भेंट


कंप्यूटर शिक्षक संघ विधायक राकेश कालिया को सम्मानित करते हुए।

**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक**

कंप्यूटर शिक्षक संघ ऊना के कंप्यूटर अध्यापकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित गगरेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया से शिष्टाचार भेंट की।

उन्होंने विधायक राकेश कालिया को माता चिंतपूर्णी जी की मूर्ति व चुनरी भेंट कर सम्मानित किया व उनकी जीत पर बधाई दी। संघ के जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने कंप्यूटर अध्यापकों की समस्याओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की।

विधायक राकेश कालिया ने उनकी मांगों को सरकार के समक्ष उठाने का पूरा आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदेश शिक्षक संघ के बरिष्ठ सलाहकार अंजय राणा, गगरेट ब्लॉक अध्यक्ष अनीता राणा, जिला उपाध्यक्ष सुरजीत शर्मा, गगरेट ब्लॉक वित्त सचिव संजीबना ठाकुर, लकी गुलेरिया, आरती ठाकुर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## तलमेहड़ा में लगाई छबील, कमाया पुण्य

**अभिषेक कुमार, ऊना**

उपतहसील जोल के तहत पंचायत खरयालता के तलमेहड़ा बाजार में स्थित शनि देव मंदिर के प्रांगण में निर्जला एकादशी पर्व के अवसर पर जहां लोगों ने व्रत रखकर दान पुण्य किया, वहीं जगह-जगह मीठे पानी की छबील लगाई गई। कई स्थानों पर हल्वा, पूरी और चने का प्रसाद भी वितरित किया गया।

वहीं, स्थानीय दुकानदार कृष्ण दास शर्मा (पिंकू) व स्थानीय युवा नवीन शर्मा, सेवादास, सागर, बलबीर सिंह, तारी, डॉ. इंद्रजीत सिंह ने प्रचंड गर्मी में राहगीरों को नींबू पानी व मीठा जल पिलाकर सामाजिक सेवा में अपना योगदान दिया।

नवीन शर्मा ने बताया कि हमारे समाज द्वारा चलाई गई वर्षों पुरानी रीत के अनुसार ज्येष्ठ मास में पड़ने वाली भीषण गर्मी में ठंडा पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाना एक बहुत बड़ा पुण्य का कार्य माना माना गया है। वहीं, ध्यूंसर सदा शिव मंदिर तलमेहड़ा में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

सोमवार सुबह शुरू हुआ यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। सदा शिव मंदिर के पुजारी राकेश शर्मा, पंडित रमेश शास्त्री, पंडित पवन शर्मा, पंडित ओम दत्त शर्मा, पंडित विनोद शर्मा ने बताया कि हिंदू ग्रंथों में निर्जला एकादशी पर्व को बेहद खास माना जाता है। मान्यता है कि जो लोग एकादशी को व्रत नहीं रख पाते, वे अगर निर्जला एकादशी को व्रत रख लें तो उन्हें वर्ष भर में पढ़ने वाली सभी एकादशी का फल मिल जाता है। उन्होंने बताया कि निर्जला एकादशी का व्रत काफी कठिन होता है, क्योंकि इसमें पानी भी नहीं पिया जाता है। (अनंत ज्ञान)


तलमेहड़ा बाजार में छबील और हलवा पूरी राहगीरों को बांटते ग्रामीण।

## जंगल से 30 खैर के मोछे बरामद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** ग्राम पंचायत बुढवार के अंतर्गत जंगल में करीब 30 मोछे खैर जो अज्ञात व्यक्ति द्वारा छिपाए हुए थे, स्थानीय लोगों ने बरामद करके वन विभाग के हवाले किए हैं। वन विभाग की टीम मौका पर आगामी कार्रवाई कर रही है।

## पेंशन अदालत 25 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मंडल ऊना के डाकघर अधीक्षक ने बताया कि डाकघर ऊना मंडल में 25 जून को पेंशन अदालत लगेगी। इसमें पेंशन भोगियों और डाक फैमिली पेंशन भोगियों की शिकायतें सुनी जाएंगी।

## पोल्ट्री फार्म के मालिक ने मौत को गले लगाया

**राजेश शर्मा, ऊना।** जनपद के पुलिस थाना टाहलीवाल के तहत नंगल बट्ट स्थित पोल्ट्री फार्म के मालिक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक की पहचान अजय कुमार पुत्र संतोख राम निवासी वार्ड नंबर सात संतोषगढ़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक ने नशे की हालत में फंदा लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि अजय कुमार घरेलू विवाद के कारण परेशान चल रहा था। अभी कुछ महीने पहले युवक का तलाक हुआ था, ऐसे में अजय कुमार दुखी था। जानकारी के मुताबिक अजय कुमार निवासी संतोषगढ़ रोजाना की तरह बीते शनिवार रात्रि अपने पोल्ट्री फार्म नंगल बट्ट में था। रविवार सुबह अजय कुमार का जीजा और एक महिला सहित पोल्ट्री फार्म पर पहुंचे, तो पाया कि अजय फंदे पर झूल रहा है। सूचना मिलने के बाद टाहलीवाल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि अजय कुमार ने अत्याधिक शराब का सेवन किया हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है। फिलहाल अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। (अनंत ज्ञान)

**कार्यक्रम** बाबा सिद्ध चानो की जीवनी को झांकियों के माध्यम से किया प्रस्तुत

## दहाजे में कलाकारों ने दिखाया हुनर



बाबा बौरा का स्वांग प्रस्तुत करता कलाकार। (दाएं) कार्यक्रम का आनंद उठाते विधायक सुदर्शन बबलू व अन्य।

**गुरदेव कुमार, दौलतपुर चौक**

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के गांव जंदोह बार्ड नंबर सात में बाबा सिद्ध चानो महाराज को समर्पित दहाजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लठियानी की पवन एंड पार्टी ने बाबा सिद्ध चानो महाराज की जीवनी पर आधारित प्रस्तुतियों को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। बाबा सिद्ध चानो महाराज मंदिर के भक्तों फुमन सिंह, कर्म चंद, कश्मीर सिंह ने बताया कि बाबा सिद्ध चानो महाराज की याद में मनाया जाने वाला दहाजे का शुभारंभ श्री कृष्ण लीला से किया जाता है तथा रात भर बाबा सिद्ध चानो महाराज की विभिन्न प्रकार की अद्भुत झांकियां निकाली जाती हैं।

इस दौरान उनकी महिमा का गुणगान किया जाता है। धार्मिक आयोजन में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। दहाजा आयोजकों द्वारा विधायक को हार व सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मैं आपका सेवक हूं, हरेक के काम हो उसे प्राथमिकता से हल करने की कोशिश करूंगा।

उन्होंने बाबा सिद्ध चानो मंदिर निर्माण के लिए पचास हजार रुपए देने की घोषणा की। पूरी रात चले धार्मिक आयोजन में बाबा बौरा, बाबा सिद्ध चानो वली की बड़ी झांकी, हाथी की सवारी, पहाड़ी बाबा, गद्दियां का स्वांग, घोड़े की सवारी सहित बाबा सिद्ध चानो की कई मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। (अनंत ज्ञान)

## उपमुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन पंडोगा त्यूड़ी पुल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज हरोली विधानसभा में निर्माणाधीन पंडोगा-त्यूड़ी पुल का निरीक्षण किया। करीब 52 करोड़ रुपए की लागत के इस पुल की कुल लंबाई 560 मीटर होगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता सुनिश्चत बनाने और कार्य को रिकॉर्ड समय में पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अग्निहोत्री ने कहा कि हम हरोली विस क्षेत्र में सभी बुनियादी सुविधाएं जुटाने के बाद अब भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर काम कर रहे हैं। प्रगति के नवीन संसाधनों से लेकर रोजगार सृजन के नए साधनों तक, हर क्षेत्र में भविष्योन्मुखी विकास को तरजीह दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र में सड़कों-पुलों की अनेक परियोजनाओं के अलावा पानी की करीब 500 करोड़ की योजनाओं के काम जोरों पर हैं। हरोली को पूर्ण विकसित और समृद्धि तथा विकास का आदर्श बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं और जनता के साथ तथा सहयोग से हम इस लक्ष्य को हासिल करेंगे।


निर्माणाधीन पंडोगा-त्यूड़ी पुल के कार्य का निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री।



# बंजार-चनौन जाने वाली बस की ब्रेक हुई फेल चालक की सूझ-बूझ से बची यात्रियों की जान

## दो महिलाओं को आई आंशिक चोटें, प्राथमिक उपचार के बाद मिली छुट्टी

**शीला कौल, बंजार**

बंजार उपमंडल की चनौन पंचायत में दोपहर के समय जाने वाली हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस की बंजार के बस अड्डे से निकलने के मात्र आधा किलोमीटर के पश्चात अचानक ब्रेक फेल होने के कारण चालक ने सूझ बूझ दिखाते हुए बस को एक साथ में बनी नाली में डाला और सामने पहाड़ी से टकरा दी, तब जाकर बस रुकी और बस में सवार लगभग 32 यात्रियों की जान बच गई। इसी हादसे में दो महिलाओं को आंशिक चोट भी आई।

बस अड्डे से खुंदन तक तीखी ढलान है, जैसे ही बस रेस्ट हाउस चौक से आगे निकली, तो अगले मोड पर बस की ब्रेक फेल हो गई। चालक की ओर से सूझ बूझ को दिखाते हुए सड़क की साथ बनी नाली में बस के एक टायर को डाल दिया, जिससे बस के एक हिस्सा नाली में फिसलता हुआ सामने खेत की दीवार से जा टकराया और बस रुक गई और बड़ा हादसा होने से बच गया। तीखी ढलान सड़क पर अगर चालक सूझबूझ नहीं दिखाता, तो यह हादसा 32 सवारियों की जान पर भारी पड़ सकता था। हालांकि इस हादसे में दो महिलाओं को आंशिक चोट भी आई, जिन्हे बंजार अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, बाकी सभी यात्री सुरक्षित हैं किसी को भी चोट नहीं आई। बाद में बस को ठीक करवाकर उपरोक्त सड़क से हटाया गया। (अनंत ज्ञान)



बड़े हादसे से बची हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस।

### बस को हादसा स्थल से हटा दिया गया है

बस अड्डा प्रभारी ओमी ठाकुर का कहना है कि बस की अचानक ब्रेक फेल हो गई, हादसे में दो महिलाओं दीला देवी पत्नी रमेश चंद गांव कांडी डाकखाना पनीहार तहसील बंजार जिला कुल्लू, वाल दासी पत्नी बुध राम निवासी गांव पजोही डाकखाना देहुठा तहसील बंजार जिला कुल्लू को आंशिक चोटे आई, जिन्हें उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है बस को हादसा स्थल से हटा दिया गया है।

# मनाली वासियों को अब नहीं सताएगा ट्रैफिक जाम : खुशहाल

**कमलेश वर्मा, मनाली**

कुल्लू जिला पुलिस अधीक्षक का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे डॉ. खुशहाल शर्मा ने कहा कि पर्यटन नगरी मनाली में अब ट्रैफिक जाम पर्यटकों व लोगों को परेशान नहीं करेगा। अब पर्यटन नगरी में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने को दो बटालियन तैनात कर दी हैं। गत दिनों जवानों की कमी के चलते कुछ परेशानियां आई हैं, लेकिन अब इस समस्या का समाधान कर लिया गया है। डॉ. खुशहाल शर्मा ने मनाली के पर्यटन कारोबारियों के साथ बैठक करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

भुंतर मेले में सेवाएं दे रहे 12 पुलिस जवान भी अब मनाली में अपनी सेवाएं देंगे। जवानों की तैनाती से ट्रैफिक सुचारु रखने में मदद मिलेगी। जवानों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि कम संख्या होने के बावजूद भी जवानों ने आधी रात तक सेवाएं देकर ट्रैफिक को सुचारु रखने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने ट्रैफिक सुचारु रखने में सहयोग देने वाली जनता का भी आभार जताया। डॉ. खुशहाल ने वाहन चालकों से



आग्रह किया कि ओवर टेक न करें और न ही सड़क किनारे वाहन खड़े करें। पुलिस टीम मिलकर काम कर रही है और ट्रैफिक सुचारु रखने को हर संभव प्रयास कर रही है। इससे पहले उन्होंने मनाली के पर्यटन कारोबारियों व व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। सभी ने एसपी से माल रोड में अवैध कारोबार बंद करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। माल रोड में तेल मालिश करने वालों व गुलाब जामुन बेचने वालों की संख्या सैकड़ों में हो गई है। बाहरी राज्यों से आए यह लोग अवैध रुप से माल रोड में नकली सामान बेच रहे हैं। एसपी ने उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। इससे पहले समाजिक संगठन के प्रतिनिधि जगदीश व उनकी टीम ने एसपी को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 47वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव आज से होगा शुरू

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू में स्थित लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में 47वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव मंगलवार से शुरू होने जा रहा है। सोमवार को कुल्लू के प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए सूत्रधार कला संगम कुल्लू के अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि सूत्रधार कला संगम के 47वां वर्षगांठ उत्सव का आयोजन कुल्लू के लाल चंद प्रार्थी कला संगम में होने जा रहा है। 47 वर्षों के इतिहास में सूत्रधार कला संगम ने कला संस्कृति व समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक आयामों को स्थापित किया है। संस्था का मूल उद्देश्य आज की उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है साथ ही समाज सेवा तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सूत्रधार कला संगम कुल्लू हर वर्ष की भांति उत्सव का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में स्थानीय निजी व सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की 9 विधाओं में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करने जा रहा है, जो कि 18 से 21 जून तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए कहा कि कुल्लू कलाकेंद्र में हर रोज शाम 5 से लेकर रात के 10 बजे तक लोकनृत्य, समूह नृत्य, प्रिंसेस सूत्रधार, समूहगान, लोक गीत, फिल्म गीत तथा फैंसी ड्रेस की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। (अनंत ज्ञान)

### मुस्कान के साथ जीवन जीने की सिखाई कला

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से कुल्लू में आनंद अनुभूति शिविर का आयोजन किया गया। आनंद अनुभूति शिविर के दौरान योग, ध्यान व सुदर्शन क्रिया करवाई गई। आर्ट आफ लिविंग के प्रशिक्षक बलदेव ने बताया कि लगभग 35 के करीब प्रतिभागियों ने छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम, आनंद अनुभूति शिविर में भाग लिया। योग साधना शिविर प्रतिदिन दो सत्रों में सुबह पांच से आइ बजे तथा शाम पांच से आठ बजे तक चला। इस आनंद अनुभूति शिविर में प्रतिभागियों को तनाव से मुक्त रहना, मुस्कान के साथ जीवन जीने की कला सिखाई गई। इस शिविर में योग, प्राणायाम, ध्यान, संगीत, और सुदर्शन क्रिया का प्रशिक्षण दिया गया, जो मनुष्य को रक्तचाप, मधुमेह और बहुत सी शारीरिक बीमारियों से बचाता है साथ ही चिंता, भय, अवसाद से भी बचाता है एवं शारीरिक उर्जा, स्फर्ति, सुखद नींद, स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता को बढ़ाने में सहायक रहा। (अनंत ज्ञान)

### नशे के गलत प्रभाव के बारे में किया जागरूक

**कमलेश वर्मा, भुंतर।** ब्रह्मा कुमारी मिशन की ओर से नशा मुक्ति अभियान पूरे भारतवर्ष में शुरू है। इन दिनों हिमाचल में सभी जिले के विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति अभियान के तहत यह कार्यक्रम छेड़ा गया है। इसी कड़ी में कुल्लू में चले राज्यस्तरीय भुंतर मेले में तीन दिन तक नशा मुक्ति अभियान चला गया। मेले में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शहर में स्कूलों, कॉलेज, आईटीआई आदि सभी जगह ब्रह्मा कुमारी की टीम जा रही है और नशे के प्रति जागरूक कर रही है। भुंतर मेले में नशा मुक्त भारत के तहत उपस्थित जनता को नशे के गलत प्रभाव के बारे जागरूक किया गया। ब्रह्मा कुमारी मिशन शमशी सेंटर की प्रमुख बहन नीरू ने बताया कि आज का युवा नशे के दलदल में युवा पीढ़ी के पांव धंसते जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### खो-खो में कुंगश प्रथम, आनी द्वितीय स्थान पर

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** सरस्वती विद्या मंदिरों की तीन दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिओं का समापन हो गया। आनी और निरमंड ब्लॉक के दस स्कूलों के पांच सौ प्रतिभागी छात्रों ने इन प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाया। समापन अवसर पर नम्होंग पंचायत प्रधान उर्मिला और बिजली बोर्ड के एसडीओ भूषण ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। एसडीओ भूषण ने आयोजन को लेकर 21 हजार रुपए और प्रधान उर्मिला ने 11 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की। एसवीएम कुंगश के प्रधानाचार्य संजय ने उपस्थित सभी मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो-खो वॉलीबाल, बेडमिंटन, चैस, कैरम आदि प्रतियोगिताओं के अलावा सभी स्कूलों की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी हुईं, जिसमें खो-खो में कुंगश प्रथम, जबकि आनी द्वितीय स्थान पर रहा। खो-खो के बाल वर्ग में और शिशु वर्ग में कुंगश प्रथम, जबकि दलाश द्वितीय स्थान पर रहा। खो-खो बहना वर्ग में कुंगश प्रथम, जबकि आनी और दलाश द्वितीय स्थान पर रहे। शिशु वर्ग भैया के कबड्डी में आनी प्रथम, दलाश दूसरे स्थान पर रहे। (अनंत ज्ञान)

# भालू ने व्यक्ति पर किया हमला, जखमी

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू की उझी घाटी की अरछंडी पंचायत में भालू के हमले के बाद ग्रामीण सहमें हुए हैं।

रविवार रात भालू ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया, जिस कारण वह बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल पूर्ण सिंह को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अब उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। घायल पूर्ण सिंह रायसन से अपने घर धामा शारणी गांव की ओर जा रहा था कि दाडू धार के पास भालू ने उस पर अचानक से हमला कर दिया, जिस कारण वह जख्मी हो गया। विभाग शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई करने की बात कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ समय पूर्व भी भालू ने हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया था, जिसकी शिकायत भी विभाग को की गई थी मगर कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। (अनंत ज्ञान)



भालू के हमले से घायल हुए पूर्ण सिंह।

### शिकायत मिलने के बाद होगी कार्रवाई : वन विभाग

वन विभाग की वन मंडलाधिकारी एंजल चौहान ने बताया कि इस मामले की शिकायत उन्हें नहीं मिली है, शिकायत मिलते ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और घायल व्यक्ति को उचित मुआवजा भी दिया जाएगा।

### बीओ को किया सूचित

पंचायत प्रधान पूनम ने बताया कि उन्हें इस मामले की सूचना मिली है और उन्होंने इस मामले को लेकर पंचायत स्तर से वन विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी को इसकी शिकायत कर दी है।

### मामला वन विभाग का

वाइल्ड लाइफ विभाग के मंडलाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि यह पूरा मामला वन विभाग का है और शिकायत मिलने पर दोनों विभागों के संयुक्त प्रयास द्वारा से इस भालू को पकड़ा जाएगा।

# पतलीकूहल के शराब ठेके के सेल्समैन ने युवक को पीटा



पतलीकूहल ठेके के पास हुए झगड़े के दौरान इक्कठा हुई भीड़।

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पतलीकूहल थाना के अंतर्गत शराब के ठेके में झगड़े का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पतलीकूहल में नग्गर रोड पर बीडीओ ऑफिस और बिजली दफ्तर के समीप खुले ठेके पर सोमवार सुबह शराब के ठेके में सेल्समैन ने स्थानीय युवक को ठेके के अंदर खींच कर बुरी तरह से पीटा।

स्थानीय युवक विक्की ने अन्य लोगों की मदद से उसे सेल्समैन के चंगुल से छुड़ाया। हंगामा देख ठेके के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। हालांकि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया।

इस बारे में पतलीकूहल थाना उपनिरीक्षक रजत ने कहा कि युवक और सेल्समैन में कुछ गलतफहमी के कारण आपस में झगड़ा हुआ था, अब दोनो पक्षों ने समझौता कर लिया है, वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इस शराब के ठेके की वजह से आए दिन झगड़े होते रहते हैं। स्थानीय निवासियों ने ठेके को यहां से हटाने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# ग्रांफू-काजा मार्ग पर बस का ट्रायल आज

**कमलेश वर्मा, केलांग।** मंगलवार को ग्रांफू-काजा मार्ग पर बस का ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल के तौर पर केलंग से सुबह सात बजे काजा के लिए बस रवाना होगी। एचआरटीसी की माने तो ट्रायल सफल रहा तो बुधवार से ही घाटी के लोगों को बस सुविधा मिल जाएगी। बीआरओ ने इस मार्ग की बहाली 31 मई को कर दी थी, लेकिन बड़ा व छोटा दड़ा के समीप सड़क की हालत ठीक न होने से बस सेवा शुरू नहीं हो सकी थी। इस मार्ग पर छोटे वाहनों की आवाजाही सुचारु है तथा चंद्रताल झील में पर्यटकों ने दस्तक दे दी है। लाहौल-स्पीति विधायक अनुराधा राणा ने एचआरटीसी प्रबंधन को जल्द इस रूट पर बस सेवा शुरू करने की बात कही थी। एचआरटीसी केलांग डिपो की क्षेत्रीय प्रबंधक राधा देवी ने बताया कि कुल्लू-काजा रूट पर आज ट्रायल किया जा रहा है। ट्रायल सफल रहा तो बस सेवा नियमित कर दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# योग के लिए स्थानों को किया चिन्हित

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विशेष बैठक आयोजित

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

डॉ. लाल सिंह उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के आदेशानुसार कुल्लू के विभिन्न स्थानों से आए युवाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बारे में विशेष बैठक हुई।

बैठक में बताया गया कि जिले के हर ब्लॉक में आयुष विभाग द्वारा योग दिवस मनाने के लिए अलग-अलग स्थानों को चिह्वित किया है, जहां पर आसपास के सभी स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ युवा मंडल एवं महिला मंडल के सदस्यों को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही सभी से परिवार सहित योगा करने का आह्वान किया है। इसी के साथ स्नो लैंड स्काउट्स एंड गाइड्स ओपन ग्रुप, कुल्लू के रोवर्स तथा रेंजर्स ने झिड़ी, कुल्लू में रूपी हिमालयन एडवेंचर की ओर से आयोजित एक दिवसीय शिविर में विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लिया। इन गतिविधियों में रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, जुमारिंग और नदी पार करना शामिल था। इस गतिविधि शिविर में इनके साथ बीजू हिमडल (रोवर स्काउट लीडर, स्नो लैंड स्काउट्स और गाइड्स ओपन ग्रुप) और राज सिंघानिया (उपाध्यक्ष, टीम सहभागिता) ने भी भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष बैठक में मौजूद लोग।

# धार्मिक पर्यटन स्थल शांघड़ से शुरू हुई पत्रकारों को सुविधा देने की परंपरा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सैंज व शांघड़ से पत्रकारों को सुविधा देने की परंपरा शुरू हो गई है। इस पहल से पत्रकार जगत में खुशी की लहर है।



सरकारी क्षेत्र के बाद यह निजी क्षेत्र में पहली पहल है, जहां से इस तरह की परंपरा शुरू हुई है। बंजार उपमंडल की सैंज घाटी के देव स्थल शांघड़ ने इसके लिए सबसे पहले इतिहास रचा है। इस पहल के लिए समाज सेवी महेश शर्मा का नाम इतिहास में अंकित हो गया है और पत्रकारों को निजी क्षेत्र में सुविधा प्रदान करने वाले प्रदेश के पहले समाजसेवी बने हैं। महेश शर्मा ने कुल्लू के पत्रकारों को सैंज व शांघड में निशुल्क सुविधा प्रदान करने का ऐलान किया है। जिला प्रेस क्लब कुल्लू के प्रधान धनेश गौतम, सैंज प्रेस क्लब के प्रधान झाबे राम ठाकुर, भुंतर प्रेस क्लब के प्रधान मेघ तथा प्रेस क्लब सैंज के महासचिव बुद्धि ने समाजसेवी महेश द्वारा मीडिया जगत के लिए दी गई निशुल्क सुविधा की जमकर प्रशंसा की और कहा कि सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त पत्रकारों को जहां विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# पेयजल आपूर्ति सुचारु चलाने के लिए करनी चाहिए तैयारियां



**शीला कौल, बंजार।** मैदानी इलाकों के साथ-साथ इस बार पहाड़ी इलाकों में भी भीष्ण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। मई माह से लेकर अब तक बारिश न होने के कारण अब पहाड़ी इलाकों में पेय जल संकट गहराने लगा है। विभिन्न गांवों से पेयजल आपूर्ति में कठिनाई की शिकायतें सामने आ रहीं हैं।

बंजार से विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि मौजूदा हालातों के मद्देनजर विभाग को पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से चलाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां कर लेनी चाहिए। कई जगह उठाऊ जल योजनाओं के सहारे ही गांवों में पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है, ऐसे में ऐसी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। पूर्व की जयराम सरकार द्वारा की गई पंप ऑपरेटर्य व पैराफिटरों की नियुक्तियों में से अधिकांश को राजनीतिक रंजिश के तहत निकाला गया है व आगामी भर्तियों भी अधर में हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति को सुव्यवस्थित चलाने के लिए कर्मचारियों की कमी सामने आ रही है। (अनंत ज्ञान)

# उद्योगों ने पानी को किया प्रदूषित स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा असर

**शीला कौल, बंजार**

प्रवेश पर्यावरण संरक्षण संस्था नालागढ़ की ओर से प्रस्ताव पारित किया गया कि उद्योगों द्वारा पानी को प्रदूषित कर जहरीला किया जा रहा है, जिस से इंसानों, जल जीवों खेती व पशुओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। भू-जल तथा नदी-नालों का पानी भी जहरीला हो गया है।

लोगों में कैंसर, सांस व चमड़ी जैसे रोग फैल रहे हैं। इस बात की पुष्टी आईआईटी मंडी और जम्मू के शोध पत्र द्वारा हुई है। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि कई पशु भी नालों के पानी पीने से मर रहे हैं और इस रिपोर्ट के मुताबिक कैंसर व किडनी के मरीजों को क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पाया गया है। गुमान सिंह संयोजक हिमालय नीति अभियान ने कहा कि बद्दी-बरोटीवाला में अनियोजित तरीके से उद्योगों को बड़े पैमाने पर स्थापित किया गया, जो वायु तथा जल प्रदूषण का मुख्य कारण बन गया है। इस इलाके में ज्यादातर केमिकल और दवाइयां के कारखाने हैं, जो भू-जल तथा स्थल जल को जहरीला कर रहे हैं। इस बारे में सरकार को कई बार लिखा गया, परंतु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कोई कार्रवाई नहीं की। गुमान ने सरकार से मांग की है कि तुरंत जल व वायु प्रदूषण की जांच की जाए। (अनंत ज्ञान)

# अपर सैंज में पेयजल के लिए हाहाकार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू के सैंज बाजार के साथ लगते अप्पर सैंज गांव में एक दर्जन परिवार पेयजल की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।

ग्रामीण पिछले एक महीने से नाले का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। थके-हारे ग्रामीणों ने अब जल शक्ति विभाग के विरुद्ध मोर्चा खोलने की तैयारी कर ली है तथा विभाग के अधिकारियों को दो टूक चेतावनी दी है कि अगर दो दिन के भीतर पीने का पानी उपलब्ध नहीं करवाया, तो वह जल शक्ति विभाग लारजी कार्यालय के बाहर खाली बर्तनों से विरोध-प्रदर्शन करेंगे। बंजार भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश ने बताया कि व्यवस्था परिवर्तन करने वाली सरकार के अधिकारी कुंभकर्ण निद्रा में हैं, जबकि गांव की भोली-भाली जनता पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही है। अपर सैंज गांव में पिछले एक महीने से पीने का पानी मोहताज नहीं है और लोग नाले का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं।

भाजपा नेता ने बताया कि जल शक्ति विभाग को इस बारे में पिछले एक महीने से अवगत करवाया जा रहा है, लेकिन विभाग के अधिकारी तो दूर कर्मचारी भी दर्शन नहीं दे रहे। नाले का पानी पीकर ग्रामीण बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन विभाग को कोई सुध नहीं है। उधर, इस बारे जब जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता बीएस वर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि कुछ लोग पेयजल से सिंचाई कर रहे हैं, जिस कारण ग्रामीणों को दिक्कत आ रही है फिर भी विभाग सदैव ग्रामीणों के साथ है। (अनंत ज्ञान)

### खाली बर्तनों से ऑफिस के बाहर करेंगे प्रदर्शन

स्थानीय ग्रामीणों में हरदेव सिंह, युगल नेगी, कृष्ण राणा, सुरजीत सिंह, कुलदीप शर्मा, राजेंद्र कुमार, मोहर सिंह, प्रेम यांवा, योगराज, संजीव कुमार, वेद प्रकाश आदि ग्रामीणों ने बताया कि बड़े दुख की बात है कि पानी के स्रोत में भारी मात्रा में पानी जमा है, लेकिन जल शक्ति विभाग के नल सूखे पड़े हैं, जबकि स्थानीय लोग पिछले एक माह से नाले का गंदा पानी पी रहे हैं और विभाग व सरकार कुंभकर्ण की निद्रा में है। अगर दो दिन के भीतर पानी उपलब्ध नहीं करवाया, तो वे विभाग के विरुद्ध हल्ला बोलेंगे और खाली बर्तनों से ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करेंगे। बहरहाल गर्मी के मौसम में अपर सैंज के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।

**समस्या** सड़कों में पड़े गड्ढे बने परेशानी का सबब, सड़कों की हालत लंबे समय से जस की तस

# लोरन सड़क मार्ग की हालत दयनीय, टारिंग उखड़ी

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय के साथ लगते लोरन ओर शीतला माता मंदिर के बीच सड़क मार्ग की हालत दयनीय बनी हुई है। कुल्लू शहर में स्थित शीतला माता मंदिर से लोरन को जोड़ने वाले सड़क मार्ग के बीच सड़क में पड़े गड्ढे जहां वाहन चालकों की परेशानी का सबब बन हुए हैं, वहीं राह चलते लोगों को भी खस्ताहालत सड़क से परेशानी से जूझना पड़ रहा है।

लोरन की तरफ जाने वाले इस सड़क मार्ग से हर रोज सैकड़ों वाहन गुजरते हैं और ऐसे में वाहन चालकों को हर रोज इन्ही गड्ढों से जूझना पड़ रहा है। इन सड़कों की हालत को लंबा समय बीत जाने के बाद भी संबंधित विभाग ने सड़क मार्ग को दुरुस्त करने के लिए कोई पहल नहीं की है और न ही सड़कों की उखड़ी हुई टारिंग को ठीक किया जा रहा है। इस सड़क मार्ग का उपयोग अमूमन लोरन, दुर्गानगर, अप्पर सुल्तानपुर और रानी नगर के लोग करते हैं। लोरन के आसपास रहने वाले शक्ति सिंह, सुरेश, टहल सिंह, नरेंद्र कुमार, झाबे राम, दुनी चंद ठाकुर, प्रेम लाल, सोहन लाल, कालू राम और परमानंद शर्मा का कहना है कि लोरन सड़क मार्ग को उसके हाल पर ही छोड़ दिया है और ईको सुधारने में किसी ने कोई रुचि नहीं दिखाई है। इन लोगों का कहना है कि इस सड़क मार्ग पर रोजाना सैकड़ों गाड़ियां दौड़ती हैं, मगर इन सड़कों की हालत लंबे समय से जस की तस है। सड़क के दोनों किनारे से टारिंग ऊखड़ रही है, जिस कारण सड़क संकरा होती जा रही है और वाहन चालकों को चढ़ाई के दौरान सड़कों में पड़े गड्ढे की वजह से खासी परेशानी उठानी पड़ती है। इस सड़क मार्ग पर दूसरी परेशानी स्थानीय लोगों के द्वारा पार्किंग के अभाव में सड़कों पर गाड़ियों को पार्क करना है। सड़कों की दयनीय स्थिति और उसी सड़क पर सड़क के दोनों छोर पर गाड़ियों को पार्क करने से वाहन चालकों को पासिंग के दौरान परेशानी झेलनी पड़ रही है। (अनंत ज्ञान)





लोरन और शीतला माता मंदिर के बीच सड़क मार्ग की खस्ताहालत (दाएं) पार्क की गई गाड़ियां।




## न्यूज ब्रीफ

### कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड0.27 डॉलर यानी 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 82.35 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.28 डॉलर यानी 0.36 फीसदी लुढ़ककर 78.14 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### लेखिका बनीं अभिनेत्री आलिया भट्ट



मुंबई । आलिया भट्ट बॉलीवुड में अग्रणी अभिनेत्री के रूप में जानी जाती हैं। आलिया बहुत ही कम उम्र में बॉलीवुड में टॉप हीरोइन के तौर पर नाम कमाया। आलिया ने निर्माता के रूप में काम संभाला है। बेहतरीन कामों से अभिनय के शिखर पर पहुंचने वाली आलिया ने अब साहित्य की दुनिया में कदम रखा है। आलिया ने अपनी किताब लॉन्च की है। इस किताब का नाम 'एड फाइंड्स ए होम' है। बुक लॉन्च इवेंट में आलिया ने अपनी नई किताब के बारे में बात की। आलिया ने कहा, 'किताब का मुख्य किरदार एड है। इसके अलावा किताब में आलिया नाम की एक छोटी लड़की भी है, लेकिन उसका नाम असल में मामा है। किताब की कहानी एड और आलिया नाम के कुत्ते के इर्द-गिर्द घूमती है। आलिया के पास सुपरपावर है और एड से बात कर सकते हैं।' ऐसे में आलिया ने खासतौर पर बच्चों के लिए यह किताब निकाली है।

### सड़क दुर्घटना में सेना के 2 जवानों की मौत

नागपुर । महाराष्ट्र के नागपुर में दर्दनाक हादसा सामने आया है। कन्हान ब्रिज पर एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने एक ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में भारतीय सेना के दो जवानों की मौत हो गई, जबकि 6 जवान और ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्तियों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है। ऑटो में सवार आठ जवानों में से विघ्नेश और धीरज राय ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य घायल जवानों की पहचान दीन प्रधान, कुमार पी, शेखर जाधव, अरविंद, मुरुगन और नागर म के रूप में हुई है।

### दिल्ली जल संकट पर भाजपा का प्रदर्शन



नई दिल्ली। दिल्ली में पानी की किल्लीत पर दिल्ला सरकार को भाजपा लगातार कठघरे में खड़ा कर रही है। आज दिल्ली में जल संकट को लेकर भाजपा ने प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ मटका फोड़ कर विरोध जताया। दिल्ली में भाजपा ने कई जगहों पर प्रदर्शन किया। पानी की किल्लीत को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विरोध-प्रदर्शन के साथ ही इस मुद्दे पर भाजपा सांसद भी सरकार को घेरने में जुटे हैं। पेयजल संकट पर भाजपा आज दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर 'मटका फोड़' प्रदर्शन किया। पश्चिमी दिल्ली से भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत और अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे पर दिल्ली सरकार के खिलाफ नजफगढ़ में विरोध प्रदर्शन किया।

### ईरान और पाक द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर सहमत

तेहरान। ईरान के अंतरिम राष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के अलावा गाजा की स्थिति और अन्य क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। मोखबर ने कहा कि निकट भविष्य में वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को 10 अरब डॉलर तक बढ़ाने के उद्देश्य से ईरान और पाकिस्तान को आर्थिक और व्यापार सहयोग के क्षेत्र में बाधाओं को तेजी से दूर करने के प्रयास करने चाहिए। ईरानी अंतरिम राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान ने हमेशा पाकिस्तान को अपना रणनीतिक साथी और साझेदार माना है। उन्होंने सभी क्षेत्रों में अपने संबंधों को बेहतर बनाने के लिए अपने देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भी अपने देश की ओर से ईरान के साथ संबंधों को और मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की। विशेष रूप से व्यापार और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में, और व्यापार लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### पाकिस्तान में पांच आतंकवादी किए ढेर



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तरपश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों की कार्रवाई में पांच आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर कबायली जिले में अभियान शुरु किया। सैनिकों ने पांच आतंकवादियों को ढेर किया। आईएसपीआर ने कहा कि मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किया है।

### पन्नू हत्या की साजिशः आरोपी निखिल का प्रत्यर्पण

नई दिल्ली। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को चेक रिपब्लिक से अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया है। निखिल गुप्ता को 16 जून को अमेरिका के ब्रूकलिन के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर लाया गया। निखिल को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद चेक रिपब्लिक की कोर्ट ने निखिल गुप्ता को अमेरिका प्रत्यर्पित करने पर रोक लगाने वाली उसकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उसके प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया था। अमेरिकी सरकार ने आरोप लगाया था कि न्यूयॉर्क में पन्नू पर जानलेवा हमले की साजिश रची गई थी। इसमें भारत का हाथ था। इस साजिश को नाकाम कर दिया गया। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि हमला किस दिन होने वाला था।

### इक्वाडोर में भूस्खलन से छह लोगों की मौत

नई दिल्ली। इक्वाडोर में भूस्खलन के कारण छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 30 लोग लापता हो गए हैं। भूस्खलन बानोस डी अगुआ सांता शहर में हुआ, जो शहर के केंद्र में है। इक्वाडोर के लोक निर्माण मंत्री ने प्रभावित हुए सभी लोगों के लिए शोक व्यक्त की। अल साल्वाडोर में भारी बारिश के कारण रेड अलर्ड जारी किया गया है।

### पूर्व सांसद केडी सिंह के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज



लखनऊ। तृणमूल कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद केडी सिंह समेत आठ लोगों के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। राजधानी स्थित सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने यूपी सरकार की सिफारिश पर इस प्रकरण की जांच अपने हाथों में ली है। बता दें कि देशभर में निवेशकों की रकम हड़पने को लेकर केडी सिंह के खिलाफ सीबीआई पहले भी मुकदमे दर्ज कर चुकी है। सीबीआई की ओर से दर्ज मुकदमे में केडी सिंह के साथ बृजमोहन महाजन, सत्येंद्र कुमार सिंह, सुचित्रा खेमकर, नंद किशोर सिंह, जयश्री प्रकाश सिंह, छत्रपाल सिंह और नरेंद्र सिंह को नामजद किया है।

### तेज रफ्तार कार ने नौ लोगों को कुचला, दो की मौत

मुंबई। नागपुर में दिघोरी नाका के पास रविवार रात को तेज रफ्तार कार ने सड़क के किनारे सो रहे बंजारा परिवार के 9 लोगों को कुचल दिया, जिसमें एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई है। अन्य घायलों को शासकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार दिघोरी नाका के पास बंजारा परिवार के 9 सदस्य सड़क किनारे फुटपाथ पर सो रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार में एक पुरुष और एक महिला थी। पुलिस ने भूषण लांजेवार को गिरफ्तार किया है और उसकी मेडिकल जांच करवाई गई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# अडाणी समूह भूटान में 570 मेगावट का हरित जलविद्युत संयंत्र लगाएगा

एजेंसी, नई दिल्ली

अडाणी सूमह भूटान में 570 मेगावाट का हरित जलविद्युत संयंत्र लगाएगा। समूह के चेयमैन गौतम अडाणी ने 16 जून को थिम्पू में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे से मुलाकात की है। इस मुलाकात के उन्होंने भूटान के चुखा प्रांत में 570 मेगावाट के ग्रीन हाइड्रो प्लांट के निर्माण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

गौतम अडाणी ने एक्स पर जारी बयान में कहा है कि भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे के साथ मुलाकात बहुत ही रोमांचक रही। चुखा प्रांत में 570 मेगावाट के हरित जलविद्युत संयंत्र के लिए ड्रक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीजीपीसी) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि भूटान के प्रधानमंत्री राजा के दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं और पूरे राज्य में व्यापक बुनियादी ढांचे की पहल कर रहे हैं।



भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे के साथ गौतम अडाणी।

अडाणी ने लिखा है कि भूटान में हाइड्रो और अन्य बुनियादी ढांचे पर मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। कार्बन नेगेटिव नेशन के लिए इन पहलों और ग्रीन एनर्जी मैनेजमेंट पर सहयोग करने के लिए उत्साहित हूं। गौरतलब है कि पिछले महीने श्रीलंका की सरकार ने गौतम अडाणी की अगुवाई वाली रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी के साथ देश में विंड पॉवर स्टेशन डेवलप करने की मंजूरी दी थी।

# यूपी के प्रवासी श्रमिक की बद्दी में हत्या, दो गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन

जिला के अंतर्गत तहसील नालागढ़ के तहत भटोली कलां में रविवार को एक प्रवासी कामगार का शव बरामद हुआ था। पुलिस जांच में पाया गया कि व्यक्ति के सिर पर पत्थर मार कर हत्या कर दी है। इस मामले में दो लोगों को शक के आधार पर पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

मृतक व्यक्ति यूपी के बदाऊं जिले के अतेरह तहसील के आंशु गांव का रहने वाला था। सूचना मिलते ही एसपी ईलमा अफरोज ने भी घटना स्थल को दौरा किया। मृतक के चचेरे भाई राजानाती ने पुलिस को बताया कि वह अपने चचेरे भाई कमलेश ब्रह्मार, संदीप, सोनू व दलीप कुमार भटोलीकला में किराये पर कमरा लेकर रहते हैं। सभी भटोलीकला में प्राईवेट कम्पनी में काम करते है और सभी की अलग-2 शिफटों में डियूटी होती है। शनिवार शाम के समय कमलेश कुमार का सुरेंद्र कुमार के साथ शराब पीते हुए शराब लाने को लेकर झगड़ा हुआ था। संदीप व राजू प्रसाद ने बीचबचाव करके दोनों के झगड़े को शांत करवाया था।

इसके बाद रविवार सुबह जब वह कंपनी से अपनी डियूटी करके वापिस आया तो कमरे में कमलेश मौजूद नहीं था। उसने आसपास कमलेश को ढूंढा तो किराए के मकान के सामने खुले खेत में कमलेश को खून से लथपथ अवस्था में पाया। इसकी शिकायत तुरन्त बद्दी पुलिस को दी गई।

## मुंबई के अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी, मुंबई

मुंबई के मीरा रोड में स्थित वॉकहार्ट अस्पताल को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात ने ईमेल के जरिए अस्पताल में बम होने की धमकी दी। अस्पताल ने तत्काल इसकी सूचना नया नगर पुलिस थाने को दी। पुलिस ने अस्पताल परिसर में लोगों की आवाजाही रोक दी है और बैरिकेडिंग की है।

पुलिस के मुताबिक, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड जांच के लिए वॉकहार्ट अस्पताल पहुंच गए है। अस्पताल परिसर में तलाशी ली जा रही है। उधर, पुलिस ने ईमेल भेजने वाले अज्ञात शख्स की तलाश शुरू कर दी है।

## इंजन में आग लगने के बाद यात्री विमान को न्यूजीलैंड में सुरक्षित उतारा

एजेंसी, वेलिंगटन

न्यूजीलैंड में सोमवार को एक यात्री विमान के इंजन में आग लगने के बाद हवाई जहाज को एक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया।

अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया में मेलबोर्न के लिए उड़ान भरने वाले वर्जिन ऑस्ट्रेलिया बोइंग 737-800 जेट विमान को आग लगने के कारण मार्ग बदलना पड़ा और हवाई जहाज को न्यूजीलैंड के इन्वरकार्गिल शहर में उतारा गया।



न्यूजीलैंड के अग्निशमन एवं आपात विभाग के पाली पर्यवेक्षक लिन क्रॉसन ने बताया कि क्वीन्सटाउन से उड़ान भरने के करीब 50 मिनट बाद विमान को इन्वरकार्गिल उतारा गया, जहां दमकल की गाड़ियों ने आग बुझाई। क्वीन्सटाउन हवाई अड्डे की प्रवक्ता कैथरीन निंड ने बताया कि इंजन में आग लगने का कारण और विमान में सवार यात्रियों की संख्या का तुरंत पता नहीं चल पाया है।

# दक्षिण चीन सागर में जहाजों के बीच टक्कर के लिए फिलीपींस जिम्मेदार : चीन

एजेंसी, ताइपे



दक्षिण चीन सागर में विवादित 'स्प्रैटली' द्वीप समूह के निकट सोमवार को एक चीनी जहाज और फिलीपींस के एक आपूर्ति जहाज के बीच टक्कर हो गई। क्षेत्रीय विवाद को लेकर बढ़ती तनातनी ने खतरे की घंटी बजा दी है। चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि फिलीपींस का एक आपूर्ति जहाज 'स्प्रैटली' द्वीप समूह में जलमग्न चट्टान 'सेकंड थॉमस शोल' के निकट जलक्षेत्र में घुस आया।

'स्प्रैटली' द्वीप समूह पर, कई देश अपने-अपने क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा करते हैं। फिलीपींस की सेना ने चीन के तटरक्षक के दावे को भ्रामक और गुमराह करने वाला करार दिया है। चीनी तटरक्षक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'वीचैट' पर एक बयान में कहा कि फिलीपीन का एक आपूर्ति जहाज चीन द्वारा बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए गैर-पेशेवर तरीके से एक चीनी जहाज के पास खतरनाक तरीके से पहुंच गया, जिसके परिणामस्वरूप टक्कर हो गई। बयान के मुताबिक, 'इस दुर्घटना के लिए पूरी तरह से फिलीपीन जिम्मेदार है।'

फिलीपींस सेना ने मनीला में कहा कि सेना मनुष्यों की वैध आवाजाही और आयंगिन शोल पर पुन:आपूर्ति मिशन को लेकर किसी भी तरह की परिचालन जानकारी पर चर्चा नहीं करेगी। सेना ने कहा कि आयंगिन शोल फिलीपीन के विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर आता है।

# परमाणु बमों की संख्या में भारत ने आखिरकार पाकिस्तान को पछाड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान में परमाणु बम की होड़ में आखिरकार भारत ने पाकिस्तान को पीछे कर दिया है। भारत के परमाणु बमों की संख्या अब हमारे दुश्मन पाकिस्तान से ज्यादा हो गई है।

दुनियाभर के परमाणु बम पर नजर रखने वाली चर्चित संस्था सिप्री ने अपने ताजा आंकड़ों में खुलासा किया है कि भारत के पास अब 172 परमाणु बम बना लिया है, वहीं पाकिस्तान के पास अभी 170 परमाणु बम है। भारत ने पिछले एक साल में 8 नए परमाणु बम बनाए हैं। वहीं पाकिस्तान ने गत एक साल में कोई नया परमाणु बम नहीं बनाया है। सिप्री ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सभी 9 परमाणु बम से लैस देशों ने अपने हथियारों का तेजी से आधुनिकीकरण किया है। यही नहीं इन देशों ने नए परमाणु हथियारों की तैनाती भी की है। वहीं भारत के सबसे बड़े दुश्मन चीन की बात करें तो उसके परमाणु बमों की संख्या एक साल में 410 से बढ़कर 500 तक पहुंच गई है।

सिप्री ने ताजा रिपोर्ट में बताया कि अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, नार्थ कोरिया और इसरायल ने साल 2023 में परमाणु हथियारों का जमकर आधुनिकीकरण किया है। साल 2024 में कुल परमाणु बमों की संख्या अब 12,121 तक पहुंच गई है। इनमें से 9,585 परमाणु बम सैन्य जखीरे में रखे गए हैं ताकि उनका जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल किया जा सके। उसने बताया कि 3,904 परमाणु बम मिसाइलों और लड़ाकू विमानों में रखे गए हैं जो साल 2023 की तुलना में 60 ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2,100 परमाणु बम को मिसाइलों के अंदर बहुत ही ज्यादा अलर्ट पर रखा गया है।

## एयर इंडिया की लापरवाही, खाने में मिला ब्लेड

नई दिल्ली। एयर इंडिया की बेंगलूरु से सेन फ्रांसिस्को जाने वाली एक उड़ान में लापरवाही का मामला सामने आया है। उड़ान में यात्रा कर रहे एक यात्री के खाने में ब्लेड मिला है। एयरलान ने अपनी गलती मानी है।

एयरलाइन के मुख्य ग्राहक अनुभव अधिकारी (चीफ कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिसर) राजेश डोगरा ने बताया कि एयर इंडिया ने पुष्टि की है कि हमारी एक उड़ान में सवार एक मेहमान के खाने में कोई बाहरी वस्तु पाई गई। जांच के बाद पता चला है कि यह हमारे कैटरिंग पार्टनर की सुविधाओं में इस्तेमाल होने वाली वेजिटेबल प्रोसेसिंग मशीन से आई है।

# दिल्ली को पछाड़कर सबसे महंगा शहर बना मुंबई

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली को पीछे छोड़कर मुंबई सबसे महंगा शहर बन गया है। एशिया में मुंबई पहले और दूसरे नंबर पर दिल्ली शहर है। यहां खर्चे और रहने की लागत, दोनों ही मामले में यह सबसे महंगा शहर है। रैंकिंग में मुंबई छह पायदान ऊपर चढ़ गया है, जबकि दिल्ली दो पायदान ऊपर आई है। कॉस्ट ऑफ लिविंग की मर्सर सर्वे 2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई अब प्रवासियों के लिए एशिया में 21वें स्थान पर है, जबकि दिल्ली सर्वे किए गए स्थानों में 30वें पोजीशन पर है। मर्सर में इंडिया मोबिलिटी लीडर राहुल शर्मा ने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत काफी हद तक मजबूत स्थिति में है। भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण विकास हुआ है। सर्वे के अनुसार, रोजगार वृद्धि, मध्यम वर्ग का बढ़ता दायरा और समग्र आर्थिक विकास जैसे कारकों ने देश में रहने की लागत को प्रभावित किया है। मुंबई की रैंकिंग में वृद्धि के बावजूद, भारतीय शहरों में रहने की कम लागत ने मल्टीनेशनल कंपनियों या भारतीय कंपनियों को वैश्विक प्रतिभाओं को आकर्षित करने में काफी हद तक फायदा हुआ है।



वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत की स्थिति मजबूत

### दुनिया के सबसे महंगे शहर की लिस्ट में हांगकांग टॉप पर

वैश्विक स्तर पर हांगकांग ने एक बार फिर रहने के लिए सबसे महंगे शहर की लिस्ट में टॉप पर जगह बनाई है। इस साल के सर्वे में मुंबई 11 पायदान चढ़कर वैश्विक स्तर पर 136वें स्थान पर पहुंच गया है। रैंकिंग में शामिल अन्य भारतीय शहरों में 4 पायदान की उछाल पर नई दिल्ली (164), 5 पायदान की गिरावट के साथ चेन्नई (189), 6 पायदान की गिरावट के साथ बेंगलुरु (195), स्थिरता पर हैदराबाद (202), 8 पायदान की उछाल के साथ पुणे (205) और 4 पायदान की उछाल के साथ कोलकाता (207) है।

**ऊर्जा और लागत के मामले में मुंबई और पुणे सबसे महंगे शहर :** सर्वे के अनुसार, ऊर्जा और लागत के मामले में मुंबई और पुणे सबसे महंगे शहर बने हुए हैं। घरेलू मांग और मजबूत सेवा क्षेत्र की ओर से संचालित हमारी संपन्न अर्थव्यवस्था वैश्विक प्रतिभा के लिए एक स्थिर वातावरण प्रदान करती है।

## भाजपा ने 4 राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी किए नियुक्त
# शिवराज को झारखंड और भूपेंद्र यादव को महाराष्ट्र का जिम्मा

एजेंसी, नई दिल्ली

भाजपा ने चार राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। महाराष्ट्र में भूपेंद्र यादव को चुनाव प्रभारी और अश्विनी वैष्णव को चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया है। हरियाणा में धर्मेंद्र प्रधान को प्रदेश चुनाव प्रभारी और बिप्लब देब को प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाया गया है। झारखंड का जिम्मा शिवराज सिंह को दिया गया है। यहां हिमंत बिस्वा सरमा को सह प्रभारी बनाया गया है। वहीं, जम्मू कश्मीर की जिम्मेदारी जी किशन रेड्डी को दी गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने संगठनात्मक नियुक्ति संबंधी सूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड एवं जम्मू-कश्मीर के आगामी विधानसभा चुनाव लिए प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं सहप्रभारियों की नियुक्ति की है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

# काउंटिंग सेंटर के स्टाफ और चुनाव अधिकारी के फोन की जांच हो : संजय

एजेंसी, नई दिल्ली

महाराष्ट्र में ईवीएम पर छिड़ी बहस का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में अब शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद संजय राउत ने एनडीए और महाराष्ट्र सरकार को निशाने पर लिया है। आरोप है कि इस सीट से एनडीए प्रत्याशी रवींद्र वायकर के रिश्तेदार का मोबादल ईवीएम से जुड़ा हुआ था। इस सीट पर वायकर महज 48 वोटों से जीते हैं।

संजय राऊत ने एलन मस्क के बयान का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव आयोग के इतिहास की जांच होनी चाहिए। मतगणना वाले दिन काउंटिंग सेंटर पर मौजूद सभी स्टाफ और चुनाव अधिकारी वंदना सूर्यवंशी के फोन की भी जांच होनी चाहिए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कौन शिंदे? वह बताएं कि चुनाव जीतने के लिए कितने पैसे बांटे गए हैं। रविंद्र वायकर हारा हुआ आदमी है, उन्हें जबरदस्ती चुनाव जिताया गया है।

**रिपोर्ट** बैंकों की क्रेडिट ग्रोथ में आया उछाल, कॉर्पोरेट लोन की क्वॉलिटी में भी सुधार

# भारतीय बैंकों का 10 साल में चार गुना बढ़ा मुनाफा

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय बैंकों के लिए पिछला एक दशक काफी शानदार रहा। इस दौरान उनका मुनाफा चार गुना बढ़ा। साथ ही बैड लोन में बड़ी गिरावट आई है, जो उनकी हमेशा से बड़ी सिरदर्दी रही थी।

कैपिटल मार्केट और इन्वेस्टमेंट ग्रुप सीएलएसए की रिपोर्ट के मतुताबिक, भारतीय बैंकों की बैलेंस शीट पिछले करीब 10 साल में सबसे मजबूत है। उनके मुनाफे में भी तेज उछाल आया है। नेट नॉन-परफॉर्मिंग लोन (नेट एनपीएल) पहले भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के लिए अभिशाप था, लेकिन अब बेहतर एसेट क्वॉलिटी, मजबूत प्रोविजिनिंग बफर और बेहतर पूंजी स्थिति के कारण यह एक दशक के निचले स्तर पर आ गया है। बैंकों की क्रेडिट ग्रोथ में उछाल आया है और कॉर्पोरेट लोन की क्वॉलिटी क्वॉलिटी में भी सुधार हुआ है।

पहले बैड लोन में गिरावट बनी रहती थी सिरदर्द



### गैर जमा उधारी में भी कमी

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि कि पिछले दशक में निजी क्षेत्र के बैंकों ने चालू खाता (सीए) जमा में पीएसयू बैंकों को पीछे छोड़ दिया है। साथ ही गैर-जमा उधारी में भी कमी की है। पिछले दो साल में इस क्षेत्र में लोन ग्रोथ दशकीय औसत 10 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है। पिछले 5-7 वर्षों में कॉर्पोरेट लोन की क्वालिटी में भी सुधार हुआ है। बैंकों को एक क्षेत्र पर ध्यान देने की जरूरत भी बताई गई है। इसमें कहा गया है कि क्रेडिट ग्रोथ फिलहाल डिपॉजिट ग्रोथ से अधिक हो गई है। यह पिछले दो साल में औसतन 10 प्रतिशत से बढ़कर 15 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसका मतलब है कि लोग बैंक में पैसे कम जमा कर रहे हैं, कर्ज अधिक से ले रहे हैं। कुछ दिनों पहले अमेरिका की प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसी एस-पी ग्लोबल रैटिंग ने भी कहा था कि बैंकों को मजबूरन अपनी लोन ग्रोथ कम करनी पड़ सकती है, क्योंकि बैंक डिपॉजिट उस रफ्तार से नहीं बढ़ रहा। मतलब कि लोग बैंकों में ज्यादा पैसे नहीं जमा कर रहे हैं, क्योंकि उनके पास अच्छे रिटर्न के साथ निवेश के कई विकल्प हो गए हैं।

# नौसेना के बेड़े में आधुनिक तकनीक वाली छह पनडुब्बियां होंगी शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय नौसेना स्पेन में 'प्रोजक्ट 75 भारत (पी75आई)' के तहत अत्याधुनिक उपकरणों का परीक्षण करने जा रही है। स्पेन की एक जहाज निर्माता (शिपयार्ड) कंपनी नवंतिया के अनुसार इस परीक्षण के बाद भारतीय नौसेना छह आधुनिक पनडुब्बियों को अपने बेड़े में शामिल करेगी।

नवंतिया के चेयरमैन रिकार्डो डोमिंगुज गार्सिया बाकुएरो का कहना है कि स्पेन की सरकार और नौसेना पी75आई को लेकर काफी उत्साहित है और हर तरह से इस प्रोजक्ट में भारत की मदद करना चाहती है। इस योजना के तहत भारत सरकार के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। नवंतिया के प्रमुख ने कहा कि जून के आखिरी सप्ताह से भारतीय नौसेना कार्टाजेना के पोत कारखाने में वायु स्वतंत्र प्रणोदन परीक्षण की शुरुआत करेगी।

इस परीक्षण में उनका साथ लार्सन एंड टर्बो (एल एंड टी) कंपनी देगी। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना को विश्व स्तर की एआईपी तकनीक की जानकारी दी जाएगी।